

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 288, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 40.0° अधिकतम तापमान | 25.5° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :57

अयोध्या, रविवार, 1 जून 2025


कोलंबिया ने बयान लिया वापस, भारतीय नीति का किया समर्थन...14

## राजीव कृष्ण बनाए गए उप्र के कार्यवाहक डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियुक्ति का आदेश जारी, प्रशांत कुमार को नहीं मिला सेवा विस्तार



**अमृत विचार :** 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया गया है। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया गया। कार्यवाहक डीजीपी रहे प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल पाया।

राजीव कृष्ण वर्तमान में डीजी विजिलेंस के साथ यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष हैं। वह 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को 'सुपरसीड' कर डीजीपी बनाए गए हैं। मूल रूप से गौतमबुद्धनगर के निवासी राजीव इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्हें दो बार राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवार्ड भी मिल चुका है। अपने तीन दशक से अधिक लंबे करियर में कई अलग-अलग भूमिकाओं में कार्य किया है।

## देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य

### सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग भवन का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सीजेआई) भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 680 करोड़ से वकीलों के लिए बने चैंबर्स और मल्टीलेवल वाहन पार्किंग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, यूपी के एडवोकेट जनरल अजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।



सीजेआई को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी।

### वादकारी का भी बड़ा महत्व: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द धनराशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ से देश-विदेश के 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अभिभूत होकर गए। इसमें बड़ी भूमिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की भी थी।

### पॉवरफुल सीएम हैं योगी : गवई

सीजेआई ने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं ही।

## एक नजर

### प्रख्यात वन्यजीव संरक्षक वाल्मीक थापर का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों और लेखकों में से एक वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज का रणथंभौर खास तौर पर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून का प्रमाण है।

### आय से अधिक संपत्ति में अभियंता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ अभियंता को उनकी सेवानिवृति के दिन आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राज्य सतर्कता विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभियंता से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 2.56 करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने और कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिलने के एक दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सारंगी शनिवार को 34 वर्षों की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

## आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

### प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को फिर चेताया, अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में मोदी ने सिंदूर को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। कहा कि आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, यही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।




कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराते प्रधान मंत्री मोदी, मप्र के सीएम मोहन यादव।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

### पहलगाम में हमारी संस्कृति पर हुआ था प्रहार

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है। सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, ये चुनौती ही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

## खाई में पलटी कार, दूल्हे के दो चचेरे भाई समेत छह की मौत

### बरात में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहे थे सभी

- मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर हुए हादसे के शिकार

संवाददाता, हरदोई/शाहाबाद/पाली



आकाश



उदयवीर



जितेंद्र



जौहरी



रामू राठौर



सिद्धार्थ

**अमृत विचार :** जिले में एक सड़क हादसे में दूल्हे के दो चचेरे भाइयों और बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच बरातियों को लखनऊ के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसा मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर होना बताया गया है। सूचना पर डीएम अनुनय झा, एसपी नीरज कुमार जादौन आदि मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

पाली थाने के मोहल्ला पटियानीम निवासी नीरज पुत्र रामसेवक की बरात शुक्रवार को मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी। वहां द्वारचार के बाद खाना-पीना हुआ। उसके बाद दूल्हे के दो चचेरे भाई जितेंद्र (25) पुत्र रघुवीर, आकाश (22), जितेंद्र का पांच वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ, पाली थाने के किलकिली मजरा बेझा निवासी बहनोई जौहरी (35) पुत्र रामलाल, पटियानीम निवासी रिश्तेदार उदयवीर (20) पुत्र अमरीश के अलावा अमन पुत्र रामशंकर, प्रवीण पुत्र रामशरण, प्रवीण का भाई नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत पुत्र रामप्रकाश और नरेंद्र पुत्र आशाराम वापस गांव जाने को तैयार हुए। बरात के साथ गई आर्टिगा कार से ड्राइवर 30 वर्षीय रामू राठौर उर्फ अरुण कुमार पुत्र विश्राम सिंह निवासी भगवंतपुर पाली के साथ देर रात लौट रहे थे। शनिवार की भोर करीब चार बजे तेज रफ्तार कार मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर बेकाबू होकर खाईं में पलट गई। जिसमें ड्राइवर राजू उर्फ अरुण के साथ जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ व जौहरी की मौके पर मौत हो गई। जबकि उदयवीर, अमन, प्रवीण, नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत और नरेंद्र घायल हो गए, सभी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, वहां से उन्हें लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उदयवीर ने भी दम तोड़ दिया।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, दिए सहायता के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के लिए शोक संवेदनाएं प्रेषित कीं। साथ ही जिले के अधिकारियों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए। घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## बारिश-भूस्खलन से पूर्वोत्तर में तबाही, 19 लोगों की मौत



असम के गुवाहाटी में एक स्कूल की चारदीवारी ढह जाने के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त कार।

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाढ़ आने और घर गिरने से पांच राज्यों में हजारों परिवार प्रभावित

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि निचला सुबनसिरी जिले में एक अन्य घटना में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रूव क्षेत्र के निकट एक खेत में भूस्खलन होने से दो मजदूरों की मौत हो गई ऊपरी सुबनसिरी में सिगिन नदी के उफान पर आने से जिला मुख्यालय दापोरिजो में अचानक आई बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है।

वहीं, असम में पिछले 24 घंटों में हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण छह जिलों में बाढ़ आ गई है जिससे 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मकान ढहने से म्यांमा के तीन शरणार्थियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मानसून में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मणिपुर में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। त्रिपुरा में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति है।

## जम्मू-कश्मीर सहित छह सीमावर्ती राज्यों में किया गया मॉक ड्रिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- हवाई हमलों से बचाव का किया गया अभ्यास

केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में 'आपरेशन शील्ड' के तहत वायु हमलों से बचाव के लिए छद्म अभ्यास (मॉक ड्रिल) किए गए।

केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अलग अलग स्थानों में हुए इस अभ्यास में सिविल डिफेन्स और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने जनभागीदारी के साथ हवाई हमले से बचाव के प्रदर्शन किए। सूत्रों के मुताबिक जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में अमर सिंह निवास में आयोजित इस मॉक ड्रिल में विभिन्न सरकारी और सिविज एजेंसियों ने भाग लिया। जम्मू में भी जिला प्रशासन ने आपातकालीन तैयारियों और सुरक्षा प्रशिक्षण के तहत इस ड्रिल का आयोजन किया गया। उधर राजस्थान में जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें बंद कर नागरिकों ने इस प्रयास में विशेष सहयोग दिया। हरियाणा में राज्यभर के 22 जिलों में आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में हवाई हमलों के दौरान आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस बीच चंडीगढ़ प्रशासन ने आपरेशन शील्ड के तहत यह ड्रिल किशनगढ़ और आईटी पार्क में आयोजित की। ड्रिल में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों, होम गार्डस, स्थानीय अधिकारियों और एनसीसी एवं एनएसएस जैसे युवा संगठनों और कई गैर सरकारी संगठनो मे भी भाग लिया। उधर गुजरात के जूनागढ़ शहर और केशोद क्षेत्र में भी आपरेशन ब्लैकआउट के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## कर्नाटक में तंबाकू खरीदने की उम्र बढ़ाकर 21 वर्ष की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने एक कानून अधिसूचित किया है, जिसके तहत हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया गया है और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष की गई है। उल्लंघन के लिए जुर्माने में बढ़ोतरी की गई है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विधेयक, 2024 को 23 मई को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद 30 मई को अधिसूचना जारी की गई। तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

## हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

मऊ, एजेंसी



- सुभासपा विधायक की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आई

मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण (हेट स्पीच) के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अंसारी की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आ गई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह ने बताया कि इस मामले में अंसारी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## छह लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाकिस्तान का दावा गलत

### सीडीएस ने विमानों के क्षति की बात स्वीकार की, कहा-विमान का गिरना अहम नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे

सिंगापुर/नई दिल्ली, एजेंसी

- सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी सरासर गलत बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। भारत ने कहा कि इन सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर हुआ। सीडीएस की यह टिप्पणी पड़ोसी देश के साथ चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे। जनरल चौहान से पूछा गया कि क्या इस महीने पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के दौरान भारत ने लड़ाकू विमान गंवाए थे। सिंगापुर के दौरे पर गए सीडीएस ने कहा कि अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी का लक्ष्य करके उड़ाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान छह भारतीय विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती ने स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं।

### नुकसान का सच बताए सरकार : कांग्रेस

जनरल चौहान की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने सरकार से कहा कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। कांग्रेस नेता उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि विशेष रूप से सीडीएस की स्वीकृति के मद्देनजर देश यह जानना चाहता है कि क्या सैन्य टकराव के दौरान कोई विमान गिराया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 1999 में तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रमण्यम, जिनके पुत्र अब हमारे विदेश मंत्री हैं, की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति का गठन किया था। रमेश ने 'एक्स' पर कहा कि क्या सीडीएस के खुलासे के बाद सरकार भी वैसा ही कदम उठाएगी?

## सार-संक्षेप



कमला नेहरू भवन में अहिल्या बाई होलेकर की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेसी।

### अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति का किया उत्थान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर शनिवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर को एक ऐसी वीरांगना बताया जिन्होंने भारतीय संस्कृति और मातृभूमि के संरक्षण के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम, कांग्रेस नेता उमेश उपाध्याय व बृजेश रावत ने कहा स्त्रियां पुरुषों से कमजोर नहीं होती। उनमें शक्ति का उपयोग करने का तरीका अलग होता है। गोष्ठी का शुभारंभ पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, अशोक कनौजिया, हरजीत सलूजा, भीम शुक्ला, छविराम आदि थे।

### विवि शिक्षक संघ ने उठाई मूल्यांकन केंद्रों पर सुविधा की मांग

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ ने शुरू होने जा रहे मूल्यांकन को लेकर सभी केंद्रों पर सुविधाओं की मांग उठाई है। अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी और महामंत्री प्रो. अमूल्य कुमार सिंह द्वारा परीक्षा नियंत्रक को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि महिला एवं पुरूष शौचालय की सफाई और दरवाजों की उचित व्यवस्था, वाटर कूलर की स्थापना एवं पानी की प्रतिपूर्ति की उचित व्यवस्था, एसी की सर्विसिंग एवं खराब होने की स्थिति में नई एसी की व्यवस्था और पूर्व में हुए मूल्यांकन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

### शीतला पाठक बने जिला कांग्रेस के प्रवक्ता



**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने वरिष्ठ नेता शीतला पाठक को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर पीसीसी राजेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, उग्रसेन मिश्रा, राजकुमार पांडे, बृजेश रावत आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### इनर व्हील क्लब ने बंदियों के लिए दिए 12 इंडोर गेम

**अयोध्या, अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब अयोध्या ने शनिवार को जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के लिए 12 इंडोर गेम दिये। क्लब की अध्यक्ष स्वाति टंडन ने बताया कि यह दान बंदियों के लिए मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ाने और उनके सकारात्मक व्यक्तित्व विकास में योगदान देने के उद्देश्य से किया गया है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र ने इनर व्हील क्लब के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह दान बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष बीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष निशा गोयल, अनीता सर्राफ, नीता आचार्य, अनुराग टंडन समेत कारापाल जितेन्द्र कुमार यादव, उप कारापाल वंदना त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे।

### रेल कर्मी सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई

**बड़ागांव, अमृत विचार :** अयोध्या-लखनऊ रेल प्रखंड के बड़ागांव रेलवे स्टेशन के गेटमैन मनि शंकर द्विवेदी शनिवार को सेवानिवृत हो गए। वह पहले भारतीय सेना में अपनी ड्यूटी दे चुके हैं। स्टेशन अधीक्षक देवदत्त ने बताया उनके सिद्धांत, ड्यूटी के प्रति निष्ठा व मधुर स्वभाव से पूरा रेलवे स्टॉफ प्रभावित था जो ड्यूटी के प्रति बड़े कर्मठ व निष्ठावान थे। उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकता। कायर्क्रम में स्टेशन मास्टर उमेश, रमाकांत तिवारी, ठेकेदार कमलेश सिंह, पूर्व प्रधान राजेंद्र गोस्वामी, शिक्षक जमाल अहमद, छोटेलाल वर्मा आदि थे।

### यूपी नेडा के पीडी व एडी हेल्थ सेवानिवृत्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूपी नेडा विभाग के परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय और एडी हेल्थ डा. एपी भार्गव सेवानिवृत हो गए। परियोजना अधिकारी के अयोध्या में दो वर्ष के कार्यकाल को सराहते हुए विकास भवन में साथियों ने फेयरवेल दी। इस दौरान प्रभारी सीडीओ/ जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव पांडेय ने कहा कि प्रवीण नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में अयोध्या ने स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में एक मॉडल शहर के रूप में उभरना शुरू कर दिया है। प्रवीण पांडेय ने कहा की अयोध्या का कार्यकाल बहुत ही संतोषजनक रहा। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और सौर ऊर्जा परियोजनाओं जैसे बड़े प्रोजेक्ट पर काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। उनके नेतृत्व में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में सोलर लाइट व 40 मेगावाट सोलर प्लांट जैसी उपलब्धि अयोध्या को मिली है। कार्यक्रम में पीडी डीआरडीए गिरीश पाठक, डीपीआरओ अविनाश कुमार, सीवीओ इंद्रदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वर्तमान युग की मांग : प्रो. चयन



दीक्षा भवन में आयोजित कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि प्रो. चयन कुमार व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में संचालित बीएससी पाठ्यक्रम के भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. चयन कुमार मिश्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय विज्ञान एवं तकनीक का है। दुनिया भर में रोज नए प्रयोग हो रहे हैं। धरती से लेकर अंतरिक्ष तक पूरा क्षेत्र वैज्ञानिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण वर्तमान युग की मांग है। फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक एक-दूसरे के पूरक हैं। डॉ. अश्वनी कुमार भौतिक विभाग ने छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक विषयों से जुड़े आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में हो रहे परिवर्तनों छात्रों को बताया। डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव ने बदलाव के लिए स्वयं को तैयार रहने को कहा। तकनीकि प्रशिक्षक दीपक कुमार एवं शिवम सिंह ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं सीएफएल बल्ब को कम लागत पर रिपेयरिंग करने की तकनीक एवं सावधानियों के प्रति छात्र-छात्राओं को सचेत किया। संचालन डॉ. अश्वनी कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमिता सिंह ने किया।

# प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराने पहुंचे मुख्य विद्वान व वैदिक आचार्य

## आज बैठक के बाद अनुष्ठान से जुड़ी सामग्रियों को लाने का क्रम हो जाएगा शुरू ▶ कल से कलश यात्रा के साथ शुरू होगा अनुष्ठान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** राम मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को संपन्न कराने के लिए अनुष्ठान के मुख्य आचार्य व कर्मकांडी पंडित दीनदयाल नगर के विद्वान जयप्रकाश अपने शिष्यों के साथ देर शाम अयोध्या पहुंच गए। इसके अलावा प्रयागराज, काशी से भी लगभग दो दर्जन वैदिक आचार्य पहुंच रहे हैं। कुल 101 आचार्य ही प्रतिष्ठा को सम्पन्न कराएंगे।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार और 800 मीटर की परिधि में बने परकोटे के 6 मंदिरों में देवी देवताओं की प्रतिमा को स्थापित कर दिया गया है। दो जून से कलश यात्रा के साथ अनुष्ठान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### 2 जून को स्थापित होगा नर्मदा से आया शिवलिंग

परकोटे के उत्तर और पूर्वी दिशा के बीच स्थित ईशान कोण पर स्थापित शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना के लिए दो जून के मुहूर्त को तय किया गया है। इस दौरान मूर्ति को स्थापित करने के बाद विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान भी प्रारंभ हो जाएंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के आचार्य इंद्रदेव बताते है कि शिवलिंग की स्थापना के बाद सरयू जल से अभिषेक किया जाएगा।



तीन जून को सभी आचार्य एक साथ संकल्प कर अनुष्ठान को प्रारंभ करेंगे। 4 जून को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनेक प्रकार का संस्कार किया जाएगा। वैदिक संस्कार होने के बाद उसमें देवताओं के विभिन्न प्रकार की शक्तियों का आह्वान किया जाएगा। 5 जून को 11:20 से अनुष्ठान की पूर्ण आहुति दी जाएगी। दोपहर एक बजे सभी मंदिरों में प्रतिष्ठित देवताओं को भोग लगाया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक रविवार को वैदिक आचार्य की बैठक ट्रस्टों के साथ संपन्न कराए जाने के बाद अनुष्ठान में प्रयोग होने वाले सभी सामग्रियों को लाने का क्रम भी पूरा किया जाएगा।

## सवा सौ क्विंटल फूलों से सजा दशरथ महल

दशरथ महल में भव्य झांकी का आयोजन।



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राचीन पीठ चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के महल में विराजमान श्री राम परिवार के गर्भगृह में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। इसमें लगभग विभिन्न प्रकार के फूलों का उपयोग किया गया है। बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर इस मनोहर झांकी का अलौकिक दर्शन प्राप्त किया। अयोध्या का सबसे प्राचीन मंदिर दशरथ महल को माना गया है, जहां पर महाराजा दशरथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न अपनी अर्द्धांगनियों के साथ विराजमान हैं। दशरथ महल के उत्तराधिकारी जगतगुरु रामभूषण दास कृपालु ने बताया कि लगभग सवा सौ क्विंटल फूलों से मंदिर परिसर को सजाया गया। इसके लिए कोलकाता, बेंगलुरु, कानपुर, लखनऊ, दिल्ली सहित कई स्थानों से तरह-तरह के फूल लाये गए। शाम को भगवान की भव्य झांकी के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं, झांकी उत्सव में मुख्य रूप से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, संकट मोचन सेवा के अध्यक्ष संजय दास, हनुमान गढ़ी के महंत माधव दास, महंत जन्मेजय शरण, विराट राघव मंदिर के महंत नरसिंह दास, बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास, महंत शशिकांत दास, महंत मनीष दास, कुलदीप दास, महंत सूर्यनारायण दास समेत सभी संत महंत शामिल रहे।

# ठेकेदार ने खोद डाला अमृत सरोवर

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत ददेरा में एक दबंग ठेकेदार ने अमृत सरोवर ही खोद डाला। बांध को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले का खुलासा शनिवार को तब हुआ जब आवंटी द्वारा आरजीएएस पोर्टल पर की गई शिकायत सामने आई। अब ब्लॉक प्रशासन में इसे लेकर खलबली मची हुई है।

ब्लॉक की ददेरा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर अभियान के तहत 2022 में इंद्र कुमार प्रियदर्शी को आवंटित तालाब का अमृत सरोवर के रूप में चयन किया गया था। अभियान के दौरान 21 मई को तत्कालीन सांसद लल्लू सिंह ने इसका शिलान्यास किया था। सुंदरीकरण के लिए चारों ओर बांध बना कर पौधरोपण समेत अन्य कार्य किए गए थे। तब से यह तालाब अमृत सरोवर के रूप में चला आ रहा था। इसी बीच एक दबंग ठेकेदार ने यहां नियम विरुद्ध खोदाई शुरू करा दी। गहराई तक मिट्टी खोदे जाने के कारण आवंटी इंद्र कुमार प्रियदर्शी द्वारा तालाब में पाले गए 10 हजार की मछलियों के बच्चे मर गए। आरोप है कि विरोध करने पर जातिसूचक गालियां और मारने पीटने की धमकी दी गई।



खोदा गया अमृत सरोवर और क्षतिग्रस्त बंधा। अमृत विचार

> यह तालाब अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया गया था। यहां चौड़ीकरण और अन्य कार्य कराए गए थे। शिकायत संज्ञान में आई है, संबधित ठेकेदार से पूछताछ व उचित कार्रवाई की जाएगी। ब्लॉक के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। – **रजत द्विवेदी, ग्राम पंचायत अधिकारी ददेरा, पूराबाजार ब्लॉक।**

- **चारों ओर बना बांध भी किया क्षतिग्रस्त, पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया था शिलान्यास**
- **तालाब आवंटी की शिकायत के बाद हुआ खुलासा**

### जिले में रोपे जाएंगे 40 लाख पौधे, तैयारी शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में इस बारिश लगभग 40 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य है। विभागवार पौधरोपण का लक्ष्य तय कर दिया गया। तैयारी किए जाने का निर्देश दे दिया। रोपाई के लिए गड्ढे की खोदाई का काम शुरू हो गया है। पौधरोपण जुलाई में होने की संभावना है। सभी 11 विकासखंडों के साथ शहरी क्षेत्र में पौधरोपण के लिए ज्यादातर विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य तय कर दिया गया है। मनरेगा के तहत लगभग 13 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। वन विभाग के एसडीओ केएन सुधीर ने बताया कि जिले में लगभग 40 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है। विभागवार लक्ष्य तय कर दिए गए हैं। स्थल चिह्नित कर लिए गए। व उपायुक्त मनरेगा सविता सिंह ने बताया की पौधरोपण को लेकर काम शुरू करवा दिया गया। 20 जून तक यह काम पूरा हो जाएगा। पौधरोपण अभियान की तिथि घोषित होने के बाद रोपण शुरू कर दिया जाएगा।

### युवती के साथ जबरदस्ती संबंध बनाने का प्रयास करने पर केस

**रुदौली, अयोध्या।** युवती से पांच वर्षों तक प्रेम संबंध रखने वाले युवक द्वारा दुबई से वापस आकर जबरदस्ती संबंध बनने का प्रयास करने पर कोतवाल रुदौली में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली रुदौली क्षेत्र के एक गांव की युवती का पांच साल से कोतवाली रुदौली के ग्राम जलालपुर निवासी महादीप कुमार से मोबाइल से संपर्क रहा। इस बीच महादीप ने विवाह कर लिया और सऊदी चला गया। सऊदी से वापस आने के बाद पुन: बात करने का दबाव बनाने लगा। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। 27 मई की शाम खेत में काम करने गई युवती को बात न करने के लिए मारा पीटा, जान से मारने और वीडियो, फोटो वायरल करने की धमकी दी। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153

Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in

For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India

For more details and application form & application fee, visit univeristy website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)


### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी के साथ दो युवकों से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश मे आया है। मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध केस दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती शाम उनकी पुत्री शौच के लिए गई थी। इसी दौरान दो युवक उसे पड़ोस के एक घर में घसीट ले गये। नशीला पदार्थ खिला कर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता ने घर पहुंच अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि इस मामले में आरोपित दोनों को बनमऊ के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। दोनों इनायतनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले है। एक आरोपी बाल अपचारी है। जिसे बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।दूसरे आरोपी को अदालत में पेश किया गया है।



### एडीए 15 करोड़ की लागत से बनवा रहा 35 सार्वजनिक शौचालय

**अयोध्या, अमृत विचारः** अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी (एडीए) नगर निगम क्षेत्र में तकरीबन 15 करोड़ रुपये की लागत से 35 सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करवा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि आम जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना भी है। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में यह पहल रामनगरी को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। एडीए के अधिकारियों के अनुसार इन 35 शौचालयों के निर्माण के लिए 13 स्थानों पर काम तेजी से शुरू हो चुका है। ये शौचालय नगर निगम क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के आसपास और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बनाए जा रहे हैं, जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। एडीए के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया की संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जल्द ही एनओसी प्राप्त कर ली जाएगी, जिसके बाद इन स्थानों पर भी निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

### महिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम, बांटे बच्चियों के सामान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला महिला चिकित्सालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत नवजात बच्चियों से केक कटवा कर की गई। मौजूद 24 नवजात बच्चियों को बेबी किट, फीडिंग बोतल, डायपर आदि सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को बचाने जैसे कन्या भ्रूण हत्या, उनके साथ पक्षपात व्यवहार खत्म करने और उन्हें शिक्षित करने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव पाण्डेय, जिला प्रोबशन अधिकारी अश्वनी कुमार, जिला चिकित्सालय के सीएमएस डा. विभा, डॉक्टर आशा राम, महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ़ वुमन से वंदना तिवारी, वन स्टॉप सेंटर की प्रभा मणि पाल, प्रतिभा पाण्डेय, इंदु गौड़, विपिन कुमार सहित अन्य लोग मोजूद रहे।


**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ — सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**

एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**

डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**

एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**

डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**

डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्रीयोलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**

बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**

बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**

बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# तंबाकू सेवन से होते हैं 40 तरह के कैंसर: डॉ. संदीप



कार्यक्रम की शुरुआत करते नोडल अधिकारी डॉ.संदीप कुमार शुक्ल।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** तम्बाकू पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य लिए बेहद हानिकारक होता है। तम्बाकू सेवन से 40 तरह के कैंसर और 25 अन्य गंभीर बीमारियां होती हैं। ये बातें शनिवार को जिले के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने कहीं। वह विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर झुनझुनवाला महाविद्यालय में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को बतौर अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम, गोष्ठी, तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ ली। एलोलाइन कैम्पेन और हस्ताक्षर अभियान का सफल कार्यक्रम किया गया।

डॉ. संदीप ने कहा कि 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाने का मुख्य उद्देश लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए याद दिलाने और जो लोग इसकी लत में है। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्ष गिरिजेश त्रिपाठी ने कहा कि तम्बाकू, बीड़ी और सिगरेट के सेवन में टीबी, कैंसर सहित तमाम बीमारियों शरीर को जकड़ लेती हैं। कार्यक्रम में राम अनुज सिंह, नेहा सिंह आदि अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण और यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय।

- **एसएसपी ने यातायात अधिकारियों के साथ की बैठक, सीओ यातायात को सौंपी गई जिम्मेदारी**

**अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने वालों व यातायात नियमों को पालन न करने वालों के विरूद्ध यातायात पुलिस अभियान चलाकर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी डॉ. ग्रौरव ग्रोवर ने इसकी जिम्मेदारी सीओ यातायात व निरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी है।

राम मंदिर में स्थापित राम दरबार समेत अन्य मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन जून से तीन दिवसीय उत्सव का प्रारंभ होगा। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस दौरान सुरक्षा व यातायात प्रबंधन को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। बीते दिनों एसएसपी व डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने देर रात अयोध्या क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा था। इसमें जगह जगह रेहड़ी-फड़ी व पटरी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया पाया गया। विशेषकर रामपथ, धर्मपथ पर, राम मंदिर के आसपास, श्रीराम अस्पताल से रेलवे स्टेशन रोड पर ज्यादा अतिक्रमण पाया गया। भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को आवागमन की असुविधा न हो, इसको लेकर शुक्रवार रात एसएसपी ने एसपी यातायात एपी सिंह, सीओ यातायात सुरेंद्र सिंह व अरविंद सोनकर व अयोध्या धाम व अयोध्या शहर के यातायात निरीक्षकों के साथ अपने आवासीय कार्यालय पर बैठक की। इसमें उन्होंने दोनों सीओ को जुड़वा शहरों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए यातायात पुलिस में तैनात उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व होमगार्ड-पीआरडी के जवानों को सभी स्थानों पर तैनात कर कार्रवाई करने के लिए कहा। एसएसपी ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा के साथ सुगम यातायात की व्यवस्था करना हमारी प्राथमिकता में है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

24 घंटे में बादल छाए रहने और हल्की वर्षा होने की संभावना है।

| 40.0° | 25.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## आज के कार्यक्रम

- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना प्रातः 10 :00 बजे से।
- सभी पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन प्रातः 10 :00 बजे से।
- सेना शिक्षा कोर के स्थापना दिवस पर अमर वाटिका रायबरेली रोड पर कार्यक्रम प्रातः 11 :00 बजे से।
- अहिल्याबाई होल्कर की त्रिजन्मशताब्दी पर पूराबाजार ब्लॉक मुख्यालय पर गोष्ठी अपराह्न 04 :00 बजे से।

### अनुपस्थित चल रहा आरक्षी बर्खास्त

**अयोध्या।** प्रशिक्षण के बाद से ही बिना बताए अनुपस्थित चल रहे आरक्षी धर्मेंद्र राम को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई विभागीय जांच व कार्रवाई के बाद की गई।

# सीज की गाड़ी तो पॉवर कॉर्पोरेशन ने काट दी आरटीओ दफ्तर की बिजली

## फिटनेस न होने पर सीज हुई गाड़ी, आरटीओ का 4,89,693 रुपये का बिजली बिल बकाया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बिना फिटनेस चल रही पॉवर कॉर्पोरेशन में अनुबंधित गाड़ी को सीज किया तो बदले में पॉवर कारपोरेशन ने आरटीओ कार्यालय की बिजली काट दी। जवाब में आरटीओ ने एक और गाड़ी सीज की। करीब सात घंटे के बाद सेंट्रलाइज्ड पेमेंट होने पर बिजली जोड़ी गई। संभागीय परिवहन कार्यालय को शुक्रवार को जनरेटर के सहारे काम निपटाना पड़ा। दोनों ही विभाग इसके पीछे एक-दूसरे की खामियां गिनाने में लगे हैं।

आंधी-बारिश के चलते डैमेज हुई लाइन की मरम्मत के लिए 29 मई को मिल्कीपुर उपखंड अधिकारी के अधीन एक अनुबंधित वाहन को लेकर चालक अयोध्या स्थित स्टोर से सामान लेने निकला था। जब वह अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर पहुंचा। वहां पर आरटीओ के कर्मचारियों ने वाहन को जांच के नाम पर रोक दिया। उससे गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट मांगा। कागजात न होने पर गाड़ी जब्त कर ली। चालक कई बार कहता रहा कि स्टोर का सामान लेकर आ जाएं, फिर एक्शन लीजिएगा। साथ ही अधिकारी से बात कराने की बात कही लेकिन आरटीओ कर्मी नहीं माने। जिसके बाद चालक गाड़ी छोड़कर वापस मिल्कीपुर आ गया।

दूसरे दिन 30 मई को पॉवर कॉर्पोरेशन ने आरटीओ कार्यालय का बिजली बिल निकाला, जिसमें 4,89,693 रुपये का बिल बकाया पाया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए दोपहर 12 बजे आरटीओ कार्यालय का कनेक्शन काट दिया। जिसके बाद मजबूरी में कार्यालय में जनरेटर से काम चलाया गया। वहीं, इसके जवाब में 30 मई को आरटीओ कर्मियों ने पॉवर कॉर्पोरेशन की एक और गाड़ी सीज कर दी। इसके बाद दोनों विभाग में मान-मनौव्वल का दौर शुरू हुआ। अंत में सेंट्रलाइज्ड पेमेंट के बाद शाम सात बजे आरटीओ कार्यालय की बिजली को जोड़ दिया गया।



सम्भागीय परिवहन कार्यालय।

### कार्य में आ रही बाधा : एसडीओ मिल्कीपुर

मिल्कीपुर उपखंड अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि विभाग का स्टोर जिला मुख्यालय पर है। लाइन ठीक करने के लिए सामान लाने के लिए चालक गाड़ी लेकर गया था। रास्ते में ही गाड़ी को सीज कर दिया गया। अभी तक सामान नहीं आ पाया है। विभाग की गाड़ी न होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में कई इलाकों की बिजली भी नहीं ठीक हो पा रही है।

> आरटीओ कार्यालय को करीब 4,89,693 रुपये का बिजली बिल बकाया था। कई बार नोटिस भेज कर बिल जमा करने को कहा गया था। शुक्रवार 12 बजे नियमानुसार कनेक्शन काटा गया। बाद में सेंट्रलाइज्ड पेमेंट होने पर शाम सात बजे कनेक्शन जोड़ दिया गया।
> **-राजेश प्रसाद, अवर अभियंता दुर्गापुरी विद्युत उपकेंद्र।**

### साल के अंत में सेंट्रलाइज्ड बिल होता है जमा : एआरटीओ

एआरटीओ डॉ. राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा सेंट्रलाइज्ड बिल जमा किया जाता है, जो साल के अंत में होता है। इसके बावजूद कार्यालय का कनेक्शन काट दिया गया। कार्य न बाधित हो, इसके जनरेटर चलाकर काम चलाया गया। कहा कि अप्रैल माह से ही अवैध तरीके से चल रहे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अब तक सैकड़ों वाहन सीज किए जा चुके हैं। मिल्कीपुर एसडीओ के अधीन अनुबंधित गाड़ी बोलेरो को जांच के दौरान बिना फिटनेस चलता हुआ पाया गया था, जिसे सीज कर दिया गया। 20 दिन पहले भी इस वाहन का चालान कर कागजात ठीक कराने को कहा गया था। सभी सरकारी व निजी विभागों से पत्राचार कर सरकारी व अनुबंधित वाहनों को नियमानुसार चलाने का अनुरोध किया गया है।

### धरने के दौरान कार्यवाहक अध्यक्ष बेहोश, भड़के कर्मचारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता कार्यालय पर विद्युत मजदूर पंचायत के बैनर तले 40 दिनों से चल रहे धरने के दौरान शनिवार को कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील मौर्या बेहोश हो गए। इससे धरने पर बैठे आउट सोर्सिंग कर्मचारी भड़क गए हैं। प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा ने बताया कि बेहोश कार्यवाहक अध्यक्ष को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। मौके पर अध्यक्ष जय गोविंद, सत्येंद्र पांडेय, प्रदीप यादव, विनय मौर्य, कुलदीप यादव, आफताब अहमद समेत बिजली कर्मी मौजूद रहे।



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरने के दौरान बेहोश कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील मौर्या।

## 25 परीक्षा केंद्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा आयोजित बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले के कुल 25 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इसमें कुल 11,699 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट आदि तैनात किए गए हैं। बीएड नोडल समन्वयक प्रो. फर्रूख जमाल ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



## उप लोकायुक्त की जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी गठित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** तारून ब्लॉक के कोरोराघवपुर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जांच के लिए जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जांच उपलोकायुक्त से दिए गए निर्देश के बाद नए सिरे से कराई जा रही है।

कोरोराघवपुर के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत गांव के रहने वाले संजय सिंह ने उपलोकायुक्त से की गई है। उन्होंने विभिन्न कार्यों में भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को उठाया है। शिकायत को संज्ञान में लेकर उपलोकायुक्त की सचिव डॉ. रीमा बंसल ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा। पत्र में मामले में जांच और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जून में मांगी गई है। सूत्रों के मुताबिक ग्राम पंचायत में जांच के लिए 15 बिदु है। इन पर रिपोर्ट भेजी जाएगी।

**▶▶ डीपीओ, बीएसए व अभियंता करेंगे कोरोराघवपुर के कार्यों की जांच**

जिलाधिकारी ने शिकायत के मद्देनजर नए सिरे से जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति में भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और आरईडी के सहायक अभियंता को रखा गया है। जल्द ही रिपोर्ट देने का निर्देश है। उपायुक्त मनरेगा सविता सिंह ने बताया कि कोरोराघवपुर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी मौके पर जाकर जांच करके रिपोर्ट देगी।

# अयोध्या आएंगे योगी, तैयारी शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम मंदिर परिसर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने अयोध्या आएंगे। समारोह पांच जून को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शनिवार को वरिष्ठ अफसरों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करके तैयारी की निर्देश दिया।

बताया गया है कि मुख्यमंत्री श्री रामजन्म भूमि परिसर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। राम की पैड़ी और मणीराम दास छावनी जाएंगे। सरयू आरती स्थल पर मां सरयू की आरती कर सकते है। प्रशासन ने मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के निरीक्षण में उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर व उपजिलाधिकारी सदर सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सरयू घाट पर निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

**▶▶ प्राण प्रतिष्ठा सहित अन्य कार्यक्रमों में भाग लेना प्रस्तावित**

# एडीए की टीम ने ध्वस्त करायी 40 बिस्वा भूमि पर अवैध प्लाटिंग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** अयोध्या विकास प्राधिकरण की टीम ने शनिवार को पलिया शाहबदी में 40 बिस्वा की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करा दिया। बताया कि बगैर ले आउट पास कराए प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया।



अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करतीं जेसीबी। अमृत विचार

प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई लगातार की जा रही है। सोहावल तहसील प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग में सरकारी जमीनों को शामिल किए जाने को लेकर कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण कराया। एडीए के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि अयोध्या विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्राधिकरण से बिना ले-आउट/मानचित्र स्वीकृत कराए किसी भी प्रकार का निर्माण/विकास न कराया जाए। प्राधिकरण से स्वीकृत ले-आउट के भूमि का ही क्रय-विक्रय किया जाए। प्राधिकरण से स्वीकृत ले-आउट की सूची अयोध्या विकास प्राधिकरण की वेब साइट पर उपलब्ध है।

# दो स्टाफ नर्स की सेवाएं बाधित वार्ड बॉय का बदला गया स्थान

## बुजुर्ग की मौत के मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित सीसीटीवी खंगाले

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बुजुर्ग की मौत के मामले में कॉलेज प्रशासन ने आउटसोर्स की दो स्टाफ नर्स की सेवाएं बाधित कर दी हैं। वार्ड बॉय का स्थान बदल दिया है। मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर तीन दिन में आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। कमेटी के सदस्यों ने वार्ड की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। उधर, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुजुर्ग का सुबह 11 वीडियोग्राफी के बीच चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया। शाम को यमथरा पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मेडिकल कॉलेज में भर्ती कोतवाली बीकापुर के रजौरा निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी से मेडिसिन वार्ड में भर्ती कराया गया था। हालत ठीक थी। शाम के बाद तबीयत बिगड़ गई। नाती विभाषु सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि स्टाफ की लापरवाही के कारण उनके नाना की मौत हो गई। नोरेड दवा की पूरी डोज एक साथ चढ़ा दी गई, जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने शव ले जाने से इन्कार कर दिया था। विभाषु ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन हमें मत्यु प्रमाणपत्र नहीं दे रहा था। देर रात एक बजे के बाद सर्टिफिकेट मिला तो शव लेकर निकले। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मंडलायुक्त को भी दी गई, जिसके बाद चिकित्सकों के पैनल ने उनके नाना का पोस्टमार्टम किया।

**▶▶ मेडिकल कॉलेज से भोर में ले गए बॉडी, चिकित्सकों ने वीडियोग्राफी के बीच किया पोस्टमार्टम**

> मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएस डॉ. एके सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। आउटसोर्स की स्टाफ नर्स संगीता पाल व सुमन पाल की सेवाएं तत्काल प्रभाव से बाधित कर दी गई है। इसके अलावा वार्ड बॉय को अखिलेश का स्थान परिवर्तन किया गया है। जांच रिपोर्ट आने तक स्टाफ नर्स की सेवाओं को रोका गया है।
> **-डॉ. सत्यजीत वर्मा, प्राचार्य।**

## सार-संक्षेप

### गर्मी से बेहाल युवक नहर में कूदा, मौत

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के पूरे उमराव बेनीपुर के पास चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल की नहर में बाइक सवार युवक डूब गया। पुलिस ने स्थानीय राहगीरों, युवक के दोस्त के प्रयास से नहर से बाहर निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल भिजवाया। जहां पर मौजूद डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक मुकेश कुमार अपने दोस्त के साथ अपने घर बाबा बाजार थाना क्षेत्र नेवादा जा रहा था। अचानक गर्मी लगने के कारण राहत पाने के लिए नहर में नहाने की नियत से कूद गया।

### नगर पंचायत गोसाईगंज बनाएगा फैमिली कार्ड

अयोध्या, गोसाईगंज : अमृत विचार : नगर पंचायत गोसाईगंज क्षेत्र के ऐसे निवासी जिनका राशन कार्ड नहीं बना है उनका अब फैमिली कार्ड बनाया जाएगा। नगर पंचायत के जलकल प्रभारी शिव शंकर वर्मा ने शनिवार को बताया कि यह प्रक्रिया 2 जून को नगर पंचायत कार्यालय में सम्पन्न कराई जाएगी।

### जल भराव की समस्या के निराकरण को किया निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार द्वारा शनिवार को निर्माण अनुभाग के अभियंताओं के साथ नगर क्षेत्र में जलभराव के संवेदनशील क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसमें जलभराव से निपटने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों मे समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं की वर्षा ऋतु से पूर्व सुदृढ़करण के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंतर्गत गद्दोपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट मंझवा क्षेत्र, जनौरा तथा जलवानपुरा क्षेत्रों में संभावित जलभराव की स्थिति का आकलन किया गया। इस दौरान नाला-नालियों की नियमित सफाई, जलनिकासी मार्गों के सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक तकनीकी उपायों की समयबद्ध पूर्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। राज्य स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत गांधी पार्क में स्थापित सूर्य नमस्कार प्रतिमाओं, सिविल लाइन स्थित स्मार्ट वेंडिंग जोन एवं फूड स्ट्रीट कॉर्ट, तथा जेल के पीछे नव-निर्मित पार्किंग स्थल एवं साकेतपुरी मे स्थित पार्क का भी निरीक्षण किया गया।

### 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सागर कला भवन अयोध्या में किया गया। आयोजन 31 मई से 19 जून तक स्वदेश संस्थान के अध्यक्ष एसबी सागर प्रजापति के संयोजन में चलेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में विविध कला विशेषज्ञ के रूप में मुख्य प्रशिक्षक कृपा शंकर गुप्ता, आशा गुप्ता और सहायक प्रशिक्षक के रूप में प्रवीण कुमार, वीरेन्द्र कुमार, इमरान खान छात्र-छात्राओं के कलात्मक अभिरुचि के अनुसार प्रशिक्षण देंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो आयु वर्गों 10 से 17 और 18 से अधिक आयु तक के छात्र-छात्राएं व नवोदित कला साधक प्रतिभाग कर सकते हैं।

### रोटरी क्लब ग्रेटर ने आयोजित किया स्वास्थ्य मेला

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** फैजाबाद रोटरी क्लब ग्रेटर ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से काशीराम कॉलोनी अयोध्या में निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। मधुमेह,ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। टीकाकरण सहित कई प्रकार के चेकअप किए गया। दवाइयां भी वितरित की गई। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन दीपक रस्तोगी ने बताया कि रोटरी क्लब हमेशा जरूरतमंद एवं गरीब वर्ग की सहायता के लिए तत्पर रहता है। कार्यक्रम में संयोजक पीयूष सिंघल सीएमओ डॉ. सुशील कुमार, दीपक पांडे, शैलेंद्र कुमार सिंह, राम प्रकाश पटेल आदि शामिल रहे।

### नवाचारों को खरीफ फसल से अपनाएं किसान

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** भारत की प्रगति और विकास की रीढ़ कृषि वैज्ञानिक हैं। नई प्रजातियों की खोज की बदौलत ही आज हम इतनी बड़ी आबादी का पेट भर पा रहें हैं। यह बातें रुदौली ब्लॉक के जखौली गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में विधायक राम चंद्र यादव ने कहीं। किसानों का आह्वान किया कि किसान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताई तकनीक एवं आधुनिक खेती के सभी नवाचारों का उपयोग खरीफ फसल से करें। गन्ना अनुसंधान एवं विकास परिषद लखनऊ की ओर से वैज्ञानिकों के दल नें किसानों को कम खेती में कैसे अधिक उपज मिले इस पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से आशीष वर्मा, पशुपालन विभाग से डॉ. आशीष और गन्ना समिति की ओर से सचिव अनिल कुमार नें गन्ना किसानों को अधिक उपज लेने के गुर बताए। कार्यक्रम में जियालाल कनौजिया, पवन कुमार रावत सहित विभागों के साथ किसान मौजूद थे।

## ई-रिक्शा में पांच महिलाओं ने उड़ाए सोने के जेवरात, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** वैवाहिक कार्यक्रम के बाद अमेठी से वापस अपने घर देवरिया जा रही महिला के पर्स से ई-रिक्शे में बैठी पांच महिलाओं सोने के जेवराज चुरा लिए।

**▶▶ अमेठी से अपने घर जा रहे थे पति-पत्नी, रायबरेली हाईवे के पास की घटना**

रणविजय सिंह निवासी ग्राम भदिला देयरा थाना मदनपुर जिला देवरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 29 मई को अपनी पत्नी के साथ अमेठी से घर जाने के लिए रायबरेली बाईपास पहुंचे। ई-रिक्शा से बस पकड़ने के लिए जा रहे थे। थोड़ा आगे बढ़ने पर उसमें पांच महिलाए सवार हुईं। कुछ दूर जाने पर कसूता रेस्टोरेंट के पास वह उतर सड़क के उस पार गए तो पत्नी ने देखा कि उनकी पर्स की चेन कटी हुई थी व उसमें रखी सोने की चेन व सोने का दो सुई तांगा गायब था। उन्होंने आशंका जताई कि उक्त महिलाओं ने ही उनके जेवरात चोरी किए हैं। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज महिलाओं की तलाश की जा रही है।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले स्टेशनों की परखीं व्यवस्थाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लखनऊ मंडल के नव नियुक्त मंडल प्रबंधक संजय कुमार वर्मा ने शनिवार को अयोध्या धाम व कैंट रेलवे स्टेशन व सलारपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अयोध्या में हो रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली व समय पर इसे पूरा करने के निर्देश दिए।

लखनऊ-अयोध्या रेल खंड का निरीक्षण करते हुए डीआरएम सबसे पहले अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंचे। उन्होंने प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, टिकट घर समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया व यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेल की स्वास्थ्य सुविधाओं को परखने के लिए रेलवे अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उसके बाद वह अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पर उन्होंने नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य को परखा व इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेशन परिसर में किसी तरह का अतिक्रमण न हो, वाहनों को निश्चित स्थान पर ही खड़ा कराया जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भारी भीड़ आने की संभावना है। सुगम आवागमन के लिए इसमें रेलवे की प्रमुख भूमिका होगी। इसको लेकर रेल अधिकारी जिला प्रशासन के संपर्क में हैं। भीड़ बढ़ने पर ट्रेनों के ठहराव की अवधि बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। अयोध्या स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार चौबे, आरपीएफ प्रभारी यशवंत सिंह, बीसी मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।



अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम संजय कुमार वर्मा।

**▶▶ डीआरएम ने किया अयोध्या धाम व कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण**

## घोसियाना रामनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**अयोध्या, अमृत विचारः** कोतवाली नगर अंतर्गत घोसियाना रामनगर में किराए के मकान में रहने वाली एक महिला शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में बेहोश मिली। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। थाना महाराजगंज अंतर्गत छपरा पूरा बाजार में रहने वाली क्रांति पत्नी रामआशीष कोतवाली नगर के घोसियाना रामनगर में किराए के एक मकान में रहती थी। शनिवार सुबह जब देर तक उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने दरवाजा धकेला । क्रांति बेहोश पड़ी थी। पड़ोसी उसे ई-रिक्शा के माध्यम से जिला अस्पताल ले गए, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अपने पति से विवाद के चलते वह शहर में रहती थी। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारणों की जानकारी होगी।

**पहल** | प्रसव के लिए अब भटकने की जरूरत नहीं, सीएचसी पर गूंजेंगी किलकारियां

# सिजेरियन के लिए चिकित्सक बोले तो मिलाएं स्वास्थ्य विभाग को फोन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने एक और सराहनीय पहल शुरू की है। अब किसी भी महिला को सिजेरियन प्रसव कराने के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं। सीधा स्वास्थ्य विभाग को फोन घुमाएं। इसके बाद गर्भवती महिला को घर से ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुरक्षित प्रसव कराने और वापस घर छोड़ने तक की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग उठाएगा। इसके लिए सीएमओ की ओर से एक कंट्रोल रूम का नंबर भी जारी किया गया है।

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने शनिवार को बताया कि जिले की फर्स्ट रेफरल यूनिट सीएचसी सोहावल, मिल्कीपुर, पूराबाजार, रुदौली और बीकापुर क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को इस सुविधा का लाभ निःशुल्क मिलेगा। पांचों सीएचसी पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा प्रसव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएचसी पर सभी सुविधाएं निशुल्क हैं। वार्ड से लेकर ओटी तक में वातानुकूलित की सुविधा मिलेगी। 24 घंटे न्यू बॉर्न स्टेब्लाइजेशन इकाई भी संचालित की जा रही है। इसके साथ ही नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए वीआईटी-के इंजेक्शन, बीसीजी, हेपेटाइटिस व पोलियो की खुराक भी दी जा रही है। कम वजन के शिशु की पहचान और प्रबंधन, पीलिया का फोटोथैरेपी द्वारा उपचार, हाइपोथर्मिया से बचाव, सांस लेने में समस्या का उपचार आदि मिलेगा।




सीएचसी रुदौली भी मिशन किलकारी में शामिल है।

**▶▶ एंबुलेंस लेकर पहुंचेगी अस्पताल, जहां मिलेंगी प्रसव व उसके बाद तक की सारी सुविधाएं**

### निःशुल्क खून चढ़ाने की सुविधा

नवजात के लिए बेबी की किट देने की योजना का आगाज हो चुका है। इसमें नवजात को लपेटने वाला कपड़ा, झबला, लंगोट, विब दिया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी स्थिति में निशुल्क खून चढ़ाने, भर्ती के दौरान नाश्ता व भोजन की सुविधा भी गर्भवतियों को दी जाएगी।

### 7510050381 पर करें फोन

सीएमओ डॉ.सुशील कुमार ने बताया कि कोई भी चिकित्सक गर्भवती महिला को सिजेरियन प्रसव कराने का सुझाव देता है तो 7510050381 पर कॉल कर मिशन किलकारी योजना का लाभ लिया जा सकता है। इस नंबर पर 24 घंटे कॉल रिसीव की जाती है।

## ट्रस्ट अध्यक्ष के जन्मोत्सव पर आज से आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव पर नौ दिवसीय आयोजन रविवार से प्रारंभ हो रहा है। सुबह 9 बजे श्रीराम महायज्ञ और शाम 3 बजे से श्रीमद वाल्मीकि रामायणम कथा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन शाम 3 बजे से मणिराम दास छावनी के राम कथा मंडपम में प्रारंभ होगा। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद होंगे। इसके अलावा अयोध्या के संत धर्माचार्य ही शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। कार्यक्रम के आयोजन मणि रामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि द्वारका पीठ के शंकराचार्य, वृंदावन के सुदामा कुटी पीठाधीश्वर सुतीक्षण दास समेत अन्य स्थान के पीठाधीश्वर व संत महंत पहुंच रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### पुण्य तिथि पर डॉ. कनक त्रिपाठी को दी गई श्रद्धांजलि


डॉ. कनक त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अपित करते प्रधानाचार्य व शिक्षकगण।

**अयोध्या, अमृत विचार** : उदया पब्लिक स्कूल की संस्थापक निदेशक डॉ. कनक त्रिपाठी की चौदहवीं पुण्य तिथि एवं स्मृति-दिवस के अवसर पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। स्कूल के प्रधानाचार्य जीवेन्द्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल निधी सिंन्हा समेत सभी शिक्षकों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। हिन्दी अध्यापिका प्रतिष्ठा शर्मा ने स्व. डॉ. कनक त्रिपाठी के जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सामाजिक कार्यो के विषय में भी विस्तार से वर्णन किया।

### मॉक ड्रिल से ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता परखी


जिला महिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान डॉ. अरविंद श्रीवास्तव व मौजूद अधीक्षक डॉ. आशाराम।

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिले में विभिन्न चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट ( पीएसए) की क्रियाशिलता का आकलन मॉकड्रिल के माध्यम से किया गया। महिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की गुणवत्ता ,ऑक्सीजन शुद्धता व प्रेशर का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर डीआईओ डॉ. पीसी भारती, एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव मौजूद रहे। बीकापुर ब्लॉक में नोडल अधिकारी अधिकारी डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक पांडे जिला पुरुष चिकित्सालय व मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता देखने के लिए एसएमओ डब्ल्यूएचओ ब्लॉक पर नामित नोडल अधिकारी कुमारगंज, मसौधा, पूराबाजार,ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता की मॉक ड्रिल के माध्यम से देखी गई।

### कृषि संकल्प अभियान में किसानों को मिला तकनीकी मार्गदर्शन

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के ग्राम मिल्कीपुर मजरे चांदपुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विभाग ने किसानों का तकनीकी मार्ग दर्शन किया गया। संचालन जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने किया। लखनऊ से आए संयुक्त कृषि निदेशक एवं नोडल अधिकारी बीएन पांडे ने किसानों को मृदा परीक्षण, फसल उत्पादन, कृषि विविधीकरण और कृषि व्यवसायों के विविध पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। आईसीएआर-आईएसएआरए लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शिवराम सिंह और आईआईएसआर लखनऊ के डॉ. संजीव कुमार ने तकनीकी बातें बताईं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. एसके सचान, डॉ. शशांक सिंह और डॉ. एनआर मीणा और कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा के वैज्ञानिक डॉ. अमन सिंह ने अपने-अपने विषयों में विस्तृत जानकारी दी। अभियंता परमानंद यादव, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक विनय कुमार सिंह, बीज गोदाम प्रभारी राम सुभाय, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक प्रभाकर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अवध इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों की हुई काउंसिलिंग

**अयोध्या, अमृत विचार** : वरिष्ठ काउंसलर डॉ. अलका सिन्हा द्वारा डीटाक्सीफिकेशन ऑफ माइन्ड एण्ड स्ट्रेस मैनेजमेन्ट पर अवध इण्टरनेशनल स्कूल के शिक्षकों के साथ एक सत्र हुआ। कहा कि स्ट्रेस अच्छा एवं बुरा दोनों होता है। अगर हम अच्छे स्ट्रेस को ध्यान में रखें तो अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। कहा हमें अपने श्वास और आत्मा के साथ अच्छे विचारों को समन्वित करना चाहिए, तभी हम अपने जीवन को साकार कर सकेंगे। शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के तनावों को लेकर उनसे प्रश्न किए, जिसका उत्तर देकर उन्होंने संतुष्ट किया।

### राघवेंद्र हत्याकांड: सीओ ने की छानबीन, खुलासे का आश्वासन

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार** : रुदौली थाना क्षेत्र के नैपुरा गांव में डेयरी संचालक राघवेंद्र यादव की हत्या के मामले में छानबीन के लिए शनिवार को क्षेत्राधिकारी ने गांव पहुंच परिजनों से जानकारी व छानबीन की। डेयरी संचालक की हत्या नौ मई की रात करीब साढ़े 11 बजे लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर अख्तियारपुर के पास हुई। पुलिस ने कई टीमें गठित कर जांच शुरू की है, लेकिन तीन सप्ताह बीत जाने के बावजूद न तो हत्यारों का सुराग मिला है और न ही हत्या के पीछे का मकसद स्पष्ट हो सका है। मृतक के परिवार ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया। सीबीआई जांच तक की मांग कर डाली। कहा कि लापरवाही बरती गई। इस कारण अब तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया। परिवार का कहना है कि कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। रुदौली पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने शनिवार को तीसरी बार मृतक के परिवार से मुलाकात की। परिवार को भरोसा दिलाया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने दावा किया है कि कई टीमें अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर रही हैं। सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों की तलाश और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है।

# जयंती पर 5 महिलाओं को मिला अहिल्या सम्मान

## रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी सशक्तिकरण व सेवा भाव का आदर्श

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय सहादतगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं को अहिल्या सम्मान से सम्मानित किया गया। 21 से 31 मई तक चलने वाले त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत यह आयोजन भारतीय संस्कृति, नारी सशक्तिकरण और जनसेवा के प्रतीक अहिल्याबाई को समर्पित रहा।

कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना द्विवेदी ने पांच वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं को अहिल्या सम्मान से सम्मानित किया। इनमें शकुन्तला त्रिपाठी, मालती चौहान, इन्द्रासेन, माधुरी सेन और शशिरानी शर्मा शामिल रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी सशक्तिकरण और सेवा भाव का आदर्श है। उन्होंने जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जो आज भी भारतीय संस्कृति की प्रेरणास्रोत धरोहर हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का संपूर्ण जीवन सेवा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल है। पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान विभूतियों के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि सशक्त नेतृत्व केवल शासन में ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति के संरक्षण में भी निर्णायक भूमिका निभाता है। उनके आदर्शों को अपनाने की विशेष आवश्यकता है।


भाजपा कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व अन्य।

कार्यक्रम में डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी, महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, चन्द्रभान पासवान, राम मोहन भारती, अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, बब्लू मिश्र, फयाराम वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्र, गोसाईगंज चेयरमैन डा. विजय लक्ष्मी जायसवाल, प्रतिमा शुक्ला, प्रसूनलता आदि शामिल थे।

## 514 करोड़ रुपये से चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे का होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ** : चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को 18 महीने में 514 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

यूपीडा की ओर से तैयार कार्ययोजना के अनुसार, यह लिंक एक्सप्रेसवे 15.175 किलोमीटर लंबा होगा तथा इसे मुख्यतः फोरलेन बनाया जाएगा जिसकी विस्तार क्षमता 6 लेन की होगी। लोगों को अच्छी सुविधा मिले। यह लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट की कनेक्टिविटी बढ़ाने में मददगार होगा तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगा। इस प्रकार, यह पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व स्थानीय यात्रियों के लिए यातायात के उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेगा तथा उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।

## नृत्य में नित्या, साक्षी और गायन में हर्षित, शिवम व मयंक विजेता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया।

नृत्य प्रतियोगिता की विजेता नित्या दुबे व साक्षी रहीं। गायन प्रतियोगिता के विजेता हर्षिता, शिवम श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव रहे। चुटकुला प्रतियोगिता के विजेता अंसार अहमद रहे। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के मध्य अंताक्षरी प्रतियोगिता हुई। जिसमें सरोजिनी ग्रुप को विजेता घोषित किया गया। इस ग्रुप का नेतृत्व मुकेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. सुरेंद्र मिश्रा ने सरदार पटेल सेंटर के अकादमिक महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यह पीठ जिन शैक्षिक उद्देश्यों को लेकर के स्थापित की गई है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर ले जाएं। केंद्र के समन्वयक प्रो. गंगाराम मिश्रा ने कहा कि सामाजिक दायित्वों के साथ राष्ट्र उत्थान में भागीदारी करें। डॉ. शिवांश कुमार, डॉ. अंकित मिश्रा, डॉ. शैलेन वर्मा, डॉ. संदीप कुमार, अवंतिका पाठक, नित्या, मुकेश, सृष्टि, श्रद्धेश, विवेक व अन्य मौजूद रहे।


अवध विवि में आयोजित फेयरवेल पार्टी में मौजूद शिक्षक और छात्र-छात्राएं।

▸▸ राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र में हुई छात्र-छात्राओं की फेयरवेल पार्टी


टेनिस बॉल क्रिकेट राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी।

## टेनिस बॉल क्रिकेट राष्ट्रीय चैंपियनशिप की टीम घोषित

**अयोध्या, अमृत विचार** : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा नगरोटा बागवा में एक से तीन जून के बीच आयोजित होने वाली ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की बालिका टीम घोषित कर दी गई। टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव इमरान अहमद ने बताया कि टीम में अयोध्या की ऋषिका तिवारी को उत्तर प्रदेश टीम का कप्तान बनाया गया। टीम में अयोध्या की 12 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें मुस्कान जायसवाल को उप कप्तान बनाया गया है। विधि यादव, नीलम निषाद, देवयानी सिंह, नेहा वर्मा, शालिनी सिंह, मोहनी, तृप्ति, शंभवी सिंह, राशि व मानसी को शामिल किया गया है। अन्य खिलाड़ियों में वाराणसी की दीक्षा गोरखपुर की रागिनी और लखनऊ की आयुषी अपने टीम में अपना स्थान बनाया है। प्रदेश की बालिका टीम के चयनित होने में जिला विद्यालय समिति के सचिव का धर्मेंद्र सिंह, जिला विद्यालय कीड़ा समिति के सदस्य अभिषेक सिंह, जिला ओलंपिक संघ के सचिव परमेंद्र सिंह, जिला तलवारबाजी संघ के सचिव बृजेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं दी है।

# बैलों की जोड़ी के साथ पहुंचे किसान सम्मानित

अयोध्या कार्यालय

## बैल पालने और उनसे खेती करने को बढ़ावा देने का प्रयास

**अमृत विचार** : बैलों को पालने और उनसे खेती किसानी किए जाने को बढ़ावा देने का प्रयास शुरू हो गया है। इसको लेकर शनिवार को जिले के बेनीगद्दोपुर पोस्टऑफिस के पास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बैलों की जोड़ी के साथ पहुंचे किसानों को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन श्रीराम सेवा एवं शोध संस्थान ने किया।

संस्थान के अध्यक्ष संतोष दूबे ने बताया कि आयोजन बैलों को पालने व उनसे खेती किसानी को बढ़ाना देने के लिए शुरू किया गया है। इसे प्रत्येक जिले में नंदी पालने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र,अंग वस्त्र व मिष्ठान देकर किसानों को सम्मानित किया जाएगा। इसकी शुरूआत अयोध्या में नन्दीग्राम से की गई थी। नंदी पालक कृषक सम्मान समारोह में नंदी के साथ आने के लिए गांव के किसानों से मिले। आमंत्रित किया। शनिवार को आसपास के 30 से ज्यादा किसान बैलों की जोड़ी के साथ पहुंचे। नंदी के साथ ही किसानों के लिए भी भोजन आदि की व्यवस्था की गयी थी। लाला का पुरवा निवासी किसान जिला जीत ने कहा कि यह संस्थान की ओर अनूठा प्रयास है इससे किसानों को कम लागत में अपनी खेती करने में आसानी होगी। गोवंश संरक्षण भी होगा। मतऊ का पुरवा के संतराम यादव ने कहा कि प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रधान सुरेश सिंह कक्कू, चंद्रशेखर यादव, जेपी सेन सहित अन्य मौजूद रहे।



अपने-अपने बैलों के साथ पहुंचे किसान। अमृत विचार

**लाल विजयानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टिकरी - अमेठी (उ. प्र.)**

आवश्यकता है

**बीएड विभागाध्यक्ष** – एक पद, **प्राचार्य**– एक पद **बीएड प्रवक्ता**– छः पद, **स्नातक पाठ्यक्रम हेतु**, **गृह विज्ञान**– एक पद, **शिक्षा शास्त्र**– एक पद, **अंग्रेजी**– एक पद, **राजनीति विज्ञान**– एक पद, **भूगोल**– एक पद, **हिंदी**– एक पद, **समाजशास्त्र**– एक पद, **संस्कृत**– एक पद, **परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु**– हिंदी– दो पद, **भूगोल**– दो पद एवं **समाजशास्त्र**– दो पद

**योग्यता**– डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के मानक के अनुरूप

**नोट**– इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञप्ति तिथि के एक सप्ताह के भीतर डाक द्वारा, मेल द्वारा या स्वयं अपने समस्त प्रमाण पत्र, अंक पत्र, कार्यालय में प्रेषित करें।

**कपिल देव तिवारी**
प्रबंधक

**मोईद अहमद प्रशिक्षण संस्थान गोराबारिक सुलतानपुर**

में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है–

डी.एल.एड.(बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य 01 पद ।

**योग्यता एवं वेतनमान**– एन.सी.टी.ई., यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की दो स्व प्रमाणित छाया प्रतियों, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं दो स्वपता लिफाफे के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

प्रबन्धक
**अली मोईद**
मो0– 9415046665

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**REQUIRED**

National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA **(Sales & marketing)**/ MSW. whatsapp **CV** 7081974868. Salary 5fig

Phone numbers
8004682261/ 9792793660

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214507863 में मेरा नाम सहवाक दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम प्रिंस चौधरी है । यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **प्रिंस चौधरी उर्फ सहवाक पुत्र सुभाष चंद्र निवासी – पुरवारा परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214946137 में मेरा नाम कौशलेंद्र शाक्य दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कमला कांत लिखा है । यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **कमलकांत उर्फ कौशलेंद्र शाक्य पुत्र लक्ष्मीकांत निवासी – छतौना मरियानी परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है की मेरे हाईस्कूल मे मेरे पिता का नाम के के सिंह ( K K SINGH ) जो की शार्ट नाम मे लिखा है जबकि मेरी इंटमीडिएट की सर्टिफिकेट में तथा अन्य सभी दस्तावेज मे मेरे पिता का नाम कृष्णा कुमार सिंह (KRISHNA KUMAR SINGH ) दर्ज है। दोनों ही नाम एक है । **कर्मवीर सिंह एफ–608 राजाजीपुरम लखनऊ**
MO-9369777742

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214506141 में मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम झल्लर लिखा है ।यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **झल्लर उर्फ दिनेश कुमार पुत्र शीतल दीन निवासी – दिकपाल का पुरवा मजरे – उसरैना परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**

मैं शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव कटरा ठकुराना औरास का निवासी हूं। मेरा इंडियन बैंक शाखा इनायतपुर बर्रा में देवेन्द्र के नाम से खाता संचालित है। हमारा नाम देवेन्द्र कुमार अस्थाना बैंक में अंकित किया जाए। **शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव, निवासी कटरा ठकुराना औरास उन्नाव।**

**सूचना**

मेरा 10 वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र जिसका नंबर– 09NA615208 मु.–10,000/–, 01LA725317 मु.–1000/–, 01LA725318 मु.–1000/–, 01LA725319 मु.–1000/–, और 01LA725320 मु.–1000/– पोस्ट आफिस अलीगंज सुलतानपुर में जमा है। जिसमें मेरा नाम GUSARAT FATMA (गुसरत फातमा) दर्ज है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम अन्जुम बानों है जो आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त राष्ट्रीय बचत पत्र में मेरा सही नाम अन्जुम बानों दर्ज किया जाए। **अन्जुम बानों पुत्री असगर अली, निवासी– ग्राम दाउदपुर चौकौंदी, बबुरी पोस्ट अलीगंज बाजार, थाना बन्धुआ कलां, तहसील सदर, जिला– सुलतानपुर**

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# पात्र वंचितों को करें योजनाओं से लाभान्वित

## विशेष सचिवों ने बैठक में भीटी, भियांव और टांडा विकास खंडों की बैठक समीक्षा, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार विशेष सचिव कृषि विभाग उत्तर प्रदेश शासन रविंद्र कुमार प्रथम तथा विशेष सचिव नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग दिव्य प्रकाश गिरी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खंडों भीटी, भियांव और टांडा के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नोडल अधिकारियों द्वारा 50 इंडिकेटरों हेल्थ एवं न्यूट्रिशन 17 इंडिकेटर, एजुकेशन 17 इंडिकेटर, एग्रीकल्चर एंड एलाइड सर्विस पांच इंडिकेटर, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर 5 इंडिकेटर, सोशल डेवलपमेंट 06 इंडिकेटर पर विस्तार से बिंदुवार समीक्षा किया। बैठक के दौरान विशेष सचिव कृषि विभाग रविंद्र कुमार प्रथम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े विकास खंडों को विकास के मुख्य धारा से जोड़कर इन विकास खंडों को राज्य औसत से ऊपर लाया जाना है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश के पिछड़े विकास खंडों को अग्रणी विकास खंडों की श्रेणी में लाने के उद्देश से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसकी मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं नियमित समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि तथात्मक आंकड़ों पर समीक्षा करके शासन के मंशानुसार सभी योजनाओं की वास्तविक स्थिति में सुधार लाया जाए। इसीलिए शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास खंडों में हुए वास्तविक बदलावों के स्थिति की समीक्षा के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जो दायित्व दिया गया है उसका पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करें। शासन के मंशानुसार प्रत्येक जरूरतमंद एवं वंचित पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करें और धरातल पर वास्तविक बदलाव को परिलक्षित करें। इसके उपरांत नोडल अधिकारियों ने अपने से संबंधित विकास खंडों के मुख्यालय पर संबंधित आकांक्षात्मक विकास खंडों के सभी इंडिकेटरों पर संबंधित अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खंडों के संबंध में समीक्षा बैठक करते विशेष सचिव कृषि विभाग रविंद्र कुमार प्रथम, विशेष सचिव नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग दिव्य प्रकाश गिरी व साथ में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

### आकांक्षात्मक विकासखंडों की प्रगति सूची कराएं उपलब्ध

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में प्रदेश के 108 आकांक्षात्मक विकासखंडों में परिलक्षित परिवर्तनों के भौतिक निरीक्षण के लिए विशेष सचिव स्तरीय अधिकारियों के नामित किए जाने के क्रम में जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड भियांव और भीटी में भ्रमण के लिए नामित नोडल अधिकारी रविंद्र कुमार प्रथम विशेष सचिव कृषि विभाग ने विकास खंड भीटी के सभागार में बैठक किया। बैठक में उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी भीटी और भियांव सहित अन्य विकास खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ आकांक्षात्मक विकास खंड भीटी और भियांव में शासन द्वारा निर्धारित समस्त इंडिकेटर्स के प्रगति की जानकारी ली तथा प्रगति सूचना सूची उपलब्ध करने के निर्देश दिए।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता में लाएं सुधार: विशेष सचिव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- अधिकारी विकास परक योजनाओं में प्रगति की समीक्षा निरंतर करें
- लाभार्थी को योजनाओं का ससमय लाभ दिलाएं

**अमृत विचार:** विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग दिव्य प्रकाश गिरी द्वारा आकांक्षात्मक विकास खंड टांडा में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा किया। योजना की प्रदेश स्तर पर औसत प्रगति के सापेक्ष इंडीकेटर्स के आधार पर की गई।

समीक्षा बैठक में दिव्य प्रकाश गिरी विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा क्रमशः आकांक्षात्मक विकास खंड टांडा में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों में स्वास्थ्य एवं पोषण, बेसिक शिक्षा, कृषि, ग्रामीण पेयजल, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, सोशल डेवलपमेन्ट, पंचायती राज सहित अन्य सम्बंधित बिन्दु की विस्तृत समीक्षा किया। उन्होंने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रमों में गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान विशेष सचिव द्वारा कार्यक्रमों के संचालन की अद्यतन स्थिति के बारे में खंड विकास अधिकारी टांडा से जानकारी प्राप्त करते हुए योजना से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया। विकास कार्यो में लक्ष्य के सापेक्ष समीक्षा करते हुए कार्यों के संचालन और गुणवत्ता में प्रगति दर्शायी जाए। समीक्षा के दौरान उन्होंने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से सम्बंधित विकासपरक योजनाओं में प्रगति की समीक्षा निरंतर विभागीय स्तर पर करते रहे, जिससे लाभार्थी को योजनाओं का ससमय लाभ मिले।

शिक्षा के इंडीकेटर्स में मिली कमियों में सुधार लाने के निर्देश : समीक्षा के दौरान विकास खण्डों में स्वास्थ्य एंव पोषण, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, आईसीडीएस, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, नमामि गंगे, ग्रामीण पेयजल योजना, भारत नेट सहित सभी योजनाओं की समीक्षा इन्डिकेटर्स के आधार पर की गई। शिक्षा के इंडीकेटर्स में अपेक्षाकृत कमी पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए। मौके पर सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, उपनिदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 10 जून तक मिलेगा सरकारी राशन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर: अमृत विचार।** सरकार ने जून माह के राशन वितरण की तिथियां घोषित कर दी हैं। राशन का वितरण 30 मई से 10 जून होगा। इस बार मई में ही जून का राशन वितरण शुरू होगा। डीसओ ने बताया कि जून, जुलाई व अगस्त के लिए एडवांस खाद्यान्न उठान और वितरण का निर्णय लिया है। जून माह का निःशुल्क राशन वितरण मई में ही शुरू किया जा रहा है। सभी जिलों को इस संबंध में निर्देश भेज दिए हैं। मई का राशन वितरण 20 मई तक पूरा कर लिया गया है। अब जून का वितरण 30 मई से शुरू हो गया है। अधिकारियों को भी निर्देशित कर दिए गए हैं ।

## मोबाइल कोर्ट में 7 मामलों का हुआ निस्तारण

**आजमगढ़, अमृत विचार :** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के कबरूद्दीनपुर गांव स्थित पंचायत भवन पर शुक्रवार को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। इस विशेष न्यायिक शिविर में बूढ़नपुर न्यायिक अधिकारी रविंद्र कुमार रावत की अध्यक्षता में न्यायिक कार्यवाही संपन्न हुई। मोबाइल कोर्ट में विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निर्णय लिया गया। वहीं कुछ आपराधिक मामलों का निस्तारण आरोपियों के जुर्म स्वीकारने एवं उन पर अर्थदंड लगाकर किया गया। कुल मिलाकर इस मोबाइल कोर्ट में 7 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। न्यायालय के कर्मचारियों के साथ-साथ अधिवक्तागण पारस यादव, राजेश मौर्य, जय प्रकाश मौर्य, अरविंद यादव, चन्द्रमणि चतुर्वेदी, हरिगोविंद पाण्डेय एवं अब्दुल रहमान मौजूद रहे। साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारी देवेंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान सुरजीत कुमार, लेखपाल कृष्ण कांत त्रिपाठी, कृपा शंकर यादव सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## लाखों रुपये की लागत से बना आरोग्य मंदिर बदहाल

जलापुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के भियांव विकास खंड के ग्राम पंचायत नूरपुर कला में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर अपनी दशा पर आंशू बहा रहा है। बता दें कि लगभग छह लाख रुपए की लागत से बना यह एकल कक्ष वाला भवन मात्र एक वर्ष में ही क्षतिग्रस्त हो गया है। भवन की दीवारों में बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं। दीवारों का प्लास्टर टूट-टूट कर गिर रहा है। वहीं कमरे के अंदर दीवार और फर्श पर लगी टाइल्स भी उखड़ रही हैं। जिसके चलते जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। शौचालय की दीवार टूट चुकी है और टैंक भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण में सिर्फ सफेद बालू और नहर की मिट्टी का प्रयोग किया गया है। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो कुछ लोग खुद को अधिकारी बताकर जांच का नाटक कर चले गए। पीडब्ल्यूडी अधिकारी संतोष ने बताया कि भवन का हैंडओवर अभी नहीं हुआ है। उन्होंने जूनियर इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




भियांव विकास खंड के ग्राम पंचायत नूरपुर कला में बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर।

## डीजे पर गाना बजाने के लिए भिड़े घराती-बराती

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बारात में डीजे के गाने को बजाने को लेकर गांव के कुछ लोगों ने बारातियों से मारपीट करना शुरू कर दिया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। लड़के के मामा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र के बेलवाई गांव निवासी बारात पक्ष के डीएस बौद्ध ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 27 मई को जैतपुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव में बारात आई थी, जहां द्वार पूजा के दौरान डीजे पर गाने को बजाने को लेकर गांव के ही कुछ मनबढ़ किस्म के लोग डीजे पर चढ़कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और गाली देते हुए गाना दूसरा लगाने को कहने लगे। जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# आज 23 केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**आजमगढ़, अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 1 जून को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शीपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के साथ तैयारियों के संबंध में बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने बताया है कि बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 1जून को दो पालियों में 23 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होनी है, जिसमें कुल 10961 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। उन्होने निर्देशित किया है कि परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए दो परीक्षा केंद्रों पर एक केंद्र प्रतिनिधि तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनात रहेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री पहुँचाने व परीक्षा के उपरान्त संकलन हेतु केन्द्र प्रतिनिधि एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र प्रतिनिधि व स्टैटिक मजिस्ट्रेट बैठक के बाद अपने केन्द्र का भ्रमण करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी को मास्क लगाकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा ने परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, सभी केंद्र व्यवस्थाप, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**महिला आरक्षियों की तैनाती :** जिलाधिकारी ने कहा कि महिला परीक्षार्थियों की चेकिंग के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर 02 महिला आरक्षी की तैनाती सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि परीक्षा के दिन देर से आने वाले परीक्षार्थियों की विशेष चेकिंग के उपरान्त ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दें। उन्होने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर लगा हुआ सीसी टीवी कैमरा सक्रिय होना चाहिए। जिलाधिकारी ने एसपी ट्रैफिक को निर्देश दिया कि जनपद में कहीं भी जाम की स्थिति नही होना चाहिए। उन्होने कहा कि ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी व कर्मचारियों के पास पहचान पत्र अवश्य होना चाहिए। उन्होने कहा कि ड्यूटी में लगे कोई भी अधिकारी व कर्मचारी छुट्टी पर नहीं रहेगा। उन्होने कहा कि पर्यवेक्षक परीक्षा से एक दिन पूर्व परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर उसकी व्यवस्था देख लें।



बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### स्थानांतरित शिक्षक 5 जून तक होंगे कार्यमुक्त

**जिला संवाददात, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतरजनपदीय परस्पर तबादलों में 70 शिक्षक जोड़ों को लाभ मिला है। परिषदीय विद्यालयों में एक से दूसरे जनपद में परस्पर तबादले की प्रक्रिया जनवरी में शुरू हुई थी। बता दें कि पोर्टल पर सत्यापन के बाद 95 पेयर आवेदन प्राप्त हुए थे। 19 से 26 मई तक शिक्षकों से ओटीपी शेयर कर जोड़ा बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें 70 शिक्षक जोड़ों के परस्पर तबादले का आदेश जारी कर दिया गया है। 24 आवेदनकर्ता अपने लिए पेयर नहीं बना पाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तबादला पाने वाले शिक्षकों को 29 मई से 5 जून के बीच कार्यमुक्त किया जाएगा। इसी दौरान उन्हें नए स्कूलों में कार्यभार भी ग्रहण करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही चल रही है, उन्हें कार्यमुक्त या कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जाएगा।

### सचिव के छुट्टी पर जाने से सरकारी कार्य प्रभावित

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जहांगीरगंज विकासखंड के देवलर क्लस्टर में ग्राम पंचायत सचिव की अनुपस्थिति से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्लस्टर के सचिव आदित्य नारायण बीते 13 मई से 2 जुलाई तक अवकाश पर हैं। बता दें कि देवलर क्लस्टर में 10 गांव आते हैं। जिनमें सैथुआ, मुबारकपुर, पिकार, निजामपुर, रतिगरपुर, देवलर, फरीदपुर, हेथरिया, भूपतिपुर और कोंडराहा शामिल हैं। सचिव की अनुपस्थिति में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं। ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी और अन्य उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है।

### चोरों ने उड़ाए दुकान के सामान

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने बीती रात टीपी चौक स्थित एक पान की दुकान में हाथ साफ कर लिया। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर सामान चुरा लिया। दुकान के मालिक दीपक चौरसिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बलरामपुर के रहने वाले हैं। उनकी टीपी चौक पर पान की दुकान है। रात में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर सारा सामान चुरा लिया। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच की मांग किया है। यह इलाके में पिछले तीन दिनों में हुई तीसरी चोरी की वारदात है। स्थानीय पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है।

### अमसिन में मजलिस कल

**जिला, संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे सैयद अली हैदर रिजवी इब्ने सैयद मौलवी आले हसन रिजवी के पुण्य के लिए मजलिस का आयोजन सोमवार को रात्रि आठ बजे से ग्राम छोटी अमसिन में होगा। सैयद जहूर हैदर उर्फ तालिब ने बताया कि मौलाना वसी हसन खान मजलिस को संबोधित करेंगे। इसके अतिरिक्त युवा शायर जुहैर सुल्तानपुरी, चंदन फैजाबादी, अर्शी मौलाई अकबरपुरी तथा तरन्नुम अमसिनवी पेशखानी करेंगे।

### करंट से युवक झुलसा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जैतपुर थाना क्षेत्र के नोनहर गांव में पेड़ में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। आनन-फानन में पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। शनिवार को नोनहर गांव निवासी आकाश पुत्र मसरथ गांव किनारे एक पेड़ के नीचे बैठा था, इसी बीच ऊपर से गुजर रहा ग्यारह हजार वोल्टेज का तार तेज हवा से पेड़ में छू गया और नीचे बैठा आकाश उसकी चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। जिस का अस्पताल में इलाज जारी है। उधर, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने गांव पहुंचकर युवक की हाल चाल लिया और विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई के लिए कहा।

## सार-संक्षेप

### हत्या के प्रयास के मामले में पांच को आजीवन कारावास

**आजमगढ़, अमृत विचार :** प्रधानी के रंजिश में कातिलाना हमले के मुकदमे में सुनवाई करने के बाद अदालत ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो अमर सिंह ने शनिवार को सुनाया। अभियोजन कहानी के अनुसार वादिनी किशुनौता निवासिनी नदवां थाना तरवां 15 मई 2015 को अपने पति कमला गिरी के साथ अपनी बहू के इलाज के लिए अस्पताल गई थी। अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे वादिनी किशुनौता अपने पति व बहू के साथ घर वापस आई तो प्रधानी के चुनाव की रंजिश लेकर गांव के ही उमेश गिरी, राजन गिरी, नीरज गिरी, रामप्रवेश गिरी, इंदल गिरी तथा रामदुलारे गिरी ने गाली गलौज देते हुए जान से मारने की नीयत से कमला गिरी पर हमला कर दिया। कमला गिरी जान बचाकर भागने लगे तब हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध गोली चलाई। बुरी तरह से घायल कमलागिरी को अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया, काफी दिन तक वाराणसी में इलाज के बाद कमला गिरी स्वस्थ हुए। इस मामले में पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता अभय दत्त गोंड, हरेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव ने कुल आठ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने उमेश गिरी, राजन गिरी, नीरज गिरी, रामप्रवेश गिरी तथा रामदुलारे गिरी को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### मौसेरे भाई की शादी में गए युवक का मिला शव

**मार्टीनगंज, आजमगढ़, अमृत विचार :** बरदह थाना क्षेत्र के मार्टिनगंज सरायमोहन ठेकमा मार्ग पर महुजा नेवादा गांव के पास सड़क के किनारे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान फूलपुर थाना क्षेत्र के हैबतपुर निवासी सनी (18) पुत्र मोहन राम के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक सनी अपनी मौसी के लड़के राहुल पुत्र रामचंद्र की शादी में शामिल होने लिए शुक्रवार को दीदारगंज थाना क्षेत्र के दुबाआ गया था। वहां से अपने मित्र अंतिम और पवन के साथ बाइक से बरदह थाना क्षेत्र के चक रसूलपुर बक्सपुर गांव में बारात में शामिल होने जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि सनी ने रास्ते में महुजा नेवादा गांव के पास मंदिर के साधु लालबहादुर राजभर से पता पूछा जिस पर वह आग बबूला हो गया और दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। इसके बाद साधु लाल बहादुर राजभर ने और लोगों को बुला लिया और सनी की पीट- पीट कर हत्या कर दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी का अपहरण कर किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकर नगर :** रिश्तेदारी में गई किशोरी को दो युवकों ने अपहरण कर एक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने सहयोगी समेत दो लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने जलालपुर कोतवाली में शनिवार को तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार को रात लगभग 12 बजे विपक्षी विकास राजभर व धोनी निवासी फतेहपुर मोहितपुर कोतवाली जलालपुर ने मेरे भाई की पुत्री 15 वर्षीय जो रिश्तेदारी कटका थाना क्षेत्र के एक गांव में गई थी जहां रात में जब लड़की बाथरूम से निकली तो दोनों लोग अपहरण कर एक बाग में ले जाकर विकास राजभर ने दुष्कर्म किया तथा धोनी साथ में मौजूद रहे दोनों विपक्षियों ने धमकी देते हुए बोला कि कभी भी रात-विरात जान से मार डालेंगे । कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है

### तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के लाभा पार गांव में तालाब में नहाते समय एक युवक डूबने लगा। जिसे डूबता देख लोगों ने बचाने के लिए तालाब में कूद कर युवक को बाहर निकाला। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बता दें कि गांव निवासी सहेज कुमार 42 वर्ष गांव में स्थित तालाब पर नहाने गया था। इसी दरमियान वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। मौजूद लोगों ने डूबते युवक को बाहर निकाला तो उसकी सांसे चल रही थी, इसके बाद ग्रामीण और परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सहेज कुमार परिवार में सबसे बड़ा था, जिसके तीन अन्य छोटे भाई और एक बहन हैं। मृतक मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। 4 साल पहले उसकी पत्नी छोड़कर चली गई। इसके बाद से वह मजदूरी कर अपना पेट पालता था। इसके दो अन्य छोटे भाई अखिलेश और अमर तथा माता परिवार में हैं। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक की डूबने की वजह से मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



सहेज कुमार, की फाइल फोटो।

### किछौछा: जायरीनों का विवरण दर्ज करना होगा

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** किछौछा स्थित सूफी संत सैयद मखदूम अशरफ की दरगाह में जायरीनों की निगरानी के लिए नई व्यवस्था शुरू हो गई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने खानकाह और पेइंग गेस्ट संचालकों के लिए नियम जारी किए हैं। दरगाह में बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और गुजरात समेत कई राज्यों से जायरीन आते हैं। पुलिस जायरीनों के आधार कार्ड और निवास की जांच कर रही है। गेस्ट हाउस को ए, बी, सी और डी श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पुलिस ने एक विशेष रजिस्टर बनाया है। गेस्ट हाउस संचालकों को इसमें जायरीनों का पूरा विवरण लिखना होगा। सभी मकान मालिकों का विवरण थाने की विशेष पंजिका में रखा जाएगा। थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने बताया कि टीम बनाकर जायरीन के ठहरने वाले स्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार सुबह भी पुलिस ने निरीक्षण किया। यह कदम दरगाह को अपराध मुक्त रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उठाया गया है।

### पुश्तैनी जमीन पर भूमाफिया का कब्जा

**भीटी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र में रोहनपारा गांव निवासी अजय कुमार सिंह ने अपने पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे और आम रास्ते के बंद होने की शिकायत करते हुए स्थानीय प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि अजय कुमार सिंह जो वर्तमान में प्रयागराज में कार्यरत हैं। जब अपने गांव लौटे तो उन्हें पता चला कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। विक्रेता अरूण प्रताप सिंह, कुलदीप प्रताप सिंह, सुनील प्रताप सिंह, राम कुमार और अंजनी कुमार ने क्रेता राम सूरत, गुड्डू, श्याम नामक व्यक्तियों को दस रुपए के स्टाम्प पर सम्पूर्ण आबादी की जमीन बेच दी। जिसमें प्रार्थी के साथ अन्य लोगों का हिस्सा भी शामिल है। इस भूमि पर अजय सिंह द्वारा वर्षों से 20 फीट चौड़ा रास्ता बनाया गया था, जिससे वह अपने ट्रैक्टर आदि से खेती बाड़ी किया करते थे। पीड़ित का आरोप है कि खरीद करने वालों ने न केवल उनकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा किया, बल्कि आम रास्ते को भी छप्पर डालकर बंद कर दिया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना, उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य मंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराई है। गांव की आबादी की जमीन से आम रास्ता तत्काल प्रभाव से खुलवाया जाए।

**लापरवाही**

जिम्मेदारों की अनदेखी से अमृत सरोवर में नहीं भरवाया गया पानी, सरकार के मंसूबों पर नगर पालिका प्रशासन खुलेआम फेर रहा पानी

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहा है नगर पालिका में बना अमृत सरोवर

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** दो वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से नगर पालिका में बना अमृत सरोवर तालाब बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत सरोवर की नगर पालिका धज्जिया उड़ा रही है। जिसका जीता-जागता उदाहरण जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र में बना अमृत सरोवर तालाब है। यह तालाब दो वर्ष पूर्व लगभग 34 लख रुपए की लागत से उस्मापुर के कुटियवा पर बना हुआ है। सरकार के मंसूबों पर नगर पालिका प्रशासन खुलेआम पानी फेर रहा है। इस तालाब में गर्मी के मौसम होने के बावजूद भी एक बूंद तक पानी नहीं है, जिससे पशु और पक्षियों को पानी मिल सके। जबकि इस तालाब में पानी भरने के लिए बगल में ही सरकारी नलकूप को भी लगवाया गया है, यह नलकूप भी एक वर्ष से अब तक चालू नहीं हो पाया है, जिसे आसानी से इस तालाब में पानी भरा जा सके।

इस तरीके से नगर पालिका की मनमानी खुलकर लोगों के सामने आ रही है। भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी ने बताया कि इस तालाब में रुपए का जमकर बंदरबांट हुआ है, जहां पर काफी समस्याएं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी बाउंड्री वॉल टूट गई थी, जिसकी मरम्मत कराया जा रहा है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि जल्द ही अमृत सरोवर में पानी भरने की व्यवस्था की जाएगी।



जलालपुर के उस्मापुर कुटियवा में सूखा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार

# अहिल्याबाई होल्कर थीं न्यायप्रिय शासक : डॉ. मिथिलेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** पुण्य श्लोक लोक माता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और जिला उपाध्यक्ष सुमन पाण्डेय के संयोजन में जनपद के सभी ब्लाकों में सम्मेलन आयोजित किया गया।

कटेहरी ब्लाक के डवाकरा हाल में सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पाण्डेय ने कहा कि पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की उन महान नारियों में से एक हैं, जिन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धर्म परायणता का ऐसा अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी स्मृति आज भी भारतीय जनमानस में श्रद्धा के साथ अंकित है। उन्होंने कहा कि महारानी का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जनपद स्थित चांडी ग्राम में हुआ था। उन्होंने गुजरात के सोमनाथ मंदिर, वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर, बद्रीनाथ-केदारनाथ, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर सहित 100 मन्दिरों का निर्माण कराया था। वहीं जलालपुर ब्लाक के सम्मेलन को संबोधित करते हुए अयोध्या जिला प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि स्त्री को पुरातनकाल में देवी के रूप में पूजा जाता था, वह शक्ति की प्रतीक होती हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के रूप में नारी शक्ति अपनी सशक्तिकरण की लोहा मनवा रही हैं। महारानी अहिल्याबाई ने लगान वसूली, न्याय और प्रजा की समस्याओं का समाधान प्रारंभ किया।

### विकास खण्डों के संपन्न सम्मेलनों में ये भी रहे उपस्थित

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि विकास खण्डों की सम्पन्न सम्मेलनों में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, संजू देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, भाजपा नेता विद्यावती राजभर, लीलावती वर्मा, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, गौरव सिंह, आनंद वर्मा, पूर्व चेयर मैन सरिता गुप्ता, डॉ. पूनम राय, सुरेश कन्नौजिया, पंकज वर्मा, अंजू पाण्डेय, वीरेंद्र वर्मा, महेंद्र वर्मा, सुरेश गुप्ता, सुनीता चौहान, शारदा पाण्डेय, रमेश यादव, शशि द्विवेदी, सर्वेश प्रताप सिंह, आनंद श्रीवास्तव, राम आशीष, संदीप गुप्ता, अनिल गुप्ता आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**रुपईडीह, गोंडा** : शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जनपद बहराइच की रहने वाली एक युवती ने पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि कौड़िया के जेठपुरवा गांव निवासी विनय ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया। जब उसने शादी की बात कही तो मुकर गए तथा उनके घर वालों ने चरित्रहीन का आरोप लगाकर बदनाम करने की धमकी दी। कौड़िया के थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया पीड़िता के द्वारा विनय उनके पिता, भाई तथा एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। घटना की विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी को सौंपी गई है।

### शांति कमेटी की बैठक कर दी ताकीद

**कटरा बाजार, गोंडा।** शनिवार को कटरा बाजार थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।जिसमे आगामी बकरीद त्यौहार को लेकर सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने उपस्थित लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने को कहा।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के उपद्रव करने पर उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।इस अवसर पर उपनिरीक्षक अखिलेश राही, वृजेश कुमार गौड़, रजनीश द्विवेदी, हौसिला प्रसाद,चंद्र पाल गौड़, सुनील कुमार, राम सिंह, सुबराती, सदर, ननके खां, वकार खां सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सजायाफ्ता बंदियों की अविलंब दाखिल करें अपील

**गोंडा** : अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरकों में बंदियों से व्यक्तिगत संवाद करके उनकी समस्याएं जानीं। अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जेल प्रशासन को पेयजल की आपूर्ति को दुरुस्त रखने के लिए कहा। अपर जिला जज ने जेल अस्पताल में इलाज करा रहे बंदियों के उपचार का भी जायजा लिया। उन्होंने मौसम को देखते हुए दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा है। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज के साथ मौजूद डिफेंस सिस्टम के अधिवक्ताओं को जेल प्रशासन के साथ मिलकर सजायाफ्ता बंदियों की सूची बनाकर उनकी अपील अविलंब दाखिल करने के लिए निर्देशित किया।

### सफाई को लेकर कचहरी परिसर में चला अभियान

**गोंडा** : शनिवार को बार एसोसिएशन की ओर से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत अधिवक्ता व अपर जिलाधिकारी तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका की टीम ने बार एसोसिएशन के वरिष्ठतम उपाध्यक्ष सन्त बक्श मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र व महामंत्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में साफ सफाई किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर, कमिश्नरी कैम्पस के सफाई का कार्य हुआ। सफाई अभियान प्रमुख रूप से निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष के के मिश्र, दीनानाथ त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, भगवती प्रसाद पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अजेय विक्रम सिंह, राजन श्रीवास्तव, शिव कुमार पाण्डेय, कृष्णानन्द मिश्र जितेन्द्र सिंह उर्फ राजू, पाटेश्वरी पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, हिमांशू मिश्र अभिषेक मिश्र (सभासद), प्रमोद नन्दन श्रीवास्तव, विनय मिश्र (द्वितीय) आदि अधिवक्ता रहे।

### विशेष सचिव ने 3 गांवों में कार्य का किया सत्यापन

**रुपईडीह, गोंडा** : उत्तर प्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विशेष सचिव शीलधर सिंह यादव ने जनपद प्रवास के दूसरे दिन आकांक्षी ब्लॉक रुपईडीह के तीन ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। शनिवार को सुबह वह गौसिहा पहुंचे जहां पिछले वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत चयनित पांच लाभार्थियों से मिलकर उनके आवास का सत्यापन किया। इसके बाद ग्राम पंचायत छितौनी जाकर मिशन कायाकल्प के तहत पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय मे कराये गये निर्माण कार्यों, आंगनबाड़ी व जनसेवा केंद्र के संचालन के बारे मे जानकारी हासिल किया। हरिचंदपुर पहुंचकर जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी का सत्यापन किया। इसके पश्चात परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने गांव वालों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी, बीडीओ अभय सिंह, एडीओ आईएसबी आजम खानआदि लोग उपस्थित रहे।

# टीकाकरण से रोकेंगे गलाघोंटू

## गलाघोंटू टीकाकरण अभियान आज से

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** पशुओं को जानलेवा गलाघोंटू (एचएस) बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने कमर कस ली है। जिले में एक जून से एक माह का विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। जिसके तहत पहले चरण में दो लाख 32 हजार पशुओं को एचएस वैक्सीन लगाई जाएगी।

पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया है। विभाग को टीकाकरण के लिए कुल 82 हजार वैक्सीन की पहली खेप मिली है। जिसमें से अब तक 49,500 डोज जिले में पहुंच चुकी हैं। जिले के 18 पशु चिकित्सालयों में वैक्सीन वितरित कर दी गई है। सदर, तुलसीपुर, गैंसड़ी, उतरौला जैसे प्रमुख अस्पतालों को 3300-3300 वैक्सीन उपलब्ध कराई गई हैं जबकि कुछ छोटे केंद्रों को 1650 डोज भेजी गई हैं।

प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि एक जून से 15 जून तक गांवों व गोशालाओं में सघन अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिले भर में 14 पशु चिकित्सक और 28 पशु मित्रों की टीम गठित की गई है। जो गांव-गांव जाकर टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी। विभाग द्वारा यह अभियान वर्ष में दो बार जून और अक्टूबर-नवंबर में चलाया जाता है। ताकि एचएस जैसी गंभीर बीमारी से पशुओं को बचाया जा सके।

# प्रमुख सचिव ने परखीं बुनियादी सुविधाएं

संवाददाता, बलरामपुर

▶▶ **शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर**

**अमृत विचार।** बलरामपुर के दो दिवसीय दौरे पर आए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव परिवहन विभाग अमित गुप्ता ने भ्रमण के दूसरे दिन विभिन्न विकास योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उपनिबंधक कार्यालय व परिवहन कार्यालय का दौरा कर नीति आयोग के सूचकांकों के अनुसार व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिसई, भकचहिया, बेलहा और बलुआ बलुई के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं से संवाद किया और समर कैंप गतिविधियों की जानकारी ली। स्कूलों में बालक एवं बालिकाओं के लिए शौचालय, शुद्ध पेयजल, विद्युत आपूर्ति, फर्नीचर, शिक्षकों की संख्या, पठन-पाठन सामग्री और नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में उन्होंने बच्चों के वजन मापन हेतु वेइंग मशीन, लंबाई मापने के लिए इन्फैंटोमीटर तथा पोषण ट्रैकर पर डाटा फीडिंग की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर यह उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। स्वास्थ्य केंद्र बलुआ बलुई में निरीक्षण के दौरान एएनएम अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जताई। दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, जांच सुविधाओं और रोगियों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की। संयुक्त जिला चिकित्सालय में एक्स-रे, डायलिसिस और सीटी स्कैन कक्षों सहित वार्डों की स्थिति देखी। मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बलरामपुर में स्मार्ट क्लास की पढ़ाई का जायजा लिया गया। समीप ही निर्माणाधीन उच्चीकृत विद्यालय भवन का निरीक्षण कर उन्होंने शीघ्र हैंडओवर के निर्देश दिए। एकेडमिक रिसोर्स सेंटर की भी समीक्षा की गई।

उपनिबंधक कार्यालय और परिवहन कार्यालय के निरीक्षण में भवन मरम्मत व संसाधन उपलब्धता को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



संयुक्त जिला अस्पताल का निरीक्षण करते जिले के नामित नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव परिवहन विभाग अमित गुप्ता। अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज की कई घंटे बिजली रही गुल

## मेडिकल कॉलेज परिसर रहा अंधेरे में डूबा, मोबाइल व टॉर्च के उजाले में मरीजों का हुआ इलाज

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : मेडिकल कॉलेज मे विद्युत आपूर्ति बाधित होने की वजह से मरीज को काफी समस्या का सामना करना पड़ा। गर्मी में मरीज परेशान रहे, वहीं चिकित्सकों को मोबाइल व टॉर्च के उजाले में मरीजों का इलाज करना पड़ा। सबसे अधिक समस्या बच्चों व बुजुर्गों को हुई। लोग गर्मी से बचने के लिए हाथ से पंखे चलाते नजर आए। मेडिकल कॉलेज में कई संसाधनों का अभाव देखा जा रहा है। लेकिन बीते दो दिन से लोग बिजली विभाग के लापरवाही के चलते काफी हलकान रहे हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन भी बिजली की समस्या से राहत मरीजों को नहीं दे पाया। लोग इस चिलचिलाती गर्मी में काफी परेशान हुए हैं।

बताया जाता है कि केबल फॉल्ट के चलते मेडिकल कॉलेज में बीती रात बत्ती गुल हो गई वार्डों में भर्ती मरीजों को लगा कि अभी बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी लेकिन घंटे बाद आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। मेडिकल कॉलेज विद्युत विभाग पर दोष रोपण करके खुद चुप्पी साधे बैठा रहा। हद तो तब हो गई जब बिजली आपूर्ति शनिवार सुबह भी नहीं हो सकी। प्रतिदिन की तरह चिकित्सक आए और ओपीडी में बैठकर मरीज का इलाज शुरू कर दिया। बिजली न होने से पूरा मेडिकल कॉलेज अंधेरे में तब्दील हो गया जो मरीज डॉक्टर को दिखाने आ रहे थे उनको कुछ सूझ नहीं रहा था। मरीज पर्चा लेकर जब चिकित्सक के पास पहुंचने तो अंधेरा होने के कारण डॉक्टर इलाज करने से हाथ खड़ा कर देते कुछ देर तक तो डॉक्टरों ने इंतजार किया, लेकिन उसके बाद टॉर्च व मोबाइल के उजाले से मरीजों का इलाज शुरू किया गया।

तीन-चार घंटे बिजली जब नहीं आई तो अस्पताल प्रशासन विद्युत विभाग से संपर्क साधने लगा। काफी हो हल्ला के बाद विद्युत कर्मियों ने फाल्ट को ढूंढ कर दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति शुरू की तो लोगों ने राहत की सांस ली। कई मरीज ने बताया कि पहले भी इस तरीके से विद्युत आपूर्ति बाधित हो चुकी है लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन इसको लेकर गंभीरता नहीं दिख रहा है। बिजली ना आने से वार्डों में भर्ती मरीजों को काफी समस्या हुई। हड्डी व चिल्ड्रन वार्ड में मरीज काफी परेशान देखे गए।



टार्च की रोशनी में मरीजों को देखते व पर्चा लिखते डॉक्टर। अमृत विचार

> केबल फॉल्ट के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस दौरान जनरेटर चलाया गया था, लेकिन मरीजों की समस्या हुई है। विद्युत विभाग को सूचना दी गई। काफी देर बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकी है।
>
> **-एमडब्लयू खान**, चिकित्सा अधीक्षक

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर लगने से महिला पुजारी की मौत

**रेहराबाजार (बलरामपुर), अमृत विचार।** रेहराबाजार के ब्लॉक चौराहे पर स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार सुबह सफाई कर रही महिला पुजारी को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतका की पहचान कौशल्या देवी (55 वर्ष), पुत्री जियालाल, निवासी किरतापुर के रूप में हुई है। वह वर्षों से सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में पूजा-पाठ और सफाई का कार्य कर रही थीं। सुबह मंदिर परिसर में झाड़ू लगा रही थीं तभी मनकापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें सड़क किनारे टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल सीएचसी रेहराबाजार पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रेहराबाजार निवासी आशीष गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप व चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. गिरधर चौहान ने बताया कि महिला को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर किया गया था।

# कम खाद्यान्न देने पर दुकान निलंबित

▶▶ **विकासखंड इटियाथोक के गनवरिया कोटे की दुकान का मामला, ग्रामीणों ने की थी शिकायत**

**गोंडा, अमृत विचारः** राशन कार्ड धारकों को कम खाद्यान्न देना कोटेदार को महंगा पड़ गया। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर जिलाधिकारी के अनुमोदन पर उपजिलाधिकारी ने उचित दर विक्रेता के दुकान को निलंबित कर दिया है। प्रशासन की ओर से की गयी कार्यवाही से कोटेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

विकासखंड इटियाथोक के गनवरिया उचित दर विक्रेता रोशन लाल पर राशन कार्ड धारकों को कम खाद्यान्न दिए जाने का आरोप लगा था। पूर्ति निरीक्षक से कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायत हुई थी। क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर ने शिकायत के क्रम में गांव में जाकर जांच पड़ताल किया तो शिकायत सही पाई गई। कई राशन कार्ड धारकों ने बताया कि कोटेदार की ओर से खाद्यान्न वितरण के दौरान कम खाद्यान्न दिया जाता है। पूर्ति निरीक्षक ने बयान लेने के बाद कोटेदार से स्पष्टीकरण मांगा। जब कोटेदार की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया तो पूर्ति निरीक्षक ने इसका परीक्षण कर रिपोर्ट जिला अधिकारी को भेजी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के अनुमोदन पर उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता ने कोटे के दुकान को निलंबित कर दिया है। उप जिलाअधिकारी की कार्रवाई से कोटेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। उच्च निरीक्षक सुनील दिवाकर ने बताया कि कोटेदार पर कम खाद्यान्न दिए जाने का आरोप लगाया गया था। जिसकी जांच हुई। जांच में शिकायत सही जाने पर जिलाधिकारी के अनुमोदन पर एसडीएम ने कोटे की दुकान को निलंबित कर दिया है।

उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि कोटेदार राशन कार्ड धारको को कम खाद्यान्न दे रहा था। शिकायत पर जांच कराई गई। शिकायत सही मिलने पर उचित दर विक्रेता की दुकान को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी कोटेदार कम खाद्यान्न राशन कार्ड धारकों को देगा और इसकी शिकायत मिलेगी तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# खनन विभाग का चला चाबुक, लोडर रैपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज



पकड़ा गया खनन करने वाला लोडर व अन्य उपकरण। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र में अवैध खनन की मिल रही लगातार शिकायतों पर शुक्रवार की रात खनन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। खनन अधिकारी डॉ. अभय रंजन के नेतृत्व में पहुंची टीम ने छापेमारी करते हुए एक लोडर रैपर और मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को मौके से पकड़ कर सीज कर दिया।

ग्राम पतिसा खैरगांव के पास अवैध खनन की सूचना मिलते ही विभागीय टीम तत्काल मौके पर पहुंची। छापेमारी के दौरान कुछ वाहन भागने में सफल रहे, जबकि एक लोडर रैपर और ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया गया। सभी जब्त वाहनों को कोतवाली लाकर सीज कर दिया गया है। इसी क्रम में मंगुरा बाजार क्षेत्र में भी खनन की सूचना पर कार्रवाई की गई, जहां खनन में लिप्त तीन वाहनों को पकड़ा गया। इन पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर छोड़ दिया। खनन अधिकारी डॉ. अभय रंजन ने बताया कि विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। खनन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। वहीं, कुछ लोग अधिकारियों की लोकेशन का पता लगाने में जुटे देखे गए।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस** | जिला अस्पताल में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

# तंबाकू छोड़ो, जीवन बचाओ का दिया नारा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मेमोरियल अस्पताल में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व विशेषज्ञों ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को इससे दूर रहने की प्रेरणा दी।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए गैर संचारी रोग विभाग के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बदलती जीवनशैली में युवा वर्ग तेजी से तंबाकू की ओर आकर्षित हो रहा है जो कि अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि तंबाकू एक धीमा ज़हर है जिसे लोग स्वयं खरीदकर शरीर में जहर घोलते हैं। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा व पान मसाला जैसे उत्पाद न केवल व्यक्ति की शारीरिक क्षमता को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि मुंह के कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण भी बनते हैं।



विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद डाक्टर। अमृत विचार

जनरल फिजीशियन डॉ. ऋषि श्रीवास्तव ने कहा कि तंबाकू छोड़ना केवल इच्छाशक्ति का नहीं बल्कि शारीरिक और मानसिक दृढ़ता का भी विषय है। निकोटिन की लत से उबरने के लिए वैज्ञानिक और चिकित्सकीय सहायता लेना आवश्यक होता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू का सेवन न करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर काउंसलर प्रीति मिश्रा, लैब टेक्नीशियन अमित मौर्य, नासिर खान, सहायक दिलीप, फिजियोथैरेपिस्ट मोनिका अवस्थी और हरीश सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### फर्जी पत्नी बनकर कर दिया दूसरे की जमीन का बैनामा

**नवाबगंज, गोंडा** : पत्नी बन कर कूटरचित तरीके से जमीन हड़पने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गोरखपुर के डांगीपार गांव निवासी सत्रुघन ने दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि उसके पिता राम मूरत के नाम से क्षेत्र के हरिवंश पुर में 1.889 हेक्टेयर भूमि है। रामापुर गांव निवासी महिला पानमती उर्फ पार्वती ने कूटरचित तरीके से पत्नी बन कर फर्जी बैनामा करा लिया था। जिसे अपर सिविल जज ने अक्टूबर महीने में निरस्त कर दिया था। जिसके बाद मूल खातेदार राममूरत का नाम खतौनी में दर्ज किया गया था। उक्त गाटे की पैमाइश उपजिलाधिकारी तरबगंज के आदेश पर 24 मार्च को राजस्व टीम व पुलिस के मौजूदगी में सीमांकन किया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी महिला पानमती उर्फ पार्वती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### स्वरोजगारियों को निर्धारित समय सीमा में ऋण दें : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार भी मौजूद थे। बैठक के दौरान उद्यमियों की समस्याओं और सुझावों को सुना गया और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों को स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन पत्रों का निर्धारित समय सीमा के भीतर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त उद्योग, डीसी जीएसटी, उद्यमी और व्यापारीगण शामिल थे। इस बैठक का उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करना और स्वरोजगार योजनाओं को बढ़ावा देना था।

### कांग्रेस कार्यालय में मनी अहिल्याबाई होलकर की जयंती



राजमाता अहिल्याबाई के चित्र पर मालार्पण करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवलाल।

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर के तत्वावधान में किया गया।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने की। संचालन डॉ. पंकज गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन सादगी, धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उन्होंने सती प्रथा जैसी कुप्रथाओं का विरोध किया और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। इन्हीं कारणों से उन्हें 'द फिलॉसफर क्वीन' की उपाधि मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता अवधेश पाल सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने देशभर में सैकड़ों मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं।

### चकमार्ग की पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर हमला

**नवाबगंज, गोंडा** : इस्माइलपुर गांव में जिलाधिकारी के आदेश पर शनिवार को गांव में चक मार्ग की पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम पर अवैध कब्जेदारों ने हमला बोल दिया और ईंट-पत्थर भी चलाए जिससे राजस्व कर्मियों और पुलिस को भी जान बचाकर भागना पड़ा। घटना के बारे में मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है।इस्माइलपुर गांव प्रधान पुत्र संतोष यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि तरबगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम प्रधान सीता देवी पत्नी शिवाकांत ने चक मार्ग खाली कराने के संबंध में एक प्रार्थना-पत्र बीते 17 मई को दिया था। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर शनिवार को राजस्व टीम में नायब तहसीलदार संतोष यादव, कानून गो परशुराम मिश्रा, अवधेश दूबे और लेखपाल ओम प्रकाश वर्मा, मनोज चौबे तथा सरयू घाट पुलिस चौकी इंचार्ज संजीव सिंह पुलिस बल के साथ गांव स्थित चकमार्ग गाटा संख्या 419 की भूमि की पैमाइश करने के लिए पहुंचे। राजस्व टीम के पैमाइश के बाद चकमार्ग की पटाई के लिए मजदूर निशानदेही करने लगे। इसी दौरान चकमार्ग की भूमि के अवैध कब्जेदार शेष कुमार, संजय पुत्र गण रामवंत और हीरालाल पुत्र रामसबरे, पुष्पा पत्नी रामवंत, फूलमता पत्नी शेष कुमार, संजय और हीरालाल की पत्नी और चार अज्ञात लोगों द्वारा चिन्हांकन का निशान मिटा दिया गया । सरकारी काम में बाधा डालते हुए अवैध कब्जेदारों और उनके परिजनों ने गाली देते हुए मारपीट करने लगे। आरोपियों के उकसाने पर गांव के अन्य लोगों ने भी पुलिस और राजस्व टीम पर हमला बोल दिया और पथराव करने लगे। जिससे पुलिस और राजस्व टीम को जान बचाकर भागना पड़ा। इस घटना में प्रधान प्रतिनिधि के सहयोगी अभय सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। प्रभारी थाना अध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीएम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना ने राजस्व टीम पर हमले की बात नकारी है। एसडीएम ने कहा गांव के दो पक्षों के बीच में मार-पीट का मामला है।

### कार्रवाई में तेजी और बहाली में दबा दी जाती है आख्या



बीएसए को पत्र सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

**गोंडा** : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं का पुलिंदा सौंपा। उसके बाद वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से भी मुलाकात कर समस्याओं के निस्तारण के सम्बंध मे वार्ता किया। 31 मार्च 25 को सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों का अदेय प्रमाण पत्र अविलंब जारी करने, प्रेरणा पोर्टल पर विभागीय अधिकारियों की जांच के आधार पर शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाती है, जबकि कार्यवाही समाप्त करने के लिए संबंधित शिक्षक/ शिक्षिका के प्रत्यावेदन जांच आख्या कार्यालय में प्राप्ति के आधार पर न करके पटल सहायक द्वारा मनमानी तरीके से महीना बाद प्राप्त जांच आख्या का निस्तारण कर दिया जाता है। पूर्व दिवसों में प्राप्त पत्रावलियों का निस्तारण लंबित रहता है जो कि नैसर्गिक न्याय के विपरीत है। विगत माह से चयन वेतनमान की स्वीकृति की प्रत्याशा में सैकड़ों शिक्षकों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यदि ऑनलाइन स्वीकृति में कोई समस्या आ रही हो तो अन्य जनपदों की भांति ऑफलाइन आदेश निर्गत किया जाए। निलंबित शिक्षकों के प्रकरण में नियुक्त जांच अधिकारियों द्वारा कई माह व्यतीत हो जाने के बाद भी आरोप पत्र निर्गत नहीं किए जा रहे हैं जिससे संबंधित शिक्षक की बहाली की प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। अतः निर्धारित समय में जांच पूर्ण कराकर बहाली आदेश निर्गत किया जाए। विद्यालय निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही कर दी जाती है जबकि शासनादेश के अनुसार बिना स्पष्टीकरण प्राप्त लिए किसी प्रकार की कार्यवाही न की जाए। वित एवं लेखाधिकारी से चयन वेतनमान की स्वीकृति के लिए ऑनलाइन आवेदन लंबित है। 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत हुए शिक्षकों को जी0पी0एफ0 भुगतान ना होने से संबंधित शिक्षकों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित पटल सहायकों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए ब्याज के साथ भुगतान करना सुनिश्चित करें। अवशेष वेतन भुगतान के लिए कई माह से आपके स्तर पर 12460 शिक्षक भर्ती व अन्य शिक्षकों के वेतन अवशेष लंबित हैं। शत प्रतिशत भुगतान करना सुनिश्चित करें। वर्तमान में जनपद में जीएफ योजना से लगभग 800 शिक्षक आच्छादित हैं।

## एक नजर

### गलती से दूसरे के खाते में भेजी रकम वापस कराई

**उमरी बेगमगंज, गोंडा** : साइबर टीम ने गलती से दूसरे के खाते में भेज दिए गए रुपया 22500 को वापस कराने में सफलता पाई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के अमदही निवासी लाल विक्रम सिंह ने गलती से एक अज्ञात व्यक्ति के खाते में बाइस हजार पांच सौ भेज दिया। जब उनको अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस साइबर सेल में की। इसके बाद साइबर हेल्प डेक्स व साइबर सेल गोंडा की टीम ने संबंधित बैंक से संपर्क स्थापित कर गलती से भेजी गई धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराया। इसके बाद पीड़ित ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने लोगों को साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की और कहा कि कोई भी शक होने पर तत्काल पुलिस को या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें।

### पांच दिन से ट्रांसफार्मर खराब

**बेलसर (गोंडा)**। विद्युत उपकेंद्र शुक्ल गंज (बेलसर) के डेहरास फीडर से हो रही आपूर्ति पिछले पांच दिन से बाधित है। मोहना के वैश्य न पुरवा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि उनके गांव का दस केवीए का ट्रांसफार्मर बीते पांच दिन से खराब है जिससे गांव की करीब तीन सौ की आबादी प्रभावित है। बताया कि एक माह में चार बार ट्रांसफार्मर बदला गया, लेकिन ओवरलोड के कारण चल नहीं पाया है। अवर अभियंता आमोद कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदल कर आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी।

### किसानों को दी गई तकनीकी जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार** : वजीरगंज में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के रायपुर, नयपुर व परसिया में कृषकों को कृषि, उद्यान व मत्स्य विभाग की संचालित योजनाओं के साथ खेती की तकनीकी जानकारी दी गयी। गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिक राहुल तिवारी, कृष्ण कुमार राठौर व वैज्ञानिक शास्त्र कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक राम लखन सिंह ने धान तिल उड़द एवं मूंग की उन्नतिशील प्रजातियों की वैज्ञानिक खेती की तकनीकी जानकारी दी। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी एडीओ कृषि त्रिवेंद्र तिवारी ने जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों का समाधान बताया। इस अवसर पर मदन मोहन सुधीर सिंह नेहा मौर्य राहुल कश्यप सहित तमाम प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया।

### चोरों ने नकदी और जेवरात पर हाथ साफ किया

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार** : ग्राम पैरौरी में शुक्रवार रात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित संतलाल कश्यप के अनुसार, परिवार के सोने के बाद चोर बक्से का ताला तोड़कर चार हजार नकद, सोने-चांदी के गहने और कपड़े लेकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज हत्या के आरोप में पति व ससुर गिरफ्तार

**इटियाथोक**। दहेज हत्या व प्रताड़ना अधिनियम के तहत पति व ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। संजय दत्त निवासी ग्राम बगाही ने बताया कि बहन अनीता देवी का विवाह चार वर्ष पूर्व नरेन्द्र निवासी बेलवा शुक्ल के साथ हुआ था। पति नरेन्द्र, ससुर इन्द्रसेन व सास कमला देवी आये दिन बहन अनीता देवी को दहेज में मोटरसाइकिल की मांग कर प्रताड़ित करते रहते थे। सोमवार को दोपहर अनीता का शव ससुराल में फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने अनीता देवी का शव फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोप है कि बहन अनीता देवी को जान से मारा गया है। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि दहेज प्रताड़ना अधिनियम के तहत शुक्रवार को पति, सास व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शनिवार को पति नरेंद्र व ससुर इंद्रसेन निवासी बेलवा शुक्ल को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### युवती को अगवा करने का आरोप, केस दर्ज

**करनैलगंज** : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय युवती को अगवा करने का मामला सामने आया है। युवती की मां ने गोनई गोसाई पुरवा निवासी मोनू और उसके भाई सोनू पर शादी से इनकार करने के बाद युवती को बहला-फुसलाकर 28 मई की रात अगवा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पूछताछ पर आरोपियों ने धमकी और गाली-गलौज की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक सरफराज खान को सौंपी है।

# गोवंशों को संरक्षित करने पर दिया जोर

**संवाददाता, गोंडा**

▶▶ आयुक्त देवीपाटन मंडल ने डीएम, सीडीओ और मंडलीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक


मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा करते कमिश्नर। अमृत विचार

**अमृत विचार** : शनिवार को आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने सभी चारों जिलों के डीएम, सीडीओ और मंडलीय अधिकारियों के साथ शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा की। आयुक्त ने सभी जिलों में चलाए जा रहे हैं विकास कार्यक्रमों के बारे में सम्बंधित जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से प्रगति की जानकारी ली।

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं।

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल के सभी जनपदों में बनी पानी की टंकियां की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। इसके लिए कमेटी बनाकर सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निराश्रित गोवंशों की समस्या को समाप्त किया जाए। निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जाए। साथ गोवंशों के लिए भूसे की उपलब्धता प्रत्येक समय बनाई रखी जाये। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन, वन संरक्षक देवीपाटन, डीएम गोण्डा सीडीओ गोण्डा सहित सभी विभागों के मंडलीय अधिकारीगण सहित अन्य जिलों के अधिकारी ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े रहे।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

▶▶ एक युवक घायल, मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस




**गोंडा, अमृत विचार** : शुक्रवार की रात हुए सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में दो की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरे तिवारी गांव के निवासी अमन तिवारी (30)पुत्र राम नयन तिवारी व संजय मिश्रा पुत्र राम सुंदर एक ही बाइक पर सवार होकर शुक्रवार की देर रात्रि को जिला मुख्यालय से घर जा रहे थे। अयोध्या हाइवे स्थित पराग डेयरी के पास अयोध्या की तरफ से आ रही एक प्राइवेट बस ने टक्कर मार दिया जिससे अमन तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई तथा संजय मिश्रा को हल्की चोट आई। मृतक अमन तिवारी झंझरी ब्लाक के पास एक ई रिक्शा शोरूम पर काम करता था। शोरूम बंद होने के बाद दोनों एक साथ बाइक से घर जा रहे थे। मृतक अमन तीन भाई थे, सबसे बड़ा अक्षय तिवारी, दूसरे नंबर पर अमन तिवारी और सबसे छोटा करण तिवारी है। मृतक के भाई अक्षय तिवारी ने बताया कि बीते 17 मई को उसकी शादी वजीरगंज के चंदापुर ग्राम में हुई थी। मृतक अमन तिवारी की मौत से घर में मातम छह गया। वहीं दूसरी तरफ नगर कोतवाली क्षेत्र के ही बैरागी पुरवा गांव के निवासी राज कुमार (30) पुत्र भागीरथी साइकिल से घर जा रहा था। शुक्रवार की देर शाम को लखनऊ हाइवे स्थित पोर्टरगंज के पास तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दिया जिससे घायल हो गया। इलाज के लिए उसे मेडिकल कालेज ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

# बालक को धारदार हथियार से घायल कर झाड़ी में फेंका, मौत

## पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, रिपोर्ट का इंतजार

**संवाददाता, उमरी बेगमगंज, गोंडा**

**अमृत विचार**: परसपुर थाना क्षेत्र के धोबही गांव में मिट्टी पटाई के कार्य में चाचा का सहयोग करने गए उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी 14 वर्षीय किशोर को धारदार हथियार से मारकर झाड़ियों में फेक दिया।


प्रदीप (फाइल फोटो)।

उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मृतक प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर में कक्षा 5 का छात्र था। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


परिजनों से मिलकर बात करते विधायक प्रेम नरायन पांडेय। अमृत विचार

शुक्रवार को इस्माइलपुर निवासी शुभम सिंह अपने भाई तथा अन्य सहयोगियों के ट्रैक्टर ट्राली के साथ मृतक किशोर प्रदीप सिंह पुत्र मनोज सिंह को लेकर परसपुर थाना क्षेत्र के धोबही गांव में राम किशुन व अजय सिंह के घर पर मिट्टी पटाई का कार्य करने के लिए गये थे। इसी बीच डीजल कम पड़ जाने के बाद शुभम तेल खरीदने चला गया और वापस लौटे तो करीब 5:30 बजे बालक प्रदीप (14) थोड़ी दूर पर एक झाड़ी में घायल अवस्था में पड़ा। मिला आरोप है कि उसके पेट में धारदार हथियार से हमला कर घायल किया गया था। इसके बाद बालक को इलाज के लिए सीएचसी बेलसर ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बच्चे को लेकर एक निजी अस्पताल में पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस्माइलपुर निवासी कक्षा 5 के छात्र प्रदीप सिंह की चाकू मार कर हत्या की खबर सुनने के बाद तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

## रेलवे स्टेशन पर शार्ट सर्किट से विद्युत पोल में लगी आग

**गोंडा** : रेलवे स्टेशन पर शार्ट सर्किट से अचानक से आग लग गई जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। आग लगने से काफी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। स्टेशन अंधेरे में डूबा रहा। कड़ी मशक्कत के बाद विद्युत आपूर्ति शुरू कराई जा सके। शुक्रवार देर रात गोंडा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 पर एक विद्युत पोल से अचानक चिंगारी उठी और शार्ट सर्किट से आग लग गई। पोल से चिंगारी रेलवे स्टेशन के फर्श पर गिरने लगी, जिससे भगदड़ मच गई। यात्री इधर-उधर भागने लगे। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने यात्रियों को एक को खड़ा करके सुरक्षित किया। तार के दगने से स्टेशन पर भय का माहौल हो गया। काफी देर तक चिंगारी निकलती रही और तेज आवाज का धमाका होता रहा। कुछ देर बाद तार शार्ट होने की वजह से पूरे स्टेशन की बिजली गुल हो गई। काफी देर तक यात्री रेलवे स्टेशन पर अंधेरे में ही रहे। रेल विभाग के विद्युत कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद विद्युत आपूर्ति शुरू कराई। तब जाकर यात्रियों व कर्मियों ने राहत की सांस ली। फिलहाल काफी देर तक स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अफरा तफरी का माहौल रहा। विद्युत आपूर्ति शुरू हुई तो यात्रियों ने राहत भरी सांस ली।

## सार-संक्षेप

### लोकमाता अहिल्या बाई की मनाई जन्मशताब्दी



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

**गोंडा** : पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान शनिवार को गौरा विधानसभा अंतर्गत मसकनवा फार्म हाउस पर आयोजित किया गया। प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री अवध भाजपा कैप्टन विकास सिंह तथा विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार कुमार वर्मा ने लोकमाता की स्मृतियों को सहेजने व बताने का कार्य किया। रानी अहिल्याबाई होल्कर एक महान और न्यायप्रिय शासिका थीं। उन्होंने अपने राज्य में शांति, धर्म और विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। साधारण जीवन और ऊँचे विचारों वाली अहिल्याबाई, जनसेवा और नारी शक्ति की मिसाल हैं। कार्यक्रम में संयोजक श्रवण शुक्ला, कमलेश पांडे, बाबूराम यादव, ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार पासवान, पप्पू मोरिया, भूपेश मिश्रा, जितेंद्र पांडे, रामचंद्र वर्मा, मधुप सिंह, अरुण शुक्ला, राधिका देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### काली थान मंदिर पर मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**इटियाथोक, गोंडा**। शनिवार को काली थान मंदिर पर अहिल्याबाई होल्कर का त्रिशताब्दी जन्म दिवस समारोह मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजन शर्मा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की मिसाल में एक नाम सामने आता है अहिल्याबाई होल्कर का वह केवल महाराष्ट्र के मालवा की एक प्रजा प्रिय शासक ही नहीं थी, वरन वह भारतीय समाज का नारी गरिमा का नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का एक उदाहरण के रूप में सामने आई थी।यदि नारी शक्ति को समान अवसर अधिकार और नेतृत्व की जिम्मेदारी मिले तो वह अपने परिवार और समाज के अलावा देश का भी नाम रोशन कर सकती है।विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि आज के समय में हमें आदर्श चरित्र को याद करना चाहिए रानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व इसी श्रेणी में आता है। शिक्षित नारी ही समाज की रीढ़ कही जाती है। समारोह को किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विद्या भूषण दुबे सहित तमाम लोगों ने संबोधित किया।

### कौशल किशोर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**करनैलगंज** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कर्मयोगी के नाम से विख्यात कचनापुर निवासी कौशल किशोर तिवारी की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को कर्मयोगी कौशल किशोर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से किया गया। जानकारी देते हुए कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी त्रिलोकीनाथ तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे हुई। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र परीक्षक अवधेश गोस्वामी द्वारा करीब 350 लोगों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 200 जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही नि :शुल्क चश्मे वितरित किए गए। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत दिवंगत नेता के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई, जिसके बाद उपस्थित जनों ने उनके जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पं. रघुपति त्रिपाठी, अधिवक्ता हृदय नारायण मिश्र, अधिवक्ता अरविंद शुक्ल, मुन्ना शुक्ल, डॉ. अरुण सिंह परसपुर विकास मंच, अवधेश राठौर, गजेंद्र मिश्र, गिरिजेश मिश्र पिंटू, बालमुकुंद दुबे, बाबा दीन तिवारी, मुकुल तिवारी, ग्राम प्रधान राकेश मोहन तिवारी समेत कई गणमान्य लोगों ने अपने संस्मरण साझा करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को मिला सम्मान


सम्मान पत्र के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा** : सब पढ़ें, सब बढ़ें के संकल्प को साकार करने के लिए नगर में सक्रिय सामाजिक संस्था उड़ान फाउंडेशन की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, पौधे तथा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था की संस्थापक नाज़िया यास्मीन ने बताया कि उड़ान फाउंडेशन निरंतर गरीब, निराश्रित एवं बेसहारा बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रही है। संस्था ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं और इसके बच्चे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य वंचित तबके के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है ताकि वे समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकें। बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल है। इस अवसर पर सकीना, दिव्यांशी, एकता, मुस्कान, नेहा, प्रज्ञा, शालिनी, मानसी, माहेनूर, हिफ्जा, सबुरी, लाडो सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने खुशी व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर करने का संकल्प लिया।

### अनियंत्रित वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नवाबगंज** : अनियंत्रित वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात फॉर्च्यूनर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अयोध्या के छोटी देवकाली मंदिर के सप्तसागर कालोनी निवासी सुमित पांडेय ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता विनय कुमार पांडेय बृहस्पतिवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे मोटरसाइकिल से कटरा से अयोध्या की तरफ जा रहे थे कि शिवदयाल गंज -अयोध्या मार्ग पर कटरा रेलवे स्टेशन के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार फार्च्यूनर कार ने अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अयोध्या के श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर जांच में उनके हाथ और पैर की हड्डी टूटी हुई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्य की हो जांच, डीएम व कमिश्नर से शिकायत

**गोंडा** : ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्य में भ्रष्टाचार व अनियमितता की शिकायत ग्राम पंचायत सदस्य में जिला अधिकारी व कमिश्नर से करते हुए जांच की मांग की है।

विकासखंड झंझरी के ग्राम पंचायत भदुआ तरहर के रहने वाले शेषमणि मिश्रा ने जिलाधिकारी व कमिश्नर को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में जो भी विकास कार्य हुए हैं उनमें काफी भ्रष्टाचार हुआ है। ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि द्वारा विगत तीन प्रधानी कार्यकाल में जमकर धांधली की गई है। कई विकास कार्य तो सिर्फ कागजों पर हुए हैं। ग्राम निधि के धन का गबन कर लिया गया है। वर्ष 2010 से लेकर 2024 तक हुए समस्त निर्माण कार्य में जमकर खेल किया गया है। गड़बड़ी की शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शिकायत करने के बाद धमकी भी दी जा रही। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

# चिकित्सक समय से पहुंचें अस्पताल, मरीज को मिले सुविधाओं का लाभः शशि भूषण

▶▶ आयुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की मण्डलीय समीक्षा

**गोंडा, अमृत विचारः** मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयुक्त सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत संचालित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन कार्यक्रम पीसीपीएनडीटी सहित अन्य कार्यक्रमो की समीक्षा किया।

आयुक्त ने जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, आयुष्मान भारत योजना, फाइलेरिया कार्यक्रम, मलेरिया कार्यक्रम, आशा योजना, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, कायाकल्प अवार्ड योजना, नियमित टीकाकरण, शहरी स्वास्थ्य मिशन, औषधि व उपकरणों की खरीद, विकलांगता प्रमाण पत्र, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सहित अन्य सभी योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा किया। मण्डलायुक्त ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। वीएचएनडी सत्रों पर सभी आवश्यक संसाधनों की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने बच्चों एवं गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। डिप्थीरिया, काली खांसी, बीसीजी सहित अन्य टीको का निर्धारित समय के अन्तर्गत बच्चों का टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने नियमित रूप से स्कूलों में बच्चों का परीक्षण कराये जाने तथा सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को एमओआईसी के माध्यम से एएनएम व आशा के कार्यों की निर्धारित प्रपत्र पर नियमित रूप से समीक्षा करने तथा निष्क्रिय आशा व एएनएम का चिन्हीकरण कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सक समय से अपने-अपने कार्य क्षेत्र पर पहुंचे।

आगामी माह में चलने वाले जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा, बाल स्वास्थ्य पोषण माह, संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान आदि में सभी विभाग मिलकर कार्य करें जिससे कि ये अभियान सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी जनपद स्वास्थ्य सेवा में बेहतर कार्य कर हेल्थ इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त करें। अपर आयुक्त प्रशासन, संयुक्त विकास आयुक्त सहित सभी जनपदों के सीएमओ के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाद में पैरवी करें अभियोजन अधिकारी : आयुक्त

**गोंडा, अमृत विचार** : शनिवार को आयुक्त सभागार में कमिश्नर की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक की गई। जनपदवार कोर्ट में चल रहे समस्त वादों में अभियोजन अधिकारियों की ओर से की जा रही पैरवी की समीक्षा करते कमिश्नर ने कहा कि समस्त अभियोजन अधिकारी प्रत्येक वाद में प्रभावी पैरवी करें और जो अपराधी हैं उन्हें सजा अवश्य दिलाएं।

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि कुछ वादों में गवाही एवं आवश्यक साक्ष्य के आधार पर प्रभावी पैरवी के माध्यम से अच्छी कार्यवाही की गई है, परन्तु यह अपर्याप्त है। समस्त अभियोजन अधिकारी इसको गंभीरता से लें और अपने पक्ष को मजबूती के साथ संबंधित कोर्ट में रखें तथा वाद को जल्द से जल्द अंतिम निर्णय तक पहुंच सके कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही अपराधियों की संपत्ति जब्तीकरण, गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट, महिला अपराध, फायर सेफ्टी एक्ट, ड्रग्स एक्ट, मर्डर, महिला रेप, हत्या जैसे लंबित वादों में प्रभावी पैरवी कर गवाही एवं साक्ष्य को समय से उपलब्ध कराकर अपना पक्ष मजबूती के साथ रखें। जिससे लंबित वादों का निस्तारण समय सीमा अंतर्गत हो सके। इस अवसर पर मंडल के समस्त अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**खुशखबरी** | बृजभूषण शरण सिंह ने गो पालन और जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया

# इंदरपुर में परम ज्योति माता मंदिर का हुआ भूमि पूजन

**संवाददाता, नवाबगंज, गोंडा**


नींव पूजन करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह व विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार** : नवाबगंज क्षेत्र के इंदरपुर गांव में शनिवार को सुबह 11 बजे परम ज्योति सम्मय माता मंदिर का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन में पहुंचे मुख्य अतिथि कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह व तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने ईंट रखकर भूमि पूजन किया।

इंदरपुर गांव के दक्षिणी क्षोर पर स्थित सम्मय माता का मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में था। इसके जीर्णोद्धार को लेकर ग्राम प्रधान विष्णु सिंह ने गांव वालों के सहयोग से पहल की है। शनिवार को भूमि पूजन में पहुंचे पूर्व सांसद व तरबगंज विधायक का मंदिर निर्माण समिति ने फूल मालाओं से स्वागत किया। लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने कहा कि गांव आज भी अपनी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। मां भगवती की कृपा सब पर बनी रहे। पूर्व सांसद बृज भूषण सिंह ने लोगों को अपने घर में गौ पालन की सलाह दी तथा जैविक खेती करने को कहा। उन्होंने कहा कि तीन किलो सरसो की पेराई में एक लीटर तेल मिलता है। आज एक किलो सरसों मार्केट में 70 रुपये किलो बिक रही है। उस हिसाब से 210 रुपये में एक लीटर शुद्ध तेल मिलना चाहिए, जबकि सरसो का तेल 180 रुपये में एक लीटर तेल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थ से हमें बचना होगा। इस मौके पर तुलसीपुर ग्राम प्रधान लालजी सिंह, छोटकऊ सिंह, अनिमेष सिंह, प्रदीप सिंह, महंथ पाण्डेय, जनार्दन, राजेश साहू, तिलकराम गुप्ता, हरिश्याम आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इतिहास से बड़ा होता है लोक


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं।

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई-रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है।

भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्जागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता था, लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है कि "जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।" परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है कि "वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।" अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, "मैं साम हूं। तू ऋक् है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।" एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, "तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।" भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं।

ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, "प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात् एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री। परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया। रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गईं थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई हैं।

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होल्कर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं की। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोली। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन् 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चैंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18 वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं, लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं।

लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली, लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाएं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ज्ञान एवं आधुनिक प्रबंधन


प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय ज्ञान के स्रोत वेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं। ये ग्रंथ मानव व्यवहार, नेतृत्व, निर्णय-निर्माण और संगठनात्मक संस्कृति के ऐसे सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं, जो आज के कॉरपोरेट और प्रशासनिक ढांचे में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 'धर्म' केवल व्यक्ति विशेष की धार्मिक मान्यता या पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदार और न्यायसंगत आचरण के रूप को परिभाषित करता है। एक अच्छा प्रबंधक वही है, जो फैसले लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भलाई एवं कल्याण को ध्यान में रखता हो। 'सत्य' और 'आत्म-ज्ञान' की अवधारणाएं न केवल आत्मिक उन्नति के लिए, बल्कि नेतृत्व की परिपक्वता के लिए भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म को प्राथमिकता देने की प्रेरणा निष्काम कर्म के सिद्धांत द्वारा प्रदर्शित होती है।

"कर्म करो, फल की चिंता मत करो" का संदेश भगवद गीता का मूल मंत्र ही नहीं है, बल्कि यह तनावमुक्त और प्रभावशाली नेतृत्व का रहस्य भी है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्म को उद्देश्य की शुद्धता के साथ निष्पादित करता है, तो उसकी टीम के सदस्यों में भी विश्वास और समर्पण की भावना जागृत होती है और कार्य स्थल पर बेहतर व स्वस्थ कार्यसंस्कृति का निर्माण होता है। यह विचार विश्व बंधुत्व को प्रेरित कर वसुधैव कुटुम्बकम् और गवर्नेंस में वैश्विक स्तर पर पारस्परिक हितों के संरक्षण के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है।

वेदों की अवधारणा हमें सिखाती है कि संगठन केवल एक सीमित इकाई नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का हिस्सा है और इस सोच से आधुनिक समय में कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की अवधारणा को बल मिलता है। आज वैश्विक स्तर पर सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा काफी प्रबल है। हमारे धर्मशास्त्र प्रकृति के साथ तालमेल, प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश देते हैं। इसलिए इको-फ्रेंडली नीतियां और दीर्घकालिक भारतीय सोच ही भविष्य को टिकाऊ बना सकती हैं।

मानव संसाधन के सफल प्रबंधन के लिए योग, अनुशासन की सीख कार्यसंस्कृति, कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सर्वोत्तम क्षमता के प्रदर्शन एवं योगदान की भावना को अभिप्रेरित करता है। हमारे वेद और उपनिषद हमें कठिनाइयों में धैर्य और संकट प्रबंधन की दृष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का नियम है, जो हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करने एवं जीवन में लचीला दृष्टिकोण अपनाने और नवाचारी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह हमें संकट के समय आत्मनियंत्रण और संतुलित मनः स्थिति बनाए रखने में सहायक होता है। हमारे ग्रंथ हमें निरंतर ज्ञान प्राप्ति की सीख देते हैं। प्राचीन काल में 'गुरु-शिष्य परंपरा' केवल शिक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सतत् विकास और व्यक्तित्व निर्माण का प्रक्रिया भी थी। आज के समय में संगठनात्मक नेतृत्व, नवाचार और टीम प्रबंधन में सामंजस्य के साथ ज्ञान साझा करने की संस्कृति उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। वेद और उपनिषद केवल अतीत की गाथाएं नहीं, बल्कि ये ऐसे दिशासूचक हैं, जो हमें आज के बदलते जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रबंधन जगत में नई दिशा और स्थिरता देने के साथ ही व्यावसायिक और सामाजिक परिदृश्य में नैतिक, प्रभावी और दूरदर्शी नेतृत्व का मार्ग दिखाते हैं। जब आधुनिक प्रबंधन इन प्राचीन सिद्धांतों को अपनाता है, तो वह केवल लाभ कमाने वाला नहीं, बल्कि समाज के लिए मूल्य निर्माण करने वाला मानवीय उपक्रम बनेगा, जो संस्थान की दीर्घकालिक सफलता और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर


पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है।



भारत नक्सलवाद की समस्या से तेजी से उबर रहा है और अब इसकी उपस्थिति सिर्फ नौ राज्यों के कुछ जिलों तक सीमित रह गई है। भारत में उग्रवाद के प्रभाव क्षेत्र को लाल गलियारा या रेड गैलरी कहा जाता है। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में इसका विस्तार देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से संसद को बताया गया है कि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल उन नौ राज्यों में शामिल हैं, जहां नक्सलवाद का प्रभाव बचा है।

भारत ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है, जिसने इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाया है। हालांकि इन वर्षों के दौरान कई ऐसे मुद्दे भी रहे हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति, इसके विकास और इसकी राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाला है। इनमें से एक प्रमुख मुद्दा नक्सलवाद भी रहा है। भारत में नक्सलवाद, जो एक समय में काफी व्यापक था, अब तेजी से कम हो रहा है और इसके समाप्ति की ओर है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में एक बड़ी बाधा है। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के जवानों ने नक्सलियों की रीड़ की हड्डी तोड़ दी। इस मुठभेड़ में बस्तर में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का वांटेड ईनामी सीपीआई का सेक्रेटरी बसव राजू को ढेर किया गया, जो नक्सलियों के संचालक के रूप में काम कर रहा था। इसकी सुरक्षा में लगी टीम के नक्सली भी मारे गए। नक्सलियों के लिए ये बहुत बड़ा झटका है। इससे कुछ दिन पहले 31 नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार मिले।

सरकार की कार्य प्रणाली से सुप्रीम कोर्ट भी सहमत हुआ। कोर्ट ने पीआईएल खारिज कर टिप्पणी कि छत्तीसगढ़ में शांति बहाली की प्रक्रिया चल रही है। लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में शांति के लिए चल रहे प्रक्रिया में हम अनावश्यक रूप से दखल नहीं देंगे। इस तरह के मुकदमे शांति व्यवस्था के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया में बाधा पैदा करते हैं। इलाके में शांति आ रही है ऐसे में इस तरह की अनावश्यक रूप से चीजों को करने का कोई औचित्य नहीं है। साफ है कि नक्सल के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब ऐसे लोगों को बहुत राहत नहीं मिलने जा रही है, जो राजनीतिक या फिर अपने फायदे की रोटी सकते थे।

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है। भारत से नक्सलवाद के समाप्त होने के कई कारण हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान। सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे लोगों को नक्सलवाद से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। वर्ष 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी ताकि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। वर्ष 2017 में नक्सल समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना की शुरुआत की है।

सरकार अब जनजातीय लोगों और स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे नक्सलवाद से दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से आम लोगों को होने वाली हिंसा और डर से भी लोग इससे दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अन्य क्षेत्रों से जुड़ने में मदद मिल रही है। सरकार नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, स्टार्टअप अवसर और नौकरी की व्यवस्था शामिल है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने की स्थिति, ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए विभिन्न मंडलियों पर कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षक विचार शून्य रोबोट नहीं


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

अत: यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

आज का समाज विचारधाराओं में इस कदर विभाजित है कि हर बात, हर विचार और हर व्यक्ति को किसी न किसी पक्ष में खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे समय में एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि वह समाज के उस संवेदनशील सेतु का काम करता है, जो छात्र को मूल्यबोध, विवेक और संतुलन की दिशा में ले जाता है, लेकिन जब खुद शिक्षक की विचारधारा को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे या जब उससे यह अपेक्षा की जाए कि वह अपने निजी विचारों को या तो छुपा ले या किसी खास विचार के साथ कदम मिलाए, तो यह केवल उसकी स्वतंत्रता पर हमला नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा पर प्रहार होता है।

एक शिक्षक की विचारधारा उसकी आंतरिक समझ, अनुभव और सामाजिक सरोकारों से उपजती है। यह जरूरी नहीं कि वह विचारधारा छात्रों पर थोपे, लेकिन यह भी उचित नहीं कि वह अपने विचारों को जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। शिक्षक का मूल्य इस बात में नहीं है कि वह किस विचारधारा से जुड़ा है, बल्कि इस बात में है कि वह छात्रों को समाज के शाश्वत मूल्यों-जैसे सत्य, करुणा, न्याय, सहिष्णुता और प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता से कैसे जोड़ता है।

यदि किसी शिक्षक की विचारधारा उसके शिक्षण में पूर्वाग्रह, कट्टरता या एकपक्षीय दृष्टिकोण लाती है, तो वह छात्रों के विवेक का हनन करती है। यदि वही विचारधारा शिक्षक को अधिक मानवीय, संवेदनशील और विवेकशील बनाती है, तो वह शिक्षण को सजीव बनाती है। समाज को यह समझना होगा कि शिक्षक कोई विचार शून्य रोबोट नहीं होता और न ही वह समाज की राजनीतिक लड़ाइयों का मोहरा है। उसकी भूमिका उस संतुलनकारी शक्ति की है, जो छात्रों को सोचने, समझने और आत्मनिर्भर निर्णय लेने योग्य बनाती है। अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

# वैश्विक शिक्षा का नया सूर्योदय


डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारत, जो कभी नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान के दीपों से पूरे विश्व को आलोकित करता था, आज एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इस परिवर्तन की आहट अब केवल विचारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और क्रियान्वयन में स्पष्ट सुनाई दे रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भारत में डिग्री प्रदान करने वाले परिसर खोलने की स्वीकृति देना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह महज एक नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि उस बौद्धिक आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति है, जिसने भारत को सदियों तक ज्ञान का केंद्र बनाए रखा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस दृष्टिकोण की पूर्ति करता है, जिसमें शिक्षा को न केवल समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही गई है, बल्कि भारत को वैश्विक ज्ञान व्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का संकल्प भी निहित है।

आज भारत में शैक्षिक नवाचार की गति तीव्र हो रही है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इटली और अन्य देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय-जैसे इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैंपटन और इस्तितूतो यूरोपियो डी डिजाइन- अब भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, बेंगलुरु, नोएडा, गुरुग्राम और गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक नई दिशा है, जो केवल अकादमिक क्षेत्र में परिवर्तन नहीं लाएगी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव डालेगी। यह किसी तात्कालिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की परिपक्वता का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष जो भारी विदेशी मुद्रा छात्रों की विदेश यात्रा पर व्यय होती है, वह देश के भीतर ही निवेशित होकर न केवल अवसंरचना को सशक्त बनाएगी, बल्कि प्रतिभा पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। जब वैश्विक स्तर की शिक्षा भारत में ही सुलभ होगी, तो यह न केवल युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को प्रेरित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में आकर्षित कर शैक्षिक पर्यटन को नया आयाम देगी। किंतु इस उदीयमान सूरज की किरणों के साथ कुछ प्रश्नों या यूं कहें कि चिंताओं की छाया भी है। जैसे कि एक चिंता समावेशिता को लेकर है। यह आवश्यक होगा कि सरकार और संस्थान मिलकर छात्रवृत्तियां, ऋण सहायता और क्रेडिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाएं ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के छात्र भी इस बदलाव का हिस्सा बन सकें।

सांस्कृतिक और भाषायी विविधता को समाहित करना भी एक बड़ी चुनौती होगी। विदेशी पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को भारतीय संदर्भों के अनुरूप बनाना आसान नहीं होगा। यह आवश्यक है कि शिक्षा केवल वैश्विक ब्रांडिंग तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें स्थानीय भाषाओं, संदर्भों और संवेदनाओं के लिए भी पर्याप्त स्थान हो। जब तक पाठ्यक्रम भारतीय विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक यथार्थ से नहीं जुड़ेंगे, तब तक वे सार्थक नहीं बन पाएंगे। यदि यह संकल्प समावेशी, सुलभ और दूरदर्शी ढंग से क्रियान्वित हुआ, तो भारत न केवल वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि एक नए बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रदूत भी बनेगा।

# तंबाकू और धूम्रपान, विनाशकारी प्रवृत्ति


डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दें। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

तंबाकू का सेवन 28 अक्टूबर, 1492 को कोलंबस ने क्यूबा के आदि निवासियों को 'टैबोकास' द्वारा धूम्रपान करते देखा गया था। 1605 में भारत में इसका प्रवेश गोवा के मार्ग से पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा हुआ। प्रारंभ में मुगल शासकों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया, परंतु 1619 में बुद्धिमान जहांगीर ने धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की आशंकावश इस पर प्रतिबंध लगा दिया, फिर 13 अप्रैल 1699 में सिख गुरुओं ने इसको धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में भी तंबाकू का प्रयोग वर्जित है।

दुर्भाग्यवश अंग्रेजों के शासन आते ही तंबाकू और धूम्रपान को राज्याश्रय मिल गया और धूम्रपान को बड़प्पन की निशानी भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में मन जाने लगा। भारतवर्ष में जो गरीब थे महंगी सिगरेट या सिगार नहीं पी सकते थे, उन्होंने तंबाकू को तेंदू के पत्ते में लपेट कर बीड़ी के रूप में पीना शुरू कर दिया, जिनके पास बीड़ी भर का भी पैसा नहीं वे तंबाकू के पत्तों को सुखा कर हथेली पर रगड़ कर उसका स्वाद और नशा उठाने लगे। तंबाकू के विभिन्न प्रकार हैः धूम्रपान-सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट (वेपिंग), मौखिक तंबाकू-सुर्ती, खैनी, गुटखा, पान मसाला आदि है। धूम्रपान के धुएं में 7000 विषैले पदार्थ होते हैं। संक्षेप में कहें तो बीड़ी-सिगरेट की छिपी हुई आग आपके कोमल अंगों ( होंठ, मुख, परानासा गह्वरों, श्वसन पथ व हृदय) को धीमे-धीमे ऑक्सीकृत प्रक्रिया द्वारा जलाती रहती है। तंबाकू के कारण होने वाले असंक्रामक महामारियां है, जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज हृदयाघात, दिल का दौरा, कैंसर, पक्षाघात, सांस-खांसी आदि है। हर दिन 3,500 की जान ले रही है। भारत में तंबाकू का सेवन तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं। इसमें 11 करोड़ लोग खैनी, 7 करोड़ लोग गुटखा तथा 5 करोड़ लोग तंबाकू के साथ सुपाड़ी का सेवन करते हैं (सोसाईटी फॉर रिसर्च ऑन निकोटीन एण्ड टोबैको जर्नल,2024)।

भारत में पिछले दस सालों में असंक्रामक रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, पक्षाघात (लकवा) और सांस-खांसी की बाढ़ सी आ गई है। महामारी की सी स्थिति है। इस महाविनाश के मूल में तंबाकू या धूम्रपान प्रमुख कारण होता है (लैंसेट,2016)। तंबाकू के कारण कैंसर से 10 लाख लोग हर साल जान गवां रहे हैं। हमारे देश में कम उम्र में (35 वर्ष से कम) लोगों में होने वाले मुख कैंसर या हृदयाघात के पीछे बहुधा तंबाकू या धूम्रपान का हाथ होता है। वे महिलाएं, जो धूम्रपान करती हैं, उन्हें कम उम्र में हृदयाघात की संभावना उन स्त्रियों की अपेक्षा अधिक होती है, जो धूम्रपान नहीं करती हैं।

यही नहीं कभी-कभी तो मौखिक तंबाकू और धूम्रपान दोनों करने के कारण उस व्यक्ति को मुख का कैंसर और हृदयाघात दोनों एक साथ हो सकते हैं। मुंह वाणी अन्न का घर है तंबाकूखाना नहीं, गिरा अमृत की जगह है, जहर का ठिकाना नहीं। दिन भर निरंतर बीड़ी पीने के कारण किसी किसी को एक साथ दो जगह, दो अंगों में कैंसर हो सकता है। इसे कहते हैं तंबाकू की दोहरी मार। इतनी खतरनाक हो सकती है तंबाकू और धूम्रपान। किशोरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे हमारे देवदूत होते है, इन्हें जागरूक करना चाहिए। साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन/माता-पिता द्वारा अच्छे संस्कार देना/समाज के संभ्रांत और शीर्षस्थ लोगों द्वारा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना न कि उसका प्रचार-प्रसार करना/टेलीविजन पर विमर्श/सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध, स्वयं बच्चों द्वारा इसकी मांग। तंबाकू से पर्यावरण-प्रदूषणः छोटी-छोटी प्लास्टिक की थेलियों का निस्तारण, जगह-जगह थूक, लार और खखार का घिनौना दृश्य, उससे उत्पन्न संक्रमण का भय। एक ही हुक्के से कई लोगों द्वारा धूम्रपान से एक दूसरे को टीबी जैसे संक्रामक रोगों का आदान-प्रदान।

आप जब धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपकी अपनी संतति विशेषतः पुत्र को अपरोक्ष रूप से इन आदतों के लिए प्रेरित करते हैं। आप कितना भी न चाहें, उन्हें मना करें 100 में से 70 प्रतिशत बच्चे आपकी इन विषमय आदतों के जाल में फंस जाते हैं और अनेक प्रकार की मारक बीमारियों का छोटी उम्र में शिकार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दे। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

संक्षेप में तंबाकू, धूम्रपान, गुटखे और वेपिंग से उत्पन्न बहुतेरी महामारियों की विनाशलीला को देखते हुए हम सबका यह परम कर्तव्य बनता है कि हम इन समस्त हानिकारक पदार्थों से कोसों दूर रहें ताकि हमारे किशोर इसके चंगुल में न फंस सके। यह जिम्मेदारी समाज के शीर्ष और श्रीमंत कहे जाने वाले लोगों पर और अधिक बनती है कि वे ऐसे आदर्श कदापि न प्रस्तुत करें, जो किसी भी प्रकार तंबाकू-धूम्रपान की विनाशकारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती हो। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी की हमें तंबाकू मुक्त धरा के लिए हम सबको 'हर पल हर क्षण, तंबाकू विरुद्ध रण' करना पड़ेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# नपं अध्यक्ष के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

## फर्जीवाड़े में तत्कालीन सीएचसी प्रभारी भी फंसे, नपं अध्यक्ष का बनाया था मेडिकल

संवाददाता, बहराइच



**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएचसी के तत्कालीन सीएचसी प्रभारी पर जालसाजी सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह कार्रवाई सीएमओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद श्रीवास्तव उर्फ विपिन के विरुद्ध अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। शासन द्वारा कराई गई जांच में नगर पालिका अध्यक्ष दोषी पाये गये थे। जांच में दोषी पाये जाने पर शासन ने नोटिस भेजकर पक्ष प्रस्तुत करने के लिए नपा अध्यक्ष को तलब किया था। नोटिस के जवाब से बचने और नगर पंचायत का विकास कार्य प्रभावित करने के उद्देश्य से अध्यक्ष ने अपना फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया। पयागपुर सीएचसी से पर्चा बनवाकर मेडिकल में एक माह का कम्प्लीट बेड रेस्ट लिखवाया गया। फर्जी मेडिकल का प्रकरण देवीपाटन मंडल आयुक्त के संज्ञान में आने पर सीडीओ व सीएमओ की दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। कमेटी की जांच में मेडिकल फर्जी पाया गया और इसे बनाने में तत्कालीन सीएचसी प्रभारी डॉ. विकास सोनी की भूमिका भी सामने आई। आयुक्त को प्रेषित विस्तृत जांच रिपोर्ट में कहा गया कि अध्यक्ष को शासन स्तर की जांच में साक्ष्य व पक्ष प्रस्तुत करने थे। जांच से बचने के लिये अध्यक्ष ने सीएचसी प्रभारी से बीमारी व बेड रेस्ट का फर्जी मेडिकल बनवाया था लेकिन ओपीडी के क्रमांक पर बालेंदु श्रीवास्तव उर्फ विपिन का नाम अंकित नहीं मिला। उस क्रमांक पर किसी महिला का नाम दर्ज था। रिपोर्ट में कहा गया कि अध्यक्ष निजी फायदे के लिये सीएचसी के तत्कालीन प्रभारी से सांठगांठ कर फर्जी अभिलेख तैयार कराने के दोषी पाया गये। इसमें सीएचसी प्रभारी को भी दोषी माना गया। मण्डलायुक्त के निर्देश पर डीएम ने जांच रिपोर्ट पर जेष्ठ अभियोजन अधिकारी से आख्या मांगी और आख्या प्राप्त होने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएचसी प्रभारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश सीएमओ को दिये। एसएचओ करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि सीएमओ की तहरीर पर थाने की पुलिस ने बालेंदु श्रीवास्तव व डॉ. विकास सोनी के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी, कूटरचना, सांठगांठ करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### कार्रवाई

- जालसाजी, धोखाधड़ी, कूटरचना, सांठगांठ के लगे आरोप
- नपं अध्यक्ष के खिलाफ अनियमितताओं की हुई थी शिकायत

## कमरे में फंदा लगाकर युवक ने लगाई फांसी ,मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के थाना पयागपुर के ग्राम वीरपुर कलवारनपुरवा निवासी विक्रम उर्फ रामू (20) पुत्र रामरूप मौर्या ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में कुंड से पत्नी की साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर झूल गया। परिजनो ने बताया कि घटना के समय घर में केवल पति-पत्नी ही थे और दोनो का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इससे पत्नी देर रात कमरे में गई तो देखा कि युवक फांसी के फंदे से झूल रहा है। यह देख उसने शोर मचाया। तब लोग एकत्र हुए और घटना की जानकारी हुई। ज्ञात हो कि मृतक की आठ माह पूर्व शादी हुई थी।

### सार-संक्षेप

## जरवल में जेठ के शनिवार को भण्डारे का आयोजन



भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**जरवल रोड बहराइच, अमृत विचार।** जेठ मास के शनिवार को जरवल के तूफानी चौराहा स्थित प्राचीन दुर्गा काली सोमेश्वर महादेव मंदिर मे पर संकटमोचन हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में शलिकराम सोनी, पूर्व राजस्व निरीक्षक सुरेश चंद्र गुप्ता, संतोष सोनी, शिवनरायन सोनी, बबलू सोनी ,आकाश सोनी ,विनोद शुक्ला ,दीपचंद गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता ,बाबू सिंह, गिरीश चंद्र शर्मा ,सुधीर दिक्षित, रामू शुक्ला ,राजन सोनी, राहुल सोनी, चंदन सोनी , प्रिंस तिवारी ,रामू शुक्ला, आदि के सहयोग से भण्डारे का आयोजन किया गया ।भण्डारे में सुबह से ही प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं की भीड लगी रही ।इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया ।इस अवसर पर विपिन सिंह, मोहित चतुर्वेदी, सोनू सोनी, सिद्धार्थ शुक्ला, चंद्र कुमार जैन आदि व्यवस्था में लगे रहे ।

## स्वास्थ्य कैम्प में 103 मरीजों का किया गया स्वस्थ्य परीक्षण



स्वस्थ्य शिविर में मरीजों को देखते चिकित्सक। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार।** तेजवापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ अभिषेक अग्निहोत्री के नेतृत्व में टाटा ट्रस्ट व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पंचायत टेंडवा बसंतापुर में स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया।इस कैम्प में आए हुए मरीजों की स्वस्थ्य परीक्षण करके दवाएं दी गई तथा आने वाली महिलाओं व बालिकाओं को आरटीआई व यूटीआई संक्रमण व माहवारी सम्बंधित आने वाली समस्याओं की जानकारी व बचाव आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी बताया गया।शिविर में 103 मरीजों को देखा गया।शिविर में डॉ शिव प्रताप,सीएचओ प्रतीक्षा सिंह, एएनएम स्वेता, आशा सुनीता देवी, टाटा ट्रस्ट से मंजू समेत आदि लोग मौजूद रहें।

## पयागपुर नगर पंचायत में हुई बोर्ड की बैठक,




सभासदों के साथ बैठक करते अध्यक्ष व ईओ। अमृत विचार

**पयागपुर बहराइचअमृत विचार।** नगर पंचायत पयागपुर के बोर्ड की सामान्य बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद्र उर्फ बिपिन श्रीवास्तव के अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक का संचालन ईओ प्रमिता सिंह ने किया ।बैठक में बरसात पूर्व नालियों व रास्तों की साफ सफाई,विद्युत व्यवस्था सहित हर घर जल योजना की बदहाली पर चर्चा हुई।बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि बैठक में उपस्थित सात सभासदो ने पानी टंकी निर्माण के दौरान पाइप बिछाने के लिए सड़को को खोदने के बाद पुन: सही नहीं कराने पर नाराजगी व्यक्त की ।बैठक में बरसात के पूर्व नालियों की सफाई की समीक्षा की गई ।कई वार्डो में गंदगी पटी होने का मुद्दा भी उठा ।सभासदों ने बताया कि अभी भी साफ सफाई व्यवस्था कर्मियों की लापरवाही से बिगड़ी हुई है ।अध्यक्ष बालेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता के संबंध में लापरवाही करने वाले दंडित होंगे ।बैठक में सभासद बजरंग बहादुर शर्मा,विजय गौतम विवेक यादव,मीना मिश्रा,बंदना सिंह रूबी रावत और संगीता चौहान ने अपने अपने वार्ड की समस्या उठाई।

### एक नजर

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बहराइच ,अमृत विचार।** बारात से घर वापस होते समय एक बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मोतीपुर अन्तर्गत उर्रा बाजार निवासी अजय पुत्र राजेश गौतम जो शुक्रवार की रात एक बारात से घर वापस लौट रहा था।रास्ते में वह किसी अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हो गया।उसे गम्भीर हालत में मेडिकल कालेज, बहराइच में भर्ती कराया गया।

## शनि देव मंदिर पर भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

**बाबागंज, बहराइच।** सनवाबगंज के सोरहिया स्थित श्री शनि देव भगवान की मंदिर पर दुविधापुर प्रधान केशरी देवी व प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन कराया गया।इसमें आस- पास के श्रद्धालुओं सहित भारी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान कुमार मुकेश ,नरेंद्र कुमार, अजय कुमार , शांति सरोज ,नंदनी सरोज ,संदीप वर्मा, मयाराम वर्मा, विजय वर्मा ,शंकर शरण ,जगतराम ,त्रिलोकी, रामदयाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, बिगड़ी हालत

**जरवल रोड बहराइच ।** हरचंदा गांव निवासी जुनेद अहम (45) ने जहरीला पदार्थ खा लिया ।जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और परिवार के लोगो उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया जहां युवक का इलाज चल रहा है।सीनियर डाक्टर विनोद कुमार के द्वारा युवक का इलाज शुरू किया गया।परिजनों के अनुसार मानसिक तनाव के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था ।

# सेना के सम्मान में सांसद के नेतृत्व में निकली गई रैली

**बहराइच, अमृत विचार।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के जवानो के सम्मान में भाजपा सांसद डा. आनन्द कुमार गोंड की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकली गई इसके क्रम में मिहींपुरवा के मण्डल चफरिया में सेक्टर आम्बा में तिरंगा यात्रा निकाली गई।तदुपरान्त पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर सांसद डा. गोंड ने सेक्टर विशुनापुर, मुजुआ, रमपुरवा व मटेही में जनसमुदाय को सम्बोधित किया।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, राहुल राय, जिला महामंत्री मनीष आर्या, ब्लॉक प्रमुख सौरभ वर्मा, प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद आर्या, जिला कार्यसमिति सदस्य जितेंद्र तिवारी, श्रवण मद्धेशिया, शिवकुमार शुक्ला, मानवेंद्र प्रताप सिंह, राजकिशोर मिश्रा, जिला प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष संजय मौर्या, युवा नेता संजीव गोंड, विधानसभा संयोजक आईटी तरूण तिवारी, विधानसभा सह संयोजक आईटी अमित चौधरी, मंडल महामंत्री विद्याप्रकाश विश्वकर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष संतोष मौर्य, मंडल मंत्री निखिल तिवारी, नादबाबू, इंद्रेश पाण्डेय, मण्डल कोषाध्यक्ष संदीप पोरवाल, राहुल बाथम, सुशील गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, मण्डल संयोजक आईटी प्रफुल जायसवाल, सोशल मीडिया संयोजक हर्षित गुप्ता, प्रधान शिवकुमार, प्रधान विनोद वर्मा, प्रधान प्रदीप, प्रधान अनिल आदि भाजपा कार्यकर्ता व आमजनमानस उपस्थित रहे।

# ट्रेन से कटकर मां-बेटे की हुई मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** गोंडा बहराइच रेल प्रखंड पर डेमू ट्रेन से कटकर मां बेटे की मौत हो गई। मौत ही खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची रेलवे व दरगाह पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बहराइच-गोंडा रेल प्रखंड के पिलर संख्या 59/21 के पास गोंडा से बहराइच आ रही डेमू ट्रेन संख्या 75113 की चपेट में आने से मां बेटे की मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि 25 वर्षीय रोशनी पत्नी हर्षित गुप्ता किसी कार्य से पांच वर्षीय बेटे दिव्यांश जो दरगाह थाना क्षेत्र के नई बस्ती बख्शीपुरा के रहने वाले है। दोनों लोग बाजार गए हुए थे। इसी दौरान जैसे ही बख्शीपुरा स्थित रेलवे क्रासिंग पहुंची तो दिव्यांश आती हुई ट्रेन को देखकर ट्रैक पर दौड़ने लगा जिसे बचाने आई मां भी चपेट में आ गई और दोनों की कटकर मौत हो गई।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बहराइच अमृत विचार।** नानपारा लखीमपुर हाईवे के नैनिहा के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।वही एक हालत गंभीर होने की वजह से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किए जाने पर उसकी मौत हो गई।घायल का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी।मोतीपुर थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुरवा निवासी जगदीश मौर्य पुत्र प्रताप मौर्य एवं मनोहर कौलिक पुत्र दूबर कौलिक शनिवार दोपहर में बाइक से मिहींपुरवा धान का बीज लेने आए थे।धान का बीज लेकर बाइक से गांव आ रहे थे।मोतीपुर थाने के नैनिहा गुरूद्वारा के निकट तेज रफ्तार वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी।बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से मोतीपुर सीएचसी भेजा ।डॉक्टर ने दोनों की स्थिति गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने जगदीश मौर्य की गंभीर हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।ट्रामा सेंटर लखनऊ ले समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# तंबाकू छोड़ने का लिया संकल्प

संवाददाता, पयागपुर,बहराइच



सीएचसी पयागपुर में तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को जागरूक करते चिकित्सक।

**अमृत विचार।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में जागरूकता गोष्ठी आयोजित कर तंबाकू सेवन को छोड़ने का लोगों ने संकल्प लिया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी ने तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये बताया कि तम्बाकू का सेवन करने वाले ज्यादातर लोग कैंसर का शिकार हो रहे है ।उन्होंने बताया कि गर्भावस्था में तंबाकू का सेवन करने से शिशु को अस्थमा, निमोनिया, टीवी आदि रोग होने की संभावना होती है ।डा0 तिवारी ने मौजूद लोगों से निरोग जीवन के लिये तम्बाकू का सेवन छोड़ने की अपील की। जागरूकता गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये चिकित्सक डॉ. शरद भारती ने कहा कि कैंसर जैसी गम्भीर समस्याओं से बचने का एक ही उपाय है कि नशीले पदार्थों का सेवन ना किया जाए ।उन्होंने कहा कि तंबाकू जानलेवा है, फेफड़ों का कैंसर, शवसन रोग, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, शरीर का इम्यून सिस्टम आदि तम्बाकू इसे कमजोर करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है। तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी यह कैंसर की पहली सीढ़ी है ।इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों सहित मरीजों और तीमारदारों ने तंबाकू जैसे नशे को छोडने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बीपीएम अनुपम शुक्ला,टीपी यादव,डा0 अजय सिंह, पद्मा त्रिपाठी, श्रद्धा गौड़, विनोद दूबे, विनोद तिवारी, शुभम तिवारी, रोहित मिश्रा, सूरज भान गिरी तमाम लोग मौजूद रहे।



प्राण-प्रतिषठा से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा में मौजूद श्रृद्धालु। अमृत विचार

## मंदिर मे की गई मूर्तियों की स्थापना

**जरवल रोड बहराइच अमृत विचार।** जरवल ब्लाक के ग्राम बंभौरा स्थित बरूहा आरामशीन के निकट प्राचीन भुयंहारे बाबा का मंदिर का निर्माण कराकर मां दुर्गा , भगवान श्री गणेश , हनुमान जी महाराज व नंदी जी की मूर्तियों की समापना की गई ।इस अवसर पर पूरे विधि विधान से प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया गया । जरवल रोड के बरूहा गांव में प्राचीन काल में बने भुंयहारे बाबा मंदिर स्थल का जीर्णोधार कर भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया ।मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए शोभा यात्रा निकाली गई जो प्राचीन शिव मंदिर , प्राचीन दुर्गामंदिर मंदिर, तूफानी चौराहा पर आचार्य सुनिधि देव मिश्रा द्वारा प्रतिमाओं का मंदिर में स्पर्श कराकर भगवान शंकर मां दुर्गा , पार्वती जी व श्री गणेश जी, हनुमान जी , तथा नंदी जी प्रतिमा स्थापित की गई।कार्यक्रम का आयोजन धर्मदत्त शर्मा ,अनूप शर्मा द्वारा किया गया ।इस अवसर पर पूर्व प्रधान अजय वर्मा ,रामदेव यादव ,गुड्डू यादव,सैकड़ो महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।इस अफसर पर आयोजित भण्डारे में भण्डारे में बडई संख्या में श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।

# घर में घुसे चोरों ने लाखों के माल पर हाथ किया साफ

**बहराइच ,अमृत विचार।** चोरों ने एक घर में घुसकर इस घर के लोगों व मेहमानों की नगदी व जेवर पर हाथ साफ कर दिया। यही नही चोरो ने इस घर के दरवाजे पर फूल पत्ती, सिंदूर आदि भी डाल दिया। इस परिवार के पीड़ित लोगों ने टोटका कर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।चोर लगभग पांच लाख की सम्पत्ति ले गए है।शनिवार सुबह जब इस घर के लोग जागे तो चोरी की भनक लगते ही उनके होश उड़ गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहकीकात की है।मटेरा थाने के भौखरा गांव निवासी प्रदीप मिश्रा पुत्र सुरेश बिहारी अपने परिवार के साथ रहते हैं ।शुक्रवार की देर रात चोर दीवार उनके घर में घुसे।चोरो नेहबक्से व अलमारी का ताला तोड़ते हुए उसमें रखे सोने चांदी के जेवर व लगभग 70 हजार रूपये लेकर फरार हो गए।सुबह जागने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई।पीड़ित ने बताया कि सब लोग रात 12 बजे सो गए थे।उसके बाद चोर घर में घुस पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ले गए हैं ।सुबह घर से कुछ दूरी पर ताला टूटे हुए बक्से बरामद हुए है ।पीड़ित के मुताबिक चोर मेहमानों की भी नगदी व जेवर ले गए।थाने में तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तहकीकात की है।

# अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का निर्माण

**हुजूरपुर ,बहराइच अमृत विचार ।** हुजूरपुर ब्लाक सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की तीसरी जन्म शताब्दी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोकमाता के शौर्य ,वीरता व उनके पराक्रम की चर्चा की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने लोकमाता के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से जुड़ी स्मृतियों एवं संघर्षो की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी ।इस अवसर पर उन्होंने अपने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो की जानकारी भी दी । कार्यक्रम ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने लोकमाता के पराक्रम एवं उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान पवन कुमार सिंह प्राचार्य फूल बक्श सिंह इंटर कॉलेज हुजूरपुर, शिक्षक रामसुघर शुक्ल , भाजपा नेता हरेंद्र विक्रम सिंह, महेंद्र पाठक ,दुर्गेश सिंह ,संतोष त्रिपाठी ,रामू मिश्रा, अश्वनी सिंह सनी, धर्मेंद्र सिंह , विमल सिंह, संजय गुप्ता,भूपेंद्र सिंह बबलू,संधीर निषाद , रिंकू सिंह सहित आंगनबाड़ी की कार्यत्रियां एवं अन्य महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल रही।



ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते विधायक।

## वर्ग पहेली- 448

**बाएं से दाएं**

3.1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4.1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गडुआ।

7.1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।

8.1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।




### वर्ग पहेली -447 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | ■ | 2 घ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | ■ | घ | ■ | ली |
| ल | ■ | ■ | ड़ा | ■ | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | ■ | ■ |
| री | ■ | ■ | 7 ट | कु | ली |
| ■ | 8 ज | ड़ी | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -172

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है।जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है।सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं।इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है।कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए।एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 2 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | 8 | | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 20 .59 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र- अश्लेशा 21.36 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें।आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है।आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। त्वचा में किसी तरह का संक्रमण हो सकता है। परिजनों की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है।

**वृष** — आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे।व्यवसाय में बिक्री होने की संभावना बन रही है। गंभीर विषयों के अध्ययन का प्रयास करेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन** — आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे।अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे।व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे।स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनंद उठायेंगे।जीवनसाथी के प्रति मन में गर्व की भावना उत्पन्न होगी।किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा।

**सिंह** — आज नई परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने संबंध अच्छे बनाए रखें।व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है।विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**कन्या** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं।व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा।परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है।

**तुला** — आज आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ भरपूर मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे।नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा।तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं।लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे।जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा।विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें।

**धनु** — आज दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है।खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है।लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे।धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी।पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव करायेगा।

**मकर** — आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे।दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** — आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट हो सकते हैं।घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा।असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। लेकिन फिर भी आप अपने सभी कार्य निष्ठापूर्वक करेंगे।

**मीन** — आज पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है।बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे।रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा।विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है।विरोधियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

## एक नजर

### युवक का शव ट्यूबवेल के कमरे में फंदे से लटका मिला

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में शुक्रवार रात एक युवक का शव ट्यूबवेल के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। मृतक की पहचान रामगरीब के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रामगरीब शराब के नशे में देर शाम घर से करीब 800 मीटर दूर ट्यूबवेल पर चला गया था। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने शव को साइकिल की ट्यूब से लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। शंभूगंज चौकी प्रभारी सुशील कुमार निर्मल व एसओ पंडित त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी मंजू पाल ने बताया कि रामगरीब शराब का आदी था। घटना से परिवार में शोक का माहौल है।

### पुरानी रंजिश में महिला से मारपीट, तीन नामजद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कुम्हई हमजापुर गांव में शुक्रवार शाम एक महिला पर विपक्षियों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। पीड़िता रघुई पत्नी रामदुलार का आरोप है कि विपक्षीगण शाम छह बजे उनके घर आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने लात-घूंसे से हमला कर दिया, जिससे महिला को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही ध्रुवराज, आयुष कुमार और निशा के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को किया अगवा दो के खिलाफ केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी को शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गांव का ही युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों का आरोप है कि गांव के एक अन्य युवक ने भी किशोरी को भगाने में सहयोग किया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के सूरज और चंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसा, दो लोग घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मित्तूपुर (अंबेडकर नगर) निवासी विजय सोनकर अपने साथी सचिन कुमार कनौजिया (27) को बाइक पर बैठाकर सुलतानपुर स्थित अपनी बहन के घर जा रहे थे। दोपहर में जैसे ही उनकी बाइक 144 माइल टोन के पास पहुंची, वाहन अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में दोनों युवकों को काफी चोटें आईं। मौके पर पहुंची यूपीडा की गश्ती टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सचिन कुमार कनौजिया की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया।

# मनमानी ड्यूटी लगाने पर नर्सों का प्रदर्शन

## घंटों चली मान मनौव्वल, काफी देर तक बाधित रही ओपीडी, हंगामे के कारण नहीं हो सका ऑपरेशन

संवाददाता, सुलतानपुर




सीएमएस ऑफिस के बाहर नर्सों को समझाते डा. पवन सिंह। प्रधानाचार्य कार्यालय के सामने एकत्र नर्स। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के महिला अस्पताल की नर्सों ने शनिवार को अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नर्सों का आरोप है कि उनकी ड्यूटी मनमाने तरीके से बदली जा रही है, जिससे कार्य करने में भारी असुविधा हो रही है। प्रदर्शन कर रही नर्सों ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ऑफिस के सामने जमकर नारेबाजी की और अपने साथ हो रहे भेदभाव का विरोध किया।

नर्सों का कहना है कि महिला विंग में कार्यरत स्टाफ को अचानक पुरुष विंग में भेज दिया जाता है और पुरुष विंग की नर्सों को महिला अस्पताल में तैनात कर दिया जाता है। इससे न केवल कार्य में बाधा आती है, बल्कि मरीजों की देखभाल पर भी असर पड़ता है। बवाल बढ़ने पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और नर्सों को महिला अस्पताल के पांचवें तल स्थित महिला सीएमएस डॉ आरके यादव के कार्यालय में बुलाकर समझाने का प्रयास किया। लेकिन बात नहीं बनने पर डॉ पवन सिंह ने भी नर्सों से बातचीत की, मगर नर्सें अपने फैसले पर अडिग रहीं। उनका कहना था कि जब तक ड्यूटी सिस्टम में कोई ठोस और स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता, प्रदर्शन जारी रहेगा।

ओटी इंचार्ज सिस्टर अनिता राज ने कहा कि लंबे समय से ड्यूटी में इधर-उधर किया जा रहा है, जिससे सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि जिस नर्स की ड्यूटी जहां रहती है, वहीं उसे कार्य करने दिया जाए। प्रदर्शन के दौरान नर्सिंग ऑफिसर सरोज, मधुबाला, रीतू, रहनूर, वसीम, विकास सिंह, रेनू मिश्रा, ज्योति सिंह सहित दर्जनों नर्स मौजूद रहीं।

> नर्सों की कुछ समस्याएं थी। उनकी मांगों पर विचार किया जा रहा है। प्रिंसिपल ने सबकी समस्या को नोट किया है। एक दो दिन में सब सही हो जाएगा। सबको समझाया गया। सब ड्यूटी कर रही है।
> **-डॉ. आरके यादव,** सीएमएस महिला अस्पताल

# एसडीएम के अर्दली से मारपीट में अधिवक्ताओं पर केस दर्ज

लंभुआ, सुलतानपुर

▸▸ **अधिवक्ताओं की हड़ताल के बावजूद कोर्ट संचालन को लेकर घटी घटना**

**अमृत विचारः** लंभुआ एसडीएम और अधिवक्ताओं के बीच चल रही रार बढ़ती जा रही है। अधिवक्ताओं की हड़ताल के दौरान हंगामा व मारपीट के आरोप में छह नामजद वकीलों और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

लंभुआ तहसील परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब अधिवक्ताओं की हड़ताल के बावजूद कोर्ट संचालन को लेकर विवाद गहराया। हंगामे के दौरान अधिवक्ताओं और उप जिलाधिकारी के अर्दली रकीबुद्दीन के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट की नौबत आ गई। इस मामले में अर्दली रकीबुद्दीन की तहरीर पर लंभुआ कोतवाली में छह नामजद अधिवक्ताओं भेन्द्रजीत यादव, रामसागर पाठक, देवेंद्र श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन दुबे, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, रत्नाकर दुबे सहित कई अन्य अज्ञात वकीलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लंभुआ कोतवाल अखिलेश कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

# हत्या और लूट के आरोपी के खिलाफ गैरजमानती वारंट

## अदालत से

▸▸ **कोर्ट ने जमानतदारों को नोटिस भेजने का दिया आदेश**



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गभड़िया मोहल्ला निवासी बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या और जेवरात की लूट के सनसनीखेज मामले में नामजद मुख्य आरोपी की लगातार गैरहाजिरी पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने मुख्य आरोपी प्रवीण शुक्ला के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। साथ ही उसके जमानतदारों को नोटिस भेजने का आदेश भी दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई तीन जून को तय की गई है।

गौरतलब है कि 27 अक्टूबर 2014 को कोतवाली नगर क्षेत्र के गभड़िया मोहल्ला निवासी बृजेंद्र बहादुर सिंह की माता उषा सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि घटना के दौरान हत्यारों ने मृतका के गहने सोने की चेन, बाली, अंगूठी और कड़ा लूट लिए थे। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस विवेचना के दौरान कूरेभार थाना क्षेत्र के पूरे बदल दुबे का पुरवा (मौजा बहादुरपुर कटका) निवासी प्रवीण शुक्ला, उसकी पत्नी मंजू, कोतवाली नगर के बाटा गली निवासी संतोष सोनी तथा लंभुआ के विजय अग्रहरी के नाम सामने आए। चारों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। हालांकि, मुख्य आरोपी प्रवीण शुक्ला न्यायालय में लगातार अनुपस्थित चल रहा है। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए गैरजमानती वारंट जारी कर दिया है और जमानतदारों को भी तलब किया है।

### विजय नारायण सिंह हत्याकांड में दर्ज हुई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शहर के चर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड में शनिवार को अभियोजन गवाह दिनेश कुमार की गवाही दर्ज की गई। कोर्ट ने जिरह के लिए 12 जून की तारीख तय की है। गौरतलब है कि सात अप्रैल 2024 को दरियापुर तिराहे पर कोतवाली नगर के नारायनपुर निवासी विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनके साथी अनूप शर्मा घायल हो गए थे। इस मामले में अम्बेडकरनगर जिले के महरुआ थाने के लोधवा हरिनाथ पुर गांव निवासी अजय सिंह सिलावट समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### डॉक्टर हत्याकांड में दरोगा की गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते साल संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में अपर सेशन जज संतोष कुमार की कोर्ट में शनिवार को दरोगा नियाजी हुसैन गवाही दर्ज की गई। वादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट में दरोगा ने अपना वारंट रिकाल कराते हुए अपनी गवाही दर्ज कराई। कोर्ट ने शेष साक्ष्य की सुनवाई के लिए 16 जून की तारीख तय की है। 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय किए थे जिनका ट्रायल जारी है। इसी मामले में एक आरोपी विजय नारायण सिंह की हत्या हो चुकी है वहीं आरोपी जगदीश नारायण की मृत्यु हो चुकी है। जिससे दोनो पर मुकदमा समाप्त हो गया है।

### उसामा हत्याकांड में दर्ज की गई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के राहुल चौराहा चिकमंडी गांधीनगर में कक्षा चार के मासूम छात्र उसामा के अपहरण व हत्या के मामले में जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत में शनिवार को अभियोजन के तीसरे गवाह सुनील कुमार मिश्र से बचाव पक्ष ने शेष जिरह पूरी की। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए 13 जून की तारीख तय की है। गौरतलब है कि छात्र उसामा को बीते साल 25 नवम्बर को अगवा कर पांच लाख की फिरौती के लिए गला दबाकर आसिफ ने हत्याकांड को अंजाम दिया। मृतक के पिता मोहम्मद शकील ने अज्ञात में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने दौरान तफ्तीश आसिफ उर्फ सोनू के साथ ही उसके पिता ताज उर्फ बब्बू, चाचा मोहम्मद सलीम, चाची रिजवाना और बहन शबनम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में आरोपियों पर आरोप तय होने के बाद अब अभियोजन गवाह में पत्रावली विचाराधीन है।

### संग्रह अमीन व भतीजे की हत्या मामले में गवाही टली

मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या के मामले में शनिवार को अभियोजन गवाह न पहुंचने पर सुनवाई टल गई। अदालत ने अब अगली सुनवाई की तारीख 12 जून तय की है। 27 फरवरी 2023 को हुई इस दोहरी हत्या में कुल 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। मामला अपर जिला जज संतोष कुमार की अदालत में विचाराधीन है।

### पूर्व एमएलसी दीपक के केस में सुनवाई टली

पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के मामले में शनिवार को सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील रवि शुक्ल ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के 10 जून की तारीख तय की है। आरोपियों पर सोनिया गांधी और स्मृति ईरानी विवाद के विरोध में प्रदर्शन और पुतला दहन का आरोप है। 29 जुलाई 2022 को इस मामले में कांग्रेस के 131 नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था, जिनमें से 28 आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल की गई है।

### अपहरण व दुराचार का आरोपी बरी

अमेठी जिले के मुंशीगंज थानाक्षेत्र से अपहरण व दुराचार करने के मामले में विरोधाभासी बयान के कारण पॉक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रतापगढ़ के देवापुर निवासी रवि गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। किशोरी के पिता ने 25 अगस्त 2023 की घटना में आरोपी के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की ओर से पेश गवाहों से बचाव पक्ष के वकील त्रिवेणी मिश्र ने जिरह की। कोर्ट ने गवाहों के विरोधाभासी बयान के कारण आरोपी रवि गुप्ता को दोषमुक्त कर दिया है।

### साक्ष्य के अभाव में हमले के तीन आरोपी बरी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** धनपतगंज थानाक्षेत्र के नारायणपुर में चार साल पूर्व मारपीट, गाली-गलौज और हत्या की धमकी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुबाला शर्मा ने तीन आरोपियों पर आरोप साबित न होने के कारण बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील अजय पाठक के मुताबिक 17 मई 2021 की घटना में पिंटू यादव ने गांव के ही बब्लू यादव उर्फ शिव कुमार यादव, रामकृपाल, मोनू यादव और संतराम यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया था। दौरान तफ्तीश पुलिस ने मोनू यादव को क्लीन चिट दी थी जिस कारण शेष तीन आरोपियों के खिलाफ विचारण चला। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर बब्लू यादव उर्फ शिव कुमार यादव, रामकृपाल उर्फ टुनटुन और संतराम यादव को बरी कर दिया।

### दहेज हत्या के आरोपी पति, सास और ससुर की जमानत याचिका खारिज

प्रभारी सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने दहेज हत्या के गंभीर आरोप में गिरफ्तार कूरेभार थाना क्षेत्र के मनीपुर पटना निवासी आरोपी धर्मेन्द्र यादव, राजदेव यादव व श्रीमती की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपियों पर बल्दीराय थानाक्षेत्र के दौलतपुर निवासी वादी रामलौट यादव ने पुत्री सीमा की दहेज के लिए प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने आरोपों को गंभीर मानते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।

## सार-संक्षेप

### मोईन अहमद हत्याकांड में दरोगा ने दी गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोईन अहमद हत्याकांड में शनिवार को अभियोजन पक्ष के आठवें गवाह दरोगा विकास गुप्ता की गवाही जिला न्यायालय में जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दर्ज की गई। उन्होंने मृतक का पंचायतनामा तैयार किया था। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया कि जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने शेष गवाहों की पेशी के लिए 11 जून की तिथि निर्धारित की है। कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर निवासी मोईन अहमद की हत्या 6 अगस्त 2022 को भूमि विवाद के चलते कर दी गई थी। उन्हें पौधशाला मस्जिद के पास घरहा खुर्द में गोली मार दी गई थी। इस मामले में मृतक के पुत्र गुलफाम अहमद की तहरीर पर गांव के ही फैय्याज अहमद, अफरोज अहमद उर्फ मोटू, मोहम्मद शमीम उर्फ पिंटू, शेख उर्फ फिरदौस, नाटे और सिराज उर्फ गन्नू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।



जयंती कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की धूमधाम से मनी जयंती

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जनसेवा फाउंडेशन के बैनर तले गोलाघाट स्थित नवनिर्मित पाल कॉम्पलेक्स पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, समाज सेवा और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उनके त्याग, न्यायप्रियता और समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अगुवाई जिलाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल द्वारा की गई, जबकि अध्यक्षता रमेश पाल ने की और संचालन डॉ अंजनी पाल ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट सौरभ पाल, सुग्रीव पाल, अंकुर वर्मा, एड. डीएस पाल, आरबी पाल, बृजेन्द्र पाल, रोहित पाल, दुर्गावती पाल, धीरज पाल, जनार्दन पाल, बलराम पाल, राजवन्त पाल, बृजेश पाल, राकेश पाल, विजय पाल, सत्येन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

### बेलवारी में मनी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती

▸▸ **कांग्रेसजनों ने श्रद्धा व उत्साह के साथ अर्पित की श्रद्धांजलि**

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मराठा साम्राज्य की न्यायप्रिय और प्रजावत्सला रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती शनिवार को बेलवारी गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने की। जिलाध्यक्ष राणा ने अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि वे दूरदर्शिता, न्याय और जनसेवा की प्रतीक थीं। उनके जीवन से महिलाओं को प्रेरणा लेकर सामाजिक विकास में भागीदारी निभानी चाहिए। यहां जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाठक, मोतीलाल पाल, संतोष सिंह, रामअनुज पाल, राजेश पाल, रामदत्त पाल, राम बेचन पाल, रविंद्र जायसवाल, जेठू पांडे, हरिराम पाल, श्याम सुंदर पाल, आकाश पाल, आर. एन., चंद्रावती, नीलम, मिथिलेश, हीरावती, कृष्णावती आदि मौजूद रहे।

### ट्यूशन गई किशोरी लापता, युवक पर अपहरण का आरोप

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एक 16 वर्षीय किशोरी शुक्रवार सुबह ट्यूशन के लिए घर से निकली थी, लेकिन एक घंटे बाद भी घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला, तो पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर राजापुर बिजेथुआ गांव निवासी युवक अनुभव पांडेय पर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### समाजसेवी की पुण्यतिथि पर शरबत वितरण

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी स्व. लक्ष्मी नारायण मिश्र की 19वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को कूरेभार के पुरखीपुर चौराहे पर शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी सतीश चंद्र मिश्र ने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष उनके पिता की स्मृति में आयोजित किया जाता है, जो समाज सेवा और जनकल्याण में अग्रणी रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग मौजूद रहे, जिनमें क्षेत्र के पत्रकार, गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि शामिल थे। आयोजक वरिष्ठ पत्रकार सुशील चंद्र मिश्र ने सभी का आभार प्रकट किया।

### शिवनगर, हनुमानगंज व रामपुर में 3 दिन से बिजली गुल

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में विकास क्षेत्र के लोलेपुर उपकेंद्र अंतर्गत शिवनगर, हनुमानगंज और रामपुर गांव में बीते तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। सतेंद्र उपाध्याय के घर के पास स्थित ट्रांसफॉर्मर से आगे की केबल और लगभग 30 साल पुराने जर्जर तारों में खराबी आने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। बुधवार से बिजली बंद है, लेकिन बिजली विभाग की ओर से अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया। तकनीकी खराबी, केबल में शॉर्ट सर्किट और जंपर कटने की वजह से सौ से अधिक घरों की बिजली प्रभावित है। बिजली गुल होने से क्षेत्र के छह निजी नलकूप भी बंद हैं जिससे कई किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासी संजीत सिंह, राजू सिंह, गंगाराम, तुलसीराम आदि ने बिजली विभाग से तत्काल समाधान की मांग की है। अवर अभियंता आनंद जायसवाल ने बताया कि लाइनमैनों को निर्देशित कर दिया गया है, शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।

### तीन दिन से अंधेरे में डूबा हनुमानगंज बाजार चौराहा

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर स्थित हनुमानगंज बाजार का मुख्य चौराहा पिछले तीन दिनों से अंधेरे में डूबा है। करीब तीन महीने पहले ही लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा की विधायक निधि से यहां हाईमास्ट लाइट लगवाई गई थी, लेकिन यह तीसरी बार खराब हो चुकी है। स्थानीय निवासी मु. जफ्फर, सत्य नारायण, सुरेश, संजय, मदनलाल समेत अन्य लोगों ने इस खराबी की जानकारी विधायक प्रतिनिधि और संबंधित विभागीय अधिकारियों को दी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। बार-बार हो रही खराबी से लोगों में नाराजगी है और वे लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। चौराहे पर अंधेरा रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को रात में आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है।

### शाहपुर में गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय मैरिज लॉन में आयोजित पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ का गुरुवार को धार्मिक और भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला में आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति और कल्याण की कामना की। पूर्णाहुति कैलाश तिवारी जी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विधायक राजबाबू उपाध्याय ने गायत्री मंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानव जीवन के लिए ऊर्जा का स्रोत बताया। मुख्य यजमान राम प्रताप शुक्ल ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य धार्मिक जागरूकता और सामाजिक सद्भाव फैलाना था। ग्यारह सौ दीपों के प्रज्वलन ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। कार्यक्रम में डॉ. रमेश ओझा, डॉ. सुधाकर सिंह, जय नारायण तिवारी, बबलू सिंह प्रमुख, प्रभाकर शुक्ला, बृज भूषण शुक्ल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# युवक पर जानलेवा हमला पांच के खिलाफ केस दर्ज

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** शनिवार दोपहर मोतिगरपुर चौक पर बाइक सवार युवक पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने 3 नामजद व दो अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के डीगूरपुर बनकेगांव निवासी अतुल वर्मा शनिवार को बाइक से मोतिगरपुर बाजार आए थे। दोपहर करीब दो बजे जब वह बाजार से लौट रहे थे, तभी चौक पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच युवकों ने उन्हें रोक लिया और अचानक ईंट व डंडों से हमला कर दिया। हमले में अतुल के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गया। घायल युवक को सीएचसी मोतिगरपुर लाया गया। डाक्टरों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल के भाई सुरेश वर्मा ने थाने में तहरीर दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पीयूष वर्मा, अमन निवासी बेसना भैरोपुर और दिलीप चौहान निवासी ढेमा सहित दो अज्ञात पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया शिकायत पर तीन नामजद व दो अज्ञात सहित पांच लोगो पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तालाश की जा रही है जल्द ही सभी को हिरासत में लिया जाएगा।

# आज 11 केंद्रों पर 5399 अभ्यर्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ **परीक्षा की निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम, सीसीटीवी से होगी निगरानी**

▸▸ **नकलविहीन परीक्षा के लिए प्रशासन ने की सख्त व्यवस्थाएं**



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2025 का आयोजन जिले में रविवार को 11 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जहां कुल 5,399 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। नकल विहीन व सुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

इस परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा कराया जा रहा है। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में प्रो. सत्यवीर सिंह, प्रो. एपीएस गौड़, जनपद समन्वयक प्रो. (डॉ.) अंग्रेज़ सिंह और उप नोडल प्रो. (डॉ.) राधेश्याम सिंह शामिल रहे। जनपद समन्वयक प्रो. अंग्रेज़ सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक केंद्र प्रतिनिधि, एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट और दो-दो पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है ताकि परीक्षा पूर्णतः नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए गनपत सहाय पीजी. कॉलेज में एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के प्रभारी स्वयं प्रो. अंग्रेज़ सिंह होंगे। उनके साथ सह प्रभारी के रूप में प्रो. राधेश्याम सिंह, प्रो. सत्यवीर सिंह, डॉ. आशीष दुबे, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह और जयेंद्र त्रिपाठी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन और विश्वविद्यालय की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण शुचिता के साथ संपन्न कराने की दिशा में सख्त कदम उठाए गए हैं।

**समस्या** — गाद और उपेक्षा बनी झील के सूखने की मुख्य वजह, ग्रामीणों ने पुनरुद्धार की उठाई मांग

# ऐंजर झील सूखी, पशु-पक्षियों पर संकट गहराया

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर



सूखी पड़ी ऐंजर झील। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ऐंजर गांव की ऐंजर झील, जो कभी आसपास के ग्रामीण इलाकों देहली बाजार, कनेहटी और वन्य जीवों के लिए प्रमुख जलस्रोत मानी जाती थी, आज पूरी तरह सूख चुकी है। इसका सीधा असर मवेशियों और जलपक्षियों पर पड़ा है, जो भीषण गर्मी में पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार झील में वर्षों से गाद जमा हो रही है, लेकिन समय रहते न तो सफाई कराई गई और न ही इसका गहरीकरण हुआ। इससे बारिश का पानी भी टिक नहीं पा रहा और झील धीरे-धीरे पूरी तरह सूख गई। अब स्थिति यह है कि झील में एक बूंद पानी भी नहीं बचा है।

### पक्षी पानी के लिए तरस रहे, सारस जोड़े पर भी संकट

गर्मी के इस दौर में पक्षियों की हालत भी दयनीय हो गई है। आछरपुर गांव के एक खेत में चल रहे ट्यूबवेल से पानी निकलता देख बड़ी संख्या में जलपक्षी वहां इकट्ठा हो गए। इनमें बगुले, भूरे रंग के जलपक्षी और अन्य प्रजातियां शामिल थीं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस क्षेत्र में रह रहे सारस पक्षियों का एक जोड़ा भी अब पानी की कमी से संकट में है। जैव विविधता की दृष्टि से यह क्षेत्र महत्वपूर्ण माना जाता रहा है, लेकिन झील के सूखने से इसका प्राकृतिक संतुलन खतरे में पड़ गया है।

### पुनरुद्धार की मांग उठी

ग्रामीण बसंतराम विश्वकर्मा, मोहम्मद ईशा, अशोक कुमार, धर्मेंद्र व अन्य स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से झील की सफाई, गहरीकरण और संरक्षण के लिए ठोस योजना बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह क्षेत्र अपनी पर्यावरणीय पहचान पूरी तरह खो देगा।

# वाहन की टक्कर लगने से विक्षिप्त महिला की मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** शनिवार सुबह लखनऊ-बालिया हाईवे पर मोतिगरपुर चौराहे के निकट सड़क हादसे में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मोतिगरपुर थानाध्यक्ष विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उपनिरीक्षक भुवाली प्रसाद ने बताया कि पंचनामा के दौरान हयात नगर, थाना गोसाईगंज निवासी राम सजीवन ने मृत महिला की पहचान अपनी पत्नी चम्पा देवी (50) के रूप में की है।

बताया जा रहा है कि चम्पा देवी बीते कई दिनों से मोतिगरपुर कस्बे और उसके आस-पास क्षेत्र में घूमती हुई देखी जा रही थीं। शनिवार सुबह पठखौली मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राम सजीवन ने बताया कि उनकी पत्नी चार दिन से घर से लापता थीं और परिवारजन उनकी तलाश कर रहे थे। मृतका अपने पीछे पुत्र दुर्गेश, पुत्री शांति और दुर्गा को छोड़ गई हैं। अचानक हुई इस दुर्घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नजर

### हथौड़े के वार से युवक को किया अधमरा, केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे एक युवक को दबंगों ने निर्ममता के साथ रस्सी से बांधकर हथौड़ों से मारकर मरणासन कर दिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम सेखुई बुजुर्ग की है। बताया जाता है कि जीशान पुत्र शफीक शुक्रवार की रात अपनी बहन के घर खाना खाने गया था। खाना कर वह निकल ही था कि गांव के एक दबंग परिवार ने उसे घेर लिया और खींच कर उसे अपने घर ले गए जहां उसी रस्सी से बांध दिया गया। फिर हथौड़े से मारा गया। मरणासन्न हो जाने पर दबंग उसे बाहर फेंक कर चले गए। गांव वालों ने उसे घायलावस्था में सीएचसी इटवा पहुचाया जहां उसकी हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया गया। जीशान के भाई जमाल ने बताया कि लड़की से गली-गलौज का विरोध करने के कारण दबंग पहले से कहर खाये बैठे थे और आज मौका मिलते ही उन्होंने इस घटना को अंजाम दे दिया।

### डीएम ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर विकास सचिव उप्र शासन अजय कुमार शुक्ला द्वारा जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र जोगिया खुर्द विखं मिठवल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शुक्ला ने बच्चों के लिए अलग से शौचालय बनाये जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर के साथ अमृत सरोवर जोगिया खुर्द, विखं मिठवल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

# कुशल प्रशासक और नारी शक्ति की प्रतीक थीं अहिल्याबाई होल्कर

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में संगोष्ठी एवं अहिल्याबाई होल्कर की जीवन प्रशासनिक दक्षता इन संस्कृत योगदान पर आधारित प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम व्यक्ति और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाली निधि यादव व अंश यादव को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा ने कहा अहिल्याबाई का जीवन और कार्य वर्तमान समाज के लिए अनुकरणीय हैं। अहिल्याबाई ने समाज के साथ पूरे देश में धार्मिक क्षेत्र में असाधारण एवं साहसिक कार्य किया था। विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह ने रानी अहिल्याबाई के जीवनी के बारे में बताते हुए कहा अहिल्याबाई ने विकट परिस्थितियों में साम्राज्य और संस्कृति को जिस तरह से बचाया था वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा नारी उत्थान की अप्रतिम प्रतीक, कुशल प्रशासक, परम शिवभक्त, वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उन्हें नमन राष्ट्रीय प्रतीकों की पुनर्स्थापना एवं लोक-कल्याण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव हम सब के लिए प्रेरणा पुंज रहेंगे। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा त्याग व न्याय की प्रतिमूर्ति एवं महिला सशक्तिकरण व धर्म रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाली कुशल शासिका रानी अहिल्याबाई द्वारा राष्ट्र एवं धर्म के उत्थान के लिए किये गए अद्वितीय कार्य हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्षगण नरेंद्र मणि त्रिपाठी, लाल जी त्रिपाठी, पूर्व जिपं. अध्यक्ष साधना चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, रामनिवास यादव, कार्यक्रम संयोजक/जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, सह संयोजक सच्चिदानंद चतुर्वेदी, शिव प्रकाश, जिला महामंत्री विपिन सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, विजयकांत चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष तेजू विश्वकर्मा, गौरी शंकर, जिलामंत्री अजय उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, चेयरमैन अजय गुप्ता, भाजपा नेता अरविंद उपाध्याय, मंगल चौरसिया, अनुराग गगन आदि मौजूद रहे।

### महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उसका बाजार अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत शनिवार को उसका बाजार ब्लॉक सभागार में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद जगदंबिका पाल ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को भारतीय इतिहास की प्रेरणादायी और महानतम नारियों में बताया। होल्कर ने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धार्मिक मूल्यों का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के अद्वितीय कार्यों और समर्पण के कारण ही उन्हें पुण्य श्लोक की उपाधि मिली। उन्होंने कहा कि अहिल्या बाई नारी शशक्तीकरण की प्रेरणा स्रोत, एक अद्वितीय व्यक्तित्व की महिला थी। कार्यक्रम के समापन पर सांसद जगदंबिका पाल द्वारा उपस्थित महिलाओं में उपहार स्वरूप साड़ी और मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कलावती चौहान, ओम प्रकाश गुप्ता, राम सुरेश चौहान, जिला पंचायत सदस्य चिंता चौहान, राम भरोसे चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्या, एसपी अग्रवाल, जगदीश जायसवाल, रणवीर सिंह, बृजेश उपाध्याय, दुर्गेश उपाध्याय, अनूप सिंह, आशीष सिंह, पवन पाण्डेय, अर्जुन लोधी, घनश्याम लोधी आदि रहे।

## जमीन के विवाद में चले ईंट-पत्थर महिला की मौत

**कुशीनगर, अमृत विचार।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल नौगवां गांव में शनिवार की सुबह दो पक्षों के जमीनी विवाद में एक अन्य महिला को गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव के तूफानी यादव, राजेश यादव व उमेश गोंड तथा मिठ्ठु गोंड, विजय गोंड के बीच जमीन को लेकर बीते दो वर्षों से विवाद चल रहा था। शनिवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो कुछ ही देर में हिंसक झड़प में बदल गई। देखते ही देखते दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे। इस दौरान गांव की सरस्वती देवी को गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

## लॉज व रेस्टोरेंट पर पुलिस ने मारा छापा, लॉज सील

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ स्थानीय थाना से 50 मीटर स्थित स्मिता लॉज एंड रेस्टोरेंट को पुलिस ने शनिवार को सील कर दिया। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों द्वारा स्मिता लॉज में कथित अवैध गतिविधियों की शिकायतों के बाद की गई। बता दें कि पुलिस को बीते कुछ दिनों से लॉज में अवैध देह व्यापार और मादक पदार्थों की तस्करी की शिकायतें मिल रही थीं। जिसे लेकर नायब तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ की अगुवाई में पुलिस ने शनिवार को लॉज पर छापामारी की। पुलिस टीम ने लॉज के कमरों, रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि स्मिता लॉज को नियमानुसार नायब तहसीलदार महबूब अंसारी की मौजूदगी में सील किया गया है। उन्होंने कहा कि स्मिता लॉज की संचालन प्रणाली और मालिक की भूमिका की जांच की जायेगी। आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों की मदद भी ली जायेगी। वहीं तीन-चार दिन पहले स्मिता लॉज परिसर में एक विवाद हुआ था। पुलिस इसकी जांच कर रही है कि यह अवैध गतिविधियों से जुड़ा था या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से स्मिता लॉज को लेकर संदेह था।

# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

चौपाल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की उपस्थिति में ग्राम पंचायत नगवा, विकासखण्ड बांसी में पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में सचिव द्वारा ग्राम वासियों से जानकारी प्राप्त की गयी कि भारत सरकार प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ग्राम वासियों द्वारा अवगत कराया गया कि लाभ मिल रहा है। इसके अलावा विभागवार जानकारी प्राप्त किया गया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी का कनेक्शन दिये जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग की समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिये जाने का निर्देश दिया गया। सचिव द्वारा डीएम के साथ प्रावि, नगवा, विखं बांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, एडीएम ललित कुमार मिश्रा, एसडीएम बांसी शंशाक शेखर राय, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, बीएसए शैलेष कुमार, डीपीओ मनोज शुक्ला आदि रहे।


चौपाल में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते सचिव व डीएम। अमृत विचार

# खलिहान की जमीन पर कब्जा, प्रशासन मौन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नेपाल सीमा के समानांतर दस किमी के अंदर सरकारी भूमि पर किसी प्रकार के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाये जाने के बावजूद अतिक्रमणकारियों में न कोई खौफ है न ही उनके हौसले टूट रहे हैं। शोहरतगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम झरुआ में खलिहान की ज़मीन पर कब्जा हो रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत झरुआ में खलिहान की कई बीघा जमीन है उस पर आए दिन कब्जा किया जा रहा है। ग्राम समाज की ज़मीन भी कब्ज़ा की जा रही है। जब कि इस समय सीमाई क्षेत्रों में अवॉइड कब्जों पर प्रशासन की खास नज़र है। इस बारे में ग्राम प्रधान बीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि गांव के दबंग कब्जा करते जा रहे हैं। प्रधान ने बताया कि दबंगों की इन हरक़तों के कारण ग्राम पंचायत का विकास बाधित हो रहा है। उन्होंने डीएम से मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में उप जिलाधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि पूर्व में अवैध निर्माण खाली कराया गया था लेकिन फिर सूचना प्राप्त हुई है निर्माण हुआ है जिस पर टीम गठित कर विधिक कार्यवाही करते हुए कब्जा खाली कराने का कार्य किया जाएगा।

# नदी को पुनर्जीवित कर सदानीरा बनाएं: डीएम

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार।** विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, ब्लॉक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से विखं विशुनपुरा स्थित जंगल सिंगापट्टी के प्रसिद्ध बांसी धाम समेत पौराणिक नदी बांसी के गंभीरिया बुजुर्ग स्थित रामघाट तथा कटाई भरपुरवा में विलुप्त हो रही बांसी नदी को पुनर्जीवित कर सदानीरा बनाने के प्रयास तथा बांसी धाम के जीर्णोद्धार के लिए स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड से बांसी नदी में हमेशा पानी बनाए रखने के दृष्टिकोण से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड एवं बाढ़ खंड को कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि नदी की कुल 25 से 27 किलोमीटर की लंबाई की स्थलीय समीक्षा करें। स्थानीय स्तर से भी उसे जोड़ने के विकल्पों को तलाशें। भरपुरवा रेगुलेटर को खोलने पर क्या प्रभाव पड़ सकता है इसके बारे में अवलोकन किया गया व कुछ नहरों को बांसी नदी में जोड़ने का निर्देश भी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचमित्र की सहायता से मन, मनोयोग, मनोबल, मशीन एवं मनरेगा को मूलमंत्र बनाकर इस नदी को पुनर्जीवित कर सदानीरा बनाना है। पूरी टीम के साथ इस पर कार्य करें। पंचमित्र का संकल्प एवं नूतन प्रयासों से ही इसे कल कल धारा में परिवर्तित किया जा सकता है। उन्होंने यह निर्देशित किया एक सप्ताह के भीतर सम्पूर्ण कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएन राम, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड महेश, ग्राम प्रधान, बिहार के सांसद सुनील कुशवाहा के प्रतिनिधि, तहसीलदार सदर पूर्णिमा सिंह यूपी बिहार के बाढ़ खण्ड व सिंचाई विभाग के अभियंता, समिति अध्यक्ष भीम सिंह. सलाहकार टीए राघवेंद्र पाण्डेय, बबलू कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी व समिति के लोग मौजूद रहे।


अफसरों और समिति के लोगों से वार्ता करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस के अभियान की शुरूआत प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार द्वारा की गयी। विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष का थीम जिसका उद्देष्य यात्रियों में प्लास्टिक के उपयोग तथा उससे होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करना है। इसके तहत 28 से 30 मई 2025 तक पर्यावरण सांग, पोस्टर, बैनर एवं पर्यावरण सम्बन्धित नारों द्वारा यात्रियों को जागरूक किया गया। एनजीटी द्वारा नामित पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के सात, वाराणसी मण्डल के 12 तथा इज्जतनगर मण्डल के 10 स्टेशनों सहित कुल 29 स्टेशनों पर एक-एक बाटल क्रषर मशीन लगे हैं। 28 से 30 मई तक मुख्य रूप से प्लेटफार्मों पर प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन का रखरखाव एवं प्रयोग कर बोतलों को क्रष करने, रेलवे स्टेषन पर स्थित वाटर बूथ पर पानी के एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में विक्रेता एवं यात्रियों को जानकारी देने एवं विषेष अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर व स्वच्छ ड्राइव चला कर लोगों को जागरूक किया गया। प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में उद्घोषणा प्रणाली से रेल यात्रियों को प्लास्टिक प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के महत्व पर जागरूकता संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। प्लास्टिक प्रदूषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक आ आयोजन कर प्लास्टिक प्रदूषण के मुद्दे पर यात्रियों और कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता अभियानों की निरंतरता बनाये रखते हुये प्लास्टिक अपषिष्ट संग्रह, पृथक्करण और निपटान पर नये सिरे से ध्यान देने के साथ स्वच्छता अभियान चलाये जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देष्य पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुये स्वच्छता के उच्च मानको को बनाये रखना है। इसी क्रम में 31 मई को ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा निदेशक डॉ. मो. एए खान, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेषक डॉ. एम. नाथ, डॉ. नन्द किषोर प्रसाद, वरिष्ठ चिकित्सक तथा चिकित्साकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देष्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा सरकार के दिषा निर्देषों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपना योगदान देना है।



पर्यावरण संरक्षण के प्रति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को जागरूक करते रेलकर्मी।

## 2 किलो 850 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमा अंतर्गत ककरहवा बॉर्डर चिरिपुर पुल पर शनिवार को ककरहवा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने 2 किलो 850 ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम भारत नेपाल सीमा से सटे चिरिपुर पुल पर चेकिंग रहे थे तभी एक होंडा सिटी कार मे दो संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। कार रोक कर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 2 किलो 850 ग्राम चरस बरामद हुई। चरस के साथ पकड़े गए व्यक्ति की पहचान जावेद अली पुत्र वली मोहम्मद निवासी साकिन गडरखा थाना ढेबरुवा एंव रामकुमार पुत्र चंद्रराम निवासी गडरखा थाना ढेबरुवा के रूप में हुई है। पकड़े गये व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज ककरहवा वीरेंद्र यादव अनुराग तिवारी, राजन सिंह तथा सशस्त्र सीमा बल से रमावत आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### भूमि उपलब्ध न होने से अधर में लटकी पेयजल योजना

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़ अंतर्गत ग्राम कोइरीडिहा व गजहड़ा में पानी की टंकी के लिए भूमि उपलब्ध न होने से पेयजल योजना अधर में लटकी है। जलजीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम कोइरीडिहा व गजहड़ा को चिह्नित किया गया था। मगर लेखपाल द्वारा भूमि उपलब्ध न कराने पर निर्माण कार्य अधर में लटक गया है। असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर नलकूप अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्राम कोइरीडिहा में पानी की टंकी, पंप घर व अन्य सम्बन्धित उपकरण लगाने के लिए तहसील प्रशासन को पत्र सौंपा गया था। भूमि उपलब्ध न होने से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। जबकि गांव के कुछ लोगों ने बताया कि लेखपाल व प्रधान की मिलीभगत से ग्राम समाज की जमीन पर दो दर्जन से अधिक लोग काबिज हैं। तहसील प्रशासन अगर कब्जाधारकों से भूमि मुक्त करा दें तो गांव में पानी की टंकी लग जायेगी और लोगों को पेयजल मिलने लगेगा। एसडीएम राहुल सिंह ने कहा कि भूमि उपलब्ध कराने के लिए सर्वे कराया जायेगा। सरकारी जमीन पर जिन लोगों ने कब्जा किया है उन्हें बेदखल किया जायेगा।

### पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते खरैया पोखरा जन कल्याण समिति के पदाधिकारी।

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के गोरखपुर दौरे के दौरान खरैया पोखरा जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने गोरखनाथ मंदिर में उनसे मिलकर विभिन्न जन समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया। कहा कि जन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष डॉ. डीएन त्रिपाठी, सचिव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सूर्य प्रकाश गुप्ता, संयुक्त सचिव हर्ष गुप्ता व सदस्य राजीव चौरसिया उपस्थित मौजूद रहे।

### सिविल बार प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से की मुलाकात


सांसद जगदंबिका पाल से मुलाकात करते सिविल बार प्रतिनिधिमंडल के लोग।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में महामंत्री कृपा शंकर त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश कुमार पांडे राघवेंद्र सिंह अनिल विश्वकर्मा के साथ कैंप कार्यालय पर पहुंचकर सांसद जगदंबिका पाल को याद दिलाया कि आपके साथ बार भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तब सांसद थे के प्रकरण को याद दिलाते हुए एक पत्रक और उसके साथ नक्शा आदि के साथ प्रस्तुत किया जिसमें बताया गया कि सीएम ने बार भवन में यह वचन दिया था कि जब मैं कुछ बन जाऊंगा तो इस बार भूमि में सभा कक्ष, पुस्तकालय व अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चेंबर का निर्माण कराऊंगा।

### राष्ट्रीय शिविर में शामिल होंगे तीन एनसीसी कैडेट

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विवि गोरखपुर के तीन एनसीसी कैडेट, सीमा दर्शन टूर एंड ट्रैक राष्ट्रीय शिविर बरेली में शामिल होंगे। एक से आठ जून तक आयोजित राष्ट्रीय शिविर में 102 यूपी बटालियन गोरखपुर मुख्यालय से कुल पांच कैडेट का चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है जिनमें से तीन एमजीयूजी के हैं। एमजीयूजी के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विवि के तीन कैडेट लांस कॉरपोरल हर्षव साहनी, कैडेट अरुण विश्वकर्मा व आलोक दीक्षित बटालियन का प्रतिनिधत्व करेंगे।

### पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों को किया बरामद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना पथरा बाजार पुलिस ने दो गुमशुदा नाबालिग लड़कियों को बरामद किया है। आवेदक आशीष त्रिपाठी पुत्र केशव प्रसाद त्रिपाठी सकिन अल्लापुर थाना पथरा बाजार द्वारा तहरीर थाना पथरा बाजार पर दिया गया कि उनकी दोनों लड़कियां मां द्वारा खाना न बनाने की बात को लेकर डांटने पर कहीं चली गई हैं। उक्त तहरीर के आधार पर केस पंजीकृत किया गया।

# 150 ट्रेनों में हाउस कीपिंग सर्विस की सुविधा उपलब्ध

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने हेतु क्लीन ट्रेन स्टेशन (सीटीएस) एवं ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) के अन्तर्गत गाड़ियों की साफ-सफाई कराई जाती है। क्लीन ट्रेन स्टेशन योजना के अन्तर्गत ट्रेनों के नामित स्टेशन पर पहुंचते ही टॉयलेट की सफाई मशीनीकृत तरीकों से तथा विंडों ग्लास की सफाई भी आधुनिक तरीके से किया जाता है। विशेष रूप से टॉयलेट की सफाई एवं उसे किटाणुमुक्त करने पर ध्यान दिया जाता है। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर, ऐशबाग एवं छपरा स्टेशन 'क्लीन ट्रेन स्टेशन' नामित हैं, जिसमें से गोरखपुर स्टेशन पर 37 ऐशबाग स्टेशन पर 14 तथा छपरा स्टेशन पर 22 सहित कुल 73 ट्रेनों की साफ-सफाई प्रतिदिन की जाती है। इसके अतिरिक्त ट्रेनों में यात्रा के दौरान स्वच्छता को सुनिश्चित करने हेतु ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस की व्यवस्था है। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के 38 एवं इज्जतनगर मंडल के 32 तथा लखनऊ मंडल के 80 ट्रेनों सहित कुल 150 ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस की सुविधा उपलब्ध है। जिनके द्वारा साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती है। इसके अतिरिक्त टेनों में यात्री, रेल मदद के हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल कर किसी भी समय कर्मचारी को बुलाकर कोच की सफाई करा सकते हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय विवेकानंद नगर (भीमापार) स्थित नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर हेतु मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा शनिवार को विधिविधान से सम्पन्न हुई।

नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर भीमापार में श्री राधा कृष्ण समेत मां दुर्गा, श्री गणेश आदि मूर्तियों एवं शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा आचार्य इन्द्रासन मिश्र के नेतृत्व में आचार्यों के दल ने पूरे विधि विधान से सम्पन्न कराया। मंगलवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के द्वितीय दिवस बुधवार को देवी देवताओं का आह्वान किया गया। मन्दिरों का भ्रमण कर मूर्तियों से मिलाप हेतु गुरुवार को नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा भीमापार से प्रारम्भ होकर हनुमान गढ़ी होते हुए श्री सिंघेश्वरी देवी मंदिर पर गई। शुक्रवार को अधिवास पूजन के क्रम में जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास आदि पूजन सम्पन्न हुआ।

शनिवार को स्नान पूजन आदि विधियों से मूर्तियों को निर्धारित स्थान पर स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस दौरान राधे कृष्ण की भक्ति, भावना व भजनों में श्रद्धालु भावविभोर रहे। इस मौके पर राजेश मणि त्रिपाठी, पवन उपाध्याय, ओम प्रकाश मिश्र, दिनेश भार्गव, कृष्ण मोहन उपाध्याय, रजनीश दूबे, सुभाष त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, बलदाऊ शर्मा, अजय तिवारी, उषा उपाध्याय, ओपी शर्मा आदि ने सपरिवार पूजन में भाग लिया। इस दौरान राकेश त्रिपाठी, किंकर गुप्ता, सुधीर यादव, विनोद सिंह, शिवेंदर पांडेय, सोनू सिंह, बृजेश द्विवेदी, केपी सिंह आदि मौजूद रहे।


भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# देश में कोरोना के 3,395 मरीज, 4 की मौत

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, संक्रमण से जान गंवाने वालों में यूपी का भी एक व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कुल चार रोगियों की मौत हुई है। दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार पहुंची हैद्ध

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत में कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है, ज्यादातर मरीजों की घर पर ही देखभाल की जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। देश में 22 मई को रोगियों की संख्या 257 थी। 26 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों में कहा गया है कि केरल में 1,336, महाराष्ट्र में 467, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 लोग संक्रमित हैं। वहीं, ओडिशा में दो और लोगों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद राज्य में कुल मामलों की संख्या सात हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अश्वथी एस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा स्वरूप में गंभीर लक्षण नहीं दिखते और ज्यादातर मामले हल्के हैं। साथ ही, केंद्र ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन सभी को बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यक सावधानी बरत रही है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सोमवार को कहा था कि पश्चिम और दक्षिण भारत में नमूनों की जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि नये स्वरूप गंभीर नहीं हैं और ये ओमीक्रॉन के उप-स्वरूप हैं। उन्होंने कहा था कि पहले तीन स्वरूप के मामले ज्यादा हैं। डॉ. बहल ने कहा था, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। इस समय, कुल मिलाकर, हमें निगरानी रखनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।



● एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार, केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित

### हमें और होशियार रहने की जरूरत

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने मुताबिक हम स्थिति पर नजदीकी निगाह रखे हुए हैं। इस स्थिति में हमें और होशियार रहने की जरूरत है। लेकिन बहुत ज्यादा डरना नहीं है। अब तक ओमिक्रॉन के 4 सबवेरिएंट मिले हैं– एलउफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी.1.8.1 मिले हैं। इनमें पहले तीन ज्यादा तेजी से फैलते हैं।

# राहुल को नहीं दी जाएगी सावरकर के पोते के मातृवंश की जानकारी, याचिका खारिज

पुणे, एजेंसी

पुणे की एक कोर्ट ने शनिवार को विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की मातृवंश की जानकारी मांगने वाली राहुल गांधी की अर्जी खारिज कर दी। कांग्रेस नेता द्वारा सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सत्यकी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है और राहुल ने कोर्ट में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक भाषण से संबंधित है, न कि सत्यकी सावरकर की मां दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के मायके से। हिमानी सावरकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के छोटे भाई गोपाल विनायक गोडसे की बेटी थीं। गांधी ने अपने वकील के जरिये दलील दी थी कि शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज करते समय अपने पिता के परिवार का विवरण तो दिया था, लेकिन अपनी मां के मायके की जानकारी नहीं दी है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि यह जानकारी सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण थी। कोर्ट कहा, यह मामला दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के वंश से संबंधित या विवाद को लेकर नहीं है। इसलिए, आरोपी के आवेदन में कोई गुण नहीं दिखती। मामले को आगे जांच के लिए भेजने की भी कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, अदालत ने गांधी की जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली सत्यकी सावरकर की याचिका को भी खारिज करते हुए कहा कि दिए गए आधार ऐसी कार्रवाई के लिए पर्याप्त नहीं हैं।



**मानहानि मामला**

● कांग्रेस नेता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कराई गई थी शिकायत दर्ज

● राहुल ने अदालत में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था

## एक नजर

### नामपट्टिका पर पेशाब करने के आरोपी पर मामला दर्ज

**पुणे।** अम्बेगांव बुद्रुक में स्थित शिवाजी महाराज को समर्पित शिवसृष्टि थीम पार्क के गेट पर लगी नामपट्टिका पर शनिवार तड़के पेशाब करने के आरोप में 59 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवनाथ अमराले की शिकायत के आधार पर भारती विद्यापीठ पुलिस ने अमोल अरुण कुलकर्णी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता दोस्त के साथ घर लौट रहा था, जब तड़के तीन बजे उसने एक व्यक्ति को शिवसृष्टि के गेट पर लगी नामपट्टिका पर पेशाब करते देखा।

### आय से अधिक संपत्ति में घिरे अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेलागवी।** कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य भर में उन सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। बेलगावी, बागलकोट, बल्लारी, उडुपी, दावणगेरे, धारवाड़ और गदग सहित सात जिलों में छापेमारी की गई। जिन स्थानों पर छापे मारे गए वे बेलगावी में डी देवराज उर्स पिछड़ा अभिवृद्धि निगम के जिला प्रबंधक सिद्धलिंगप्पा, बागलकोट में ग्रामीण अभिवृद्धि और पंचयात राज विभाग के प्रथम श्रेणी सहायक शैला सुभाष तत्राणी तथा बल्लारी में पीडब्ल्यूडी से जुड़े हैं।

# भारतीय सेना ने किया अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकियों का परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना लक्ष्य

भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन, रनवे इंडिपेंडेंट, रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। इन मूल्यांकनों के माध्यम से, भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है। भारतीय सेना वर्तमान में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देश भर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता विकास प्रदर्शन कर रही है।

## जागरूकता अभियान




कोलकाता में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते स्वयंसेवक। इस दौरान तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों बताया गया। एजेंसी

# वायुसेना प्रमुख का हालिया बयान चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय है और ऐसे में सरकार को जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

● कहा- परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय सरकार उठाए सुधारात्मक कदम

सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय करार दिया था और विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस नेता और तेलंगाना सरकार के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, पार्टी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में एक बहुत ही निर्णायक जीत में वायु सेना की भूमिका की सराहना करती है।

# प्रधानमंत्री ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली : नड्डा

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तीकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है।



● कहा- पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही

## एनआईए ने तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में तीन नक्सलियों के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली में कथित रूप से शामिल होने के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को दाखिल पूरक आरोपपत्र में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा उर्फ सुनील कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर 2023 के भाकपा (माओवादी) साजिश मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है।

● प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली का मामला

# जयपुर में दो प्रमुख होटलों को बम से उड़ाने की धमकी, कार्यक्रम में तीन मंत्री भी थे मौजूद

जयपुर, एजेंसी

● धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद होटलों को खाली करवाया

जयपुर के दो प्रमुख होटलों में शनिवार को विस्फोटक होने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और इन होटलों को खाली करवाया गया। शनिवार को जब यह धमकी भरा ईमेल मिला उस समय राज्य सरकार के तीन मंत्री एक होटल में कार्यक्रम में भाग ले रहे थे।

हालांकि, होटल की गहन तलाशी ली गई लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। शहर में स्थित हॉलिडे इन होटल को शनिवार सुबह ईमेल के माध्यम से परिसर में बम होने की धमकी मिली। उस समय वहां एक कार्यक्रम चल रहा था। इसके मेहमानों में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, उद्यमिता मंत्री के.के. बिश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मंत्री बेढम को कार्यक्रम के दौरान धमकी के बारे में बताया गया। उन्होंने कार्यक्रम में होटल को खाली करने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद तीनों मंत्री वहां से चले गए।

अतिरिक्त उपायुक्त (दक्षिण) ललित शर्मा ने बताया कि बम और स्वान दस्ते ने होटल की गहन तलाशी ली लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इसके कुछ ही देर बाद, दिल्ली रोड पर स्थित रैफल्स होटल को ईमेल के जरिए ऐसी ही धमकी मिली। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और बम निरोधक दस्ते की टीम दोनों जगहों पर पहुंच गईं।

## कारोबार/कृषि

# इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करेंगे ट्रंप

## भारत में आवास, वाहन और अन्य सामान की बढ़ सकती हैं कीमतें

पेन्सिल्वेनिया, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ये निर्यात अब तेजी से बढ़ते अमेरिकी शुल्क से प्रभावित होंगे, जिससे भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों की लाभप्रदता को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप द्वारा शुल्क को दोगुना करने के बाद, यह देखना बाकी है कि क्या भारत एक महीने के भीतर कुछ अमेरिकी निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले ही डब्ल्यूटीओ में एक औपचारिक नोटिस दिया है, जिसमें उसने इस्पात पर पहले लगाए गए शुल्क के जवाब में अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने के अपने इरादे का संकेत दिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा, और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिर्माता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिर्माता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा 'आंशिक स्वामित्व' के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा, हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे।

उन्होंने कहा, आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न? शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से 'अमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा। लेकिन इतनी नाटकीय वृद्धि कीमतों को और भी अधिक बढ़ा सकती है। सरकार के उत्पादक मूल्य सूचकांक के अनुसार, जनवरी के मध्य में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से इस्पात की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

● एल्युमीनियम शुल्क में भी बढ़ोतरी बुधवार से होंगी लागू



### स्टील, एल्युमीनियम पर ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है। निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पाट्र्स जैसी अर्ध–तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024–25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं।

**सरकार से निर्यात की सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह**

# कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क में 10% की कमी

● शुल्क बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य तेल की कीमतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि रिफाइंड ऑयल पर शुद्ध सीमा शुल्क अभी 35.25 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय द्वारा कल देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार यह कमी शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसके बाद कच्चे खाद्य तेल पर शुद्ध सीमा शुल्क 16.5 प्रतिशत हो गया है।

शुल्क में बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना है।सरकार ने यह कदम खाद्य तेल कीमतों में उछाल के बीच उठाया है। भारत में इस साल सरसों की बंपर फसल के प्रभाव को नकारते हुए खाद्य तेलों की कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ गई हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरसों तेल की कीमतें औसतन 25 प्रतिशत बढ़कर 170 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। एक साल पहले की तुलना में 28 मई को पाम ऑयल की औसत खुदरा कीमत 34 प्रतिशत बढ़कर 134 रुपये प्रति लीटर हो गई जबकि सूरजमुखी की कीमतें 30 प्रतिशत अधिक थीं। सोया तेल में सबसे कम 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और घरेलू बाजार में इसकी कीमत करीब 147 रुपये प्रति लीटर है।



# नैतिक तरीकों से अर्जित लाभ से राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन: सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को संपत्ति सृजनकर्ता कहती है। उन्होंने कहा कि नैतिक तरीकों से उनके द्वारा अर्जित लाभ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में संपत्ति सृजन कभी भी वर्जित नहीं रहा है। हमने संपत्ति सृजन को बढ़ावा दिया है। हम संपत्ति सृजन चाहते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में उद्यमियों को हम संपत्ति सृजनकर्ता कहते हैं। वे चोर नहीं हैं। पंडित उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह पार्टी ही अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वास्तविक नैतिक प्रथाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाए। इससे ही राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन होगा। एक बार जब आपके पास संपत्ति होगी, तो आप श्रम को गरिमा देंगे, आप शिक्षा देंगे, आप कौशल देंगे, और आप राष्ट्र की गति और भावना को बढ़ावा देंगे। भारत के लिए दीनदयाल उपाध्याय के विचार को याद करते हुए, सीतारमण ने कहा कि योजना बनाते समय, हमें व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए उसका उत्थान किया जा सके।



## 8,450 करोड़ की तीन संपत्तियां इनविट फंड में स्थानांतरण को मंजूर

**नई दिल्ली।** देश के पहले सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने अपनी तीन राजमार्ग संपत्तियों को आईआरबी इनविट फंड में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

इन संपत्तियों का कुल उद्यम मूल्य लगभग 8,450 करोड़ रुपये के करीब है। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स की सहायक कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौता शुक्रवार को हुआ। यह लेन-देन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

# कोटक महिंद्रा बैंक ने पारितोश का पदोन्नयन ईडी के रूप में किया

नई दिल्ली, एजेंसी

निजी क्षेत्र के ऋणदाता बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक ने कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद के लिए वर्तमान में समूह अध्यक्ष, पारितोश कश्यप को पदोन्नयन देने की घोषणा की। यह फैसला, नियामकीय अनुमोदन के अधीन है। कश्यप, कोटक समूह के साथ तीन दशकों से अधिक समय से है और वर्ष 2022 से थोक बैंकिंग व्यवसाय का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने समूह के साथ अपने लंबे करियर के दौरान व्यवस्थित वित्त, रियल एस्टेट और ऋण पूंजी बाजार सहित कई प्रमुख व्यवसायों का नेतृत्व किया है। बैंक ने कहा कि शांती एकम्बराम, उप प्रबंध निदेशक, अपने वर्तमान कार्यकाल के पूरा होने पर, 31 अक्टूबर, 2025 को अपनी भूमिका से सेवानिवृत्त होंगे। कोटक महिंद्रा बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने कोटक समूह में एकम्बराम के योगदान की गहरी सराहना की गई। इस बदलाव पर टिप्पणी करते हुए, कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अशोक वासवानी ने कहा, शांती, कोटक की यात्रा की आधारशिला रही हैं।

### खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती से रिफाइनरों को संरक्षण मिलेगा: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए और आईवीपीए ने कच्चे तेलों पर मूल सीमा शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि इस कदम से तैयार उत्पादों के आयात को हतोत्साहित किया जाएगा और घरेलू तेल परिशोधक कंपनियों (रिफाइनरों) के हितों की रक्षा होगी। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा, जबकि पहले यह 27.5 प्रतिशत था। पिछले छह महीनों में रिफाइंड पामोलीन के आयात में तेज वृद्धि होने के बाद, दोनों उद्योग निकाय, सरकार से कच्चे खाद्य तेलों और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच शुल्क अंतर को बढ़ाने का आग्रह करते आ रहे हैं। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का सरकार का निर्णय एक साहसिक और समय पर उठाया गया कदम है।





## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
शाम 7:30 बजे




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# आईपीएल फाइनल की दूसरी टीम का फैसला आज

## पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती



श्रेयस अय्यर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।

पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है, तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं। जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर, प्रवीण दुबे।

**मौसम का हाल :** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान अहमदाबाद में बारिश की संभावना न के बराबर है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।



अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास करते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी। • एजेंसी



हार्दिक पंड्या

### किंग्स के बल्लेबाजों को सुधार करना होगा

पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली।

### रोहित लौटे लय में, अंकुश लगाना आसान नहीं

रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी।

## काउंटी क्रिकेट ने मुझे 'बेसिक्स' की याद दिलाई: सुदर्शन

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारत के उदीयमान बल्लेबाज साई सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है।

सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है। पिछले कुछ सत्र

• आईपीएल में 54.21 की औसत से सर्वाधिक 759 रन बनाए हैं साई ने



में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

सुदर्शन ने कहा मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ। इससे मेरी बल्लेबाजी में तकनीक और बुनियादी बातों के मामले में कई गुना सुधार हुआ। इससे मुझे पता चला कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' सबसे महत्वपूर्ण चीज हैं। उन्होंने पीटीआई के सवाल के जवाब में कहा इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी और मैंने जो सीखा है उस पर अधिक ध्यान दूंगा। में सीरीज से पहले खुद को जागरूक करने और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दूंगा। सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेल रहे हैं और सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल होगा लेकिन पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा और उनके पास लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने के लिए सामंजस्य बिठाने के लिए पर्याप्त समय है।

उन्होंने कहा निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा। सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है।

## भारत की युवा टीम इंग्लैंड में कुछ खास हासिल करने में सक्षम : डिविलियर्स

**मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा। भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत



को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।

## वर्षों से बनी जीत की संस्कृति बड़े मैचों में मदद करती है: माहेला

**मुल्लापुर :** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है। जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं।

## खेल डायरी

### जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी।

### ओवरटन इंग्लैंड की वनडे और टी20 सीरीज से बाहर

**लंदन :** जेमी ओवरटन बृहस्पतिवार को वनडे सीरीज के पहले मैच में लगी उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के बाकी बचे वनडे और टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर एजबेस्टन में इंग्लैंड की 238 रन की जीत के दौरान रिटर्न कैच लेने की कोशिश करते हुए उंगली में चोट लगा बैठे। इंग्लैंड क्रिकेट ने शनिवार को एक बयान में कहा अब वह इंग्लैंड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन करायेंगे।

### ललित ने आईबीबीएफ विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीते

**अहमदाबाद :** गुजरात के ललित पटेल ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईबीबीएफ विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। मास्टर टू श्रेणी (83-93 किग्रा) में चुनौती पेश करने वाले पटेल ने 10 से 12 मई के बीच आयोजित प्रतियोगिता में बेंच प्रेस डेडलिफ्ट और 'स्क्वाट' स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## अल्काराज और होल्गर रूण फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, एजेंसी :** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दजुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था। चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रूण ने इस दौरान एक दर्शक को बाहर करने की अपील भी की जो लगातार उन पर चिल्ला रहा था। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



बोस्निया के दामिर दजुमुर को हराने के बाद जश्न मनाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज़।

## करुण नायर का दोहरा शतक भारत ए के लंच तक सात विकेट पर 533 रन बनाए

**कैंटरबरी (इंग्लैंड) :** करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक सात विकेट पर 533 रन बना लिए। नायर ने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 409 रन से आगे खेलना शुरू किया और उनके दोहरे शतक से टीम ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा।

शुरुआती सत्र के अंत में अंशुल कंबोज 16 और हर्ष दुबे 32 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। इससे पहले भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे। नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े। जुरेल के आउट होने से यह भागीदारी टूट गई। नायर भी अपना दोहरा शतक पूरा करने के बाद ज्यादा देर तक नहीं खेल पाए और जमान अख्तर की इनकमिंग गेंद पर बल्ला छुआकर जेम्स रियू के हाथों लपके गए। शार्दुल ठाकुर भी 27 रन पर अख्तर का शिकार बने।

## भारत 24 पदक के साथ एशियाई एथलेटिक्स में दूसरे स्थान पर

**गुमी (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए। पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे। भारत के कुल पदकों की संख्या पिछली बार से तीन कम है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार दो स्वर्ण पदक अधिक जीते हैं। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का यह 2017 में भुवनेश्वर में हुए इन खेलों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भुवनेश्वर में भारत 29 पदक (10 स्वर्ण, छह रजत और 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर था। जापान पांच स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए।

उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। सचिन यहा विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर को मामूली अंतर से चूक गये। उन्होंने अपने टखने और कंधे की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ठ नहीं है। उन्होंने कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं। मैं हालांकि पदक और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापस जाऊंगा। सचिन ने सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने की उम्मीद जताई लेकिन इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। उन्होंने कहा मैं जब वापस लौटूंगा, तो पूरी ताकत से अभ्यास करुंगा।




• सचिन, पारुल और महिला रिले टीम ने रजत पदक जीता



सचिन यादव। • एजेंसी

## जान बचाने की जद्दोजहद



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में मूसलधार बारिश के बाद जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान पानी से घिरे इलाकों में फंसे लोगों की मदद के लिए रस्सी के सहारे कमर तक भरे कीचड़युक्त पानी में बचावकर्मी संघर्ष कर रहे। मणिपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बारिश के कारण ऊपरी इलाके लोग घरों में कैद हो गए है और नीचले क्षेत्र में पानी भर जाने से तबाही सा मंजर बना हुआ है। एजेंसी

# भारतीय रुपया विदेश में कितना ताकतवर

रुपया (आईएनआर) भारत की आधिकारिक मुद्रा है, लेकिन इसकी स्वीकार्यता सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। भारत के कुछ पड़ोसी देशों और अन्य देशों में भी यह मुद्रा या तो अनौपचारिक रूप से उपयोग की जाती है या कानूनी मान्यता प्राप्त है। भारत का आर्थिक प्रभाव, पर्यटकों की संख्या, और पड़ोसी देशों के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध इसके प्रमुख कारण हैं। कुछ देशों में भारतीय मुद्रा को सीमित सीमा तक स्थानीय दुकानों या बाजारों में स्वीकार किया जाता है, जबकि जिंबाब्वे जैसे देश में इसे कानूनी मुद्रा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हालांकि, विदेश यात्रा करते समय भारतीय रुपये की सीमित मात्रा ले जाने की अनुमति होती है, और हर देश की अपनी विनिमय नीतिया होती हैं।

### रुपया कहां-कहां मान्य

**भारतीय रुपया मुख्यत:** भारत की मुद्रा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों में यह मुद्रा स्वीकार की जाती है। इन देशों में इसका उपयोग दो श्रेणियों में होता है– अनौपचारिक रूप से स्वीकार किया गया और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त।

### अनौपचारिक रूप से स्वीकार करने वाले देश

**नेपाल में रुपया की मान्यता :** भारत और नेपाल के बीच सामाजिक संबंध हैं। भारतीयों की संख्या अधिक होने से 100 रुपये तक के नोट स्वीकार हैं।

**भूटान में रुपये की उपयोगिता :** भूटान की मुद्रा नगुलत्रुम भारतीय रुपये के बराबर है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक साझेदारी से 100 रुपये तक के नोट उपयोग हैं। भूटान में रुपया पर्यटन और व्यापार में सहायक है।

**बांग्लादेश में रुपये का सीमित प्रयोग :** भारत से सटे बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और चिकित्सा कारणों से भारतीय मुद्रा का अनौपचारिक प्रयोग होता है। स्थानीय दुकानों में 50 और 100 रुपये के नोटों को स्वीकार किया जा सकता है।



### मालदीव में पर्यटक करते हैं उपयोग

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। होटल, रिसॉर्ट और कुछ स्थानीय दुकानों में भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह कानूनी नहीं है। विदेशी मुद्रा में भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

संबंधित देश की मुद्रा नीति की जानकारी लें।

आईबीआई की वेबसाइट या वित्तीय सलाहकार से मार्गदर्शन लें।

कुछ देशों में केवल छोटे मूल्य के नोट ही मान्य होते हैं।

मुद्रा विनिमय दरों की जांच करें।

### कितनी राशि ले जाने की अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, नेपाल और भूटान को छोड़कर आप विदेश यात्रा में अधिकतम 25,000 रुपये ही साथ ले जा सकते हैं। इससे अधिक राशि ले जाना अवैध माना जाता है। वहीं नेपाल में अब 4 .25 लाख रुपये लेकर भारतीय पर्यटक जा सकते हैं। नेपाल सरकार ने अपने आर्थिक बजट में इसे शामिल किया है। नेपाल के अर्थ मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने यह प्रावधान रखा, जिसमें अब भारतीय पर्यटक 4 .25 लाख नकद लेकर नेपाल में प्रवेश कर सकेंगे।

### रुपया यहां कानूनी मुद्रा

जिंबाब्वे में 2009 से अपनी अस्थिर मुद्रा के स्थान पर कई विदेशी मुद्राओं को कानूनी दर्जा दिया गया। अमेरिकी डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड के साथ भारतीय रुपया भी कानूनी रूप से मान्य है। इसका उपयोग व्यापार और रोजमर्रा की खरीदारी में होता है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख ने सीमा पर की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू के परगवाल सेक्टर के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और ऑपरेशन सिंदूर में पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना की। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैनिकों की सराहना की। उन्होंने उभरती सुरक्षा गतिशीलता के जवाब में चुस्त और सतर्क रहने के महत्व पर जोर दिया।

### मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के तीन काडर और प्रतिबंधित कंगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### इंडोनेशिया में खदान ढहने से अब तक 14 की मौत

**सिरेबोन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार देर रात को तीन और शव बरामद किए गए तथा एक अन्य कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई जिससे मरने वालों की संख्या 14 हो गई।

### बलूच हमले में पाकिस्तानी अधिकारी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में बलूच चरमपंथियों के हमले में पाकिस्तान सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के चरमपंथियों ने शुक्रवार देर रात खुजदार जिले के सोराब शहर पर हमला कर उस पर कुछ समय के लिए कब्जा कर लिया और कई संपत्तियों को आग के हवाले किया तथा एक बैंक को लूट लिया।

# चीन के आसन्न खतरे के खिलाफ हिंद प्रशांत सहयोगियों के साथ अमेरिका

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- चीन के बढ़ते दबाव को झेल रहे देशों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

- पीट हेगसेथ बोले- अमेरिका के सहयोगी देशों को भी बढ़ाना चाहिए अपना रक्षा खर्च
- अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था करेगा मजबूत ताकि ताइवान के प्रति चीन के रुख का कर सके मुकाबला

**सिंगापुर, एजेंसी**

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा, लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है।

सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।




### वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में हेगसेथ ने रखे विचार

हेगसेथ ने 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज' की ओर से आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह ''इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है।'' हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं।

### सभी को देना होगा योगदान, अमेरिका अकेले आगे बढ़ने की रूचि नहीं रखाता

हेगसेथ ने कहा कि हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया। हेगसेथ ने गया कि अगर हिंद-प्रशांत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है तो अमेरिका ने उन संसाधनों को वहां से क्यों हटाया। हेगसेथ ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि यमन से किए गए हूती मिसाइल हमलों से बचाव और अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधनों का स्थानांतरण आवश्यक था। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों और साझेदारों द्वारा अपने रक्षा खर्च और तैयारियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अमेरिका अकेले आगे बढ़ने में रुचि नहीं रखता।

# कोलंबिया ने बयान लिया वापस भारतीय नीति का किया समर्थन

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई क्षति पर व्यक्त की थी संवेदना

**बोगोटा, एजेंसी**

कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस ले लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लेने की पुष्टि की। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं। कोलंबिया से प्रतिनिधिमंडल ब्राजील जाएगा। यह पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा।



बोगोटा में कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ शशि थरूर और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ इथोपिया

**अदीस अबाबा।** इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राकंपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था। इथोपिया में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, इथोपिया में प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉस्पेरिटी पार्टी के उपाध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की।

### लातविया ने आतंकवाद के प्रति विरोध जताया

**रीगा।** लातविया पहुंचे भारतीय दल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन से मुलाकात की। विलम्सन ने आतंकवाद के सभी प्रकारों के प्रति लातविया के स्पष्ट विरोध को दोहराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक संपर्क के हिस्से के रूप में लातविया की राजधानी का दौरा कर रहा है। रीगा में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सीमा पार आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने पर भारत के एकजुट रुख को पेश करते हुए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन और राजदूत एंड्रेज पिल्डेगोविक्स से मुलाकात की।

# परमाणु के लिए यूरेनियम के भंडार में वृद्धि कर रहा ईरान

- आईएईए ने ईरान से अपने रुख में बदलाव और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा

**वियना, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है।

आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है।

## रूसी हमले में एक बच्ची की मौत, एक व्यक्ति घायल

**कीव।** यूक्रेन के अग्रिम क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले में एक बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शनिवार यूक्रेन में 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट किया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे।

जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एर गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है। फेडोरोव ने टेलीग्राम पर लिखा, एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया। मॉस्को ने हालिया हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने बताया कि शनिवार को रूस के रिल्स्क शहर और पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के आर्टाकोवो गांव में इमारतों पर यूक्रेनी ड्रोन से किये गये हमले में 14 लोग घायल हो गए।

# हार्वर्ड आने वाले आवेदकों की जांच करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी संघीय अधिकारी हार्वर्ड विवि में पढ़ने, काम करने या वहां जाने की योजना बनाने वाले वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उनका रुख यहूदी विरोधी तो नहीं है।

शुक्रवार को भेजे गए विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित संदेश में विश्वविद्यालय पर हिंसा और परिसर में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया है। यह पत्र 'एसोसिएटेड प्रेस' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि इस कदम से वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को उन आवेदनों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनका रिकॉर्ड संबंधित अपराधों में संलिप्त होने का रहा हो और अमेरिकी आव्रजन कानून के तहत उनकी वीजा पात्रता पर उचित विचार किया जा सकेगा। यह जांच तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है और अमेरिकी दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों को पत्र भेज दिया गया है।



गोपनीय पत्र के अनुसार, इसे प्रायोगिक व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा जिसे और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित किया जा सकता है। इस पर हार्वर्ड की प्रतिक्रिया के लिए ईमेल किया गया लेकिन फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।

### कर्मियों को नौकरी से निकालने के ट्रंप के आदेश पर रोक कायम

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कैलिफोर्निया के न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को मना कर दिया, जिसमें संघीय कार्यबल में कटौती के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के आदेश पर रोक लगी थी। इसका मलतब है कि सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) की सिफारिश वाली श्रमबल कटौती फिलहाल स्थगित रहेगी। रिपब्लिकन प्रशासन ने सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित कई शहरों एवं श्रमिक संघों द्वारा दायर मुकदमे में सैन फ्रांसिस्को के न्यायाधीश सुसान इलस्टन द्वारा जारी आदेश पर तुरंत रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में सवाल उठाया कि क्या ट्रंप प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्रयास वैधानिक रूप से सही है।

# भारत-पाकिस्तान में संभावित परमाणु युद्ध को व्यापार के जरिए रोकना गर्व की बात

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस 'सौदे' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं में व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव से संघर्ष रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को



- भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया है खारिज

कहा कि मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।

ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा होता जा रहा था। यह बहुत खराब होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद 'जॉइंट बेस एंड्रयूज' में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया है।

## अंतरिक्ष की यात्रा

गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाएंगे भारतीय, नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

# चांद के साथ अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए यह नवीनतम जानकारी साक्षा की। एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों




का सटीक प्रक्षेपण है। इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी कक्षा में पेलोड को प्रक्षेपित किया। अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। टीएसएटी-1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात् चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 20) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा में काम करना जारी रखा।

### पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में है मौजूद

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी – सी 3 का ऊपरी चरण 2001 में टूट गया था, जिससे 371 टुकड़े हुए थे और वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। 2024 के अंत तक पीएसएलवी – सी 3 का मलबा कक्षा में ही है। 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुन :प्रवेश हुए। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया– मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी –एफ 12 और जीएसएलवी– एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन : प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन : प्रवेश कर चुके हैं।